सुप्रभात
रांची, शनिवार
10.04.2021
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

www.dailykhabarmantra.com | चैत्र कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी संवत 2077 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 8 । अंक : 260

08 पानी की हर बूंद बचानी होगी वर्तमान समय में

झारखंड सरकार अलर्ट, 12 आइएएस नोडल पदाधिकारी बनाये गये

कोरोना बेकाबू, कई डॉक्टर भी संक्रमित, सदर ओपीडी बंद

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, लोग लापरवाही नहीं बरतें।

टेस्टिंग, ट्रैकिंग ट्रीटमेंट और टीका पर सरकार का विशेष जोर

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पूरे देश समेत झारखंड में भी कोरोना संकट गहराता जा रहा है। झारखंड सचिवालय के भी अनके अधिकारी और कर्मचारी संक्रमित हो गये हैं। इससे वहां दहशत है। कामकाज भी प्रभावित हो गया है। शुक्रवार को सदर अस्पताल के सात डॉक्टर और कोविड जांच करनेवाले पांच कर्मी कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। सभी कर्मचारियों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद तत्काल ओपीडी सेवा बंद कर दी गयी है। ओपीडी को सैनिटाइज किया जा रहा है। इसबीच झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यदि लोग सावधानी नहीं बरतते और कोरोना का प्रकोप इसी तरह बढ़ता रहा तो सरकार और सख्त कदम उठा सकती है। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी संपूर्ण लॉकडाउन की स्थिति नहीं है। राज्य में बढ़ते संक्रमण को देखते हुए सरकार टेस्टिंग, ट्रैकिंग, ट्रीटमेंट, वैक्सीनेशन पर बिशेष जोर दे रही है। इसके लिए 12 आइएएस अधिकारियों का जिलेवार नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इन्हें कोराना की रोकथाम के लिए किये जानेवाले उपाय पर नजर रखने को तैनात नियुक्त किया है। इन पदाधिकारियों को जिला आवंटित किया गया है। इस संबंध में गृह कार्य में आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। ये अधिकारी है अजय कुमार सिंह, वंदना डाडेल, हिमानी पांडेय, आराधना पटनायक, राहुल शर्मा, विनय कुमार चौबे, सुनील कुमार, पूजा सिंघल, राजेश शर्मा, अबु बकर सिद्दिकी पी, प्रवीण कुमार टोप्पो और प्रशांत कुमार।



सरकार कड़े कदम से नहीं हिचकेगी : बन्ना

गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री स्पष्ट किया है कि फिलहाल झारखंड में संपूर्ण लॉकडाउन की स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों की लापरवाही के कारण संक्रमण में अचानक तेजी आयी है।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्चस्तरीय बैठक में सपष्ट कह दिया है कि अगर लोग आगे भी लापरवाही बरतेंगे और संक्रमण के प्रसार पर रोक लगाने में सहयोग नहीं करेंगे तो राज्यहित में कड़े फैसले लेने से राज्य सरकार पीछे नहीं हटेगी। ऐसे में लॉकडाउन की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए लोग सरकार और प्रशासन का सहयोग करें। केंद्र और राज्य सरकार कोरोना को लेकर हर बिंदु पर नजर रख रही है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि लिए राज्य सरकार पूरी तरह तैयार है, माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाने में सरकार लगी हुई है, नयी व्यवस्था को लागू किया जा रहा है।

सदर अस्पताल के सात डॉक्टर संक्रमित

शुक्रवार को सदर अस्पताल के सात डॉक्टर और कोविड जांच करनेवाले पांच कर्मी कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। सभी कर्मचारियों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद तत्काल ओपीडी सेवा बंद कर दी गयी है। ओपीडी को सैनिटाइज किया जा रहा है। इधर, सभी संक्रमितों को इलाज के लिए आइसोलेशन में रखा गया है। वहीं, कांटेक्ट ट्रेसिंग कर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि ये लोग हाल के दिनों में कितने लोगों के संपर्क में थे। सदर अस्पताल के कर्मचारियों की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों का केवल इमरजेंसी में इलाज कराने का फैसला लिया है। सदर अस्पताल परिसर में कोरोना जांच करानेवालों की भीड़ लगी रहती थी। अब पूरे परिसर को सेनाटाइज किया जा रहा है।

सचिवालय में कोरोना का कहर

कोरोना के दूसरी लहर से झारखंड सचिवालय संक्रमित हो गया है। कर्मियों में दहशत फैल गयी है। कामकाज भी प्रभावित हो गया है। जानकारी के अनुसार सौ से अधिक अधिकारी-कर्मी कोरोना से संक्रमित हैं या संदिग्ध हैं। सबसे अधिक कोरोना मरीजों की संख्या राजस्व भूमि सुधार विभाग में पायी गयी है। अभी शत-प्रतिशत उपस्थिति में हो काम हो रहा है। स्थिति बिगड़ी तो सरकार कोई निर्णय ले सकती है।

24 घंटें में राज्य में 17 कोरोना मरीजों की मौत

झारखंड में शुक्रवार को 17 कोरोना मरीजों की मौत हो गयी। कुल 1925 नये मरीज मिले हैं। इनमें रांची के 754 हैं। पूर्वी सिंहभूम में 256, धनबाद में 94, दुमका में 70 तथा बोकारो व खूंटी में 61-61 नये मरीज मिले। मरने वाले मरीजों में रांची के आठ पूर्वी सिंहभूम के तीन, धनबाद के तीन व पलामू चतरा गुमला साहिबगंज के एक मरीज शामिल हैं।

(पेज 3 भी देखें)

बिहार में स्कूल-कॉलेज बंद

बिहार में कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आंकड़े भयावह होते जा रहे हैं। 215 दिन बाद गुरुवार को बिहार में कोरोना के सबसे अधिक 1911 नये केस मिले जिसके बाद से चिंता और बढ़ गयी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार शाम यह घोषणा की। सभी शैक्षणिक संस्थाओं को 12 अप्रैल तक बंद करने के अलावा और कई तरह की बंदिशें बीते हफ्ते से ही लागू है।

मुंबई में कोरोना के 9,200 नये मामले, 35 की मौत

देश में कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। महाराष्ट्र में गुरुवार को 56,286 नये केस मिले। इस दौरान 376 लोगों की मौत हो गयी। दिल्ली में भी 7,437 नए केस आये, जो इस साल एक दिन में संक्रमण के अब तक के सबसे अधिक मामले हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु. गुजरात, केरल और पंजाब इन 10 राज्यों में कोविड के नए मामलों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है।

न्यूज डायरी

क्वीन एलिजाबेथ के पति प्रिंस फिलिप का निधन



लंदन। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ-2 के पति प्रिंस फिलिप (99) का शुक्रवार को निधन हो गया। हाल ही में उनकी हार्ट सर्जरी हुई थी। इन्फेक्शन के बाद उन्हें किंग एडवर्ड हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। यहां 28 दिन रहने के बाद 16 मार्च 2021 को उन्हें डिस्चार्ज किया गया था। प्रिंस फिलिप ने जनवरी में क्वीन के साथ कोरोना वैक्सीन लगवायी थी।

रोहित शर्मा के खिलाफ पहली जंग जीते कोहली

चेन्नई। विराट कोहली की बेंगलुरु ने आइपीएल के पहले मैच में रोहित शर्मा के नेतृत्ववाली मुंबई को दो विकेट से हरा दिया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20.0 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाये थे। जवाब में बेंगलुरु की टीम ने 20.0 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाये। हर्षल पटेल मैन ऑफ द मैच रहे।

कोरोना की जगह एंटी रेबिज का टीका दे दिया

लखनऊ। एक तरफ यूपी में कोरोना संक्रमितों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है, तो दूसरी ओर स्वास्थ्य कर्मियों की ऐसी लापरवाही सामने आ रही है। ऐसा ही एक मामला आया है शामली स्थित कांधला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से। यहां कोरोना का टीका लेने आयी तीन महिलाओं को स्वास्थ्यकर्मियों ने एंटी रैबीज का टीका दे दिया।

ऑटो पलटने से दो की मौत, 8 घायल

रांची। ओरमांझी थाना क्षेत्र में एक ऑटो के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि आठ से लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतकों में एक की पहचान हिंदपीढ़ी निवासी जब्बार अंसारी के रूप में हुई है।

सहारा के सुब्रत रॉय कोरोना पॉजिटिव

नयी दिल्ली। सहारा समूह के अध्यक्ष सुब्रत रॉय सहारा कोरोना से संक्रमित हो गये हैं। श्री रॉय ने सभी से सुरक्षित रहने और अपने आसपास के लोगों का ध्यान रखने की अपील की है। विज्ञप्ति के बताया गया कि रॉय, जो सहारा इंडिया परिवार के प्रबंध कार्यकर्ता और अध्यक्ष हैं, कोरोना वायरस से संक्रमित हैं।

मेरी हत्या की साजिश हो रही है : ममता बनर्जी

कोलकाता। बंगाल विधानसभा चुनाव की राह किसी भी पार्टी के लिए आसान नहीं हैं। चौथे चरण के चुनाव के पहले टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी को मौत का डर सताने लगा हैं। पूर्वी बर्दवान के मेमारी में जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर हमला बोला। ममता ने कहा, चुनाव शुरू होने से पहले मेरे पैर को चोटिल कर दिया गया वहीं अब मेरी हत्या की साजिश भी रची जा रही है।

झारखंड की युवती दिल्ली से मुक्त, सीएम ने जताया आभार, कहा

बच्ची के पुनर्वास का प्रबंध करें अधिकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड पुलिस को दिल्ली महिला आयोग से संपर्क कर दिल्ली के करोल बाग से रेस्क्यू की गयी झारखंड की नाबालिग बच्ची की सकुशल वापसी पर प्रसन्नता जतायी है। सीएम श्री सोरेन ने पुनर्वास हेतु संबंधित विभाग के साथ उचित कार्रवाई करते हुए उन्हें सूचित करने का निर्देश दिया है। सीएम ने रेस्क्यू के लिए दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा स्वाति मलिवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

क्या है मामला: दरअसल, सीएम को बताया गया कि दिल्ली महिला आयोग की टीम ने गुमला पालकोट की रहनेवाली एक नाबालिग लड़की को दिल्ली महिला आयोग की टीम ने दिल्ली के करोल बाग स्थित चन्ना मार्केट से रेस्क्यू करवाया है। आयोग की टीम ने लड़की को एक घर से बरामद करने के बाद चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सामने पेश किया। फिलहाल बरामद लड़की को शेल्टर होम में रखवाया गया है। बच्ची से वहां नौकरानी के रूप में काम कराया जाता था।



महागठबंधन की जीत सुनिश्चित: हेमंत

रांची। मधुपुर उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। सीएम हेमंत सोरेन 9 से 14 अप्रैल तक महागठबंधन प्रत्याशी हफीजुल हसन के पक्ष में चुनावी सभा करेंगे। शुक्रवार को वह मधुपुर पहुंचे। हेमंत सोरेन ने मार्गो मुंडा में चुनावी सभा को संबोधित किया और कहा कि मधुपुर से मागठबंधन की जीत तय है। हेलीकॉप्टर से मार्गो मुंडा पहुंचे सीएम का कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। सभा में उन्होंने महागठबंधन प्रत्याशी हफीजुल हसन के पक्ष में में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के सभी नेता और कार्यकर्ता एकजुट होकर जीत सुनिश्चित करें। भाजपा पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों को बांटती है, इसलिए इस पर ध्यान नहीं देना है।

उत्कर्ष गुप्ता बने रांची के एसडीओ

रांची । झारखंड में दो आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने जारी कर दी है। साल 2017 बैच के अधिकारी उत्कर्ष गुप्ता बुण्डू से ट्रांसफर करते हुए रांची का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं, रांची एसडीओ के पद पर पदस्थापित समीरा एस को बुंडू का एसडीओ बनाया गया है।

बुरहान के भाई समेत घाटी में 7 आतंकी ढेर

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के शोपियां और कुपवाड़ा जिलों में शुक्रवार सुबह अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों ने अंसार गजवात उल हिंद (एजीयूएच) के प्रमुख इम्तियाज शाह समेत सात आतंकवादियों को मार गिराया। मुठभेड़ में तीन जवान भी घायल हो गये। इस बीच, किसी भी तरह की अफवाहों के फैलने से रोकने के लिए एहतियातन शोपियां और पुलवामा में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया गया है। सेना के मुताबिक त्राल मुठभेड़ में मारा गया इम्तियाज शाह, बुरहान वानी का चचेरा भाई था। शोपियां मुठभेड़ में पांच आतंकवादियों को मार गिराया गया।

सिविल सर्जन में इंसानियत की भावना नहीं

टेस्टिंग में लापरवाही पर कोर्ट खफा, कहा-इस्तीफा क्यों नहीं दे देते

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को रांची के सिविल सर्जन को कड़ी फटकार लगायी। अदालत ने कहा कि उनके अंदर इंसानियत और मानवीय संवेदना की भावना खत्म हो गयी है। उनमें कोई शर्म नहीं बची है। कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर वह काम नहीं कर पा रहे हैं, तो इस्तीफा देकर घर क्यों नहीं चले जाते हैं। कोर्ट की नाराजगी कोरोना सैंपल टेस्टिंग में लापरवाही को देखते हुए एक पीआइएल पर सिविल सर्जन के जवाब से थी। इस मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी। कोर्ट ने अगली सुनवाई के दिन स्वास्थ्य सचिव, रिम्स निदेशक और सिविल सर्जन को वीडियो



कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन और जस्टिस एसएन प्रसाद की डबल बेंच ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हाइकोर्ट से जुड़े लोगों का सैंपल पिछले 4 दिनों से जांच के लिए नहीं भेजा जा रहा है। पांच अप्रैल को सैंपल लिया गया था, अब तक उसकी जांच नहीं हुई। अदालत ने सिविल सर्जन से पूछा कि सैंपल रख कर क्या कर रहे हैं। अदालत ने कहा कि हाईकोर्ट से जुड़े लोगों के साथ ऐसा सुलूक है, तो सिविल सर्जन आम लोगों के साथ कैसा व्यवहार कर रहे होंगे। अदालत ने सुनवाई के दौरान उपस्थित राज्य के स्वास्थ्य सचिव को मौजूदा स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि सिविल सर्जन की लापरवाही के चलते सारे सैंपल सड़ रहे हैं। 80 प्रतिशत सैंपल की जांच नहीं हुई है। इस तरह का रवैया लोगों के लिए जानलेवा हो सकता है। कोर्ट ने सभी बिंदुओं पर सिविल सर्जन से विस्तृत शपथ पत्र के माध्यम से जवाब देने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई के लिए सोमवार की तिथि निर्धारित की गयी है। राज्य सरकार की तरफ से महाधिवक्ता और रिम्स की तरफ से अधिवक्ता आकाशदीप ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा।

सचिवालय में कोरोना का कहर : 100 से अधिक संक्रमित, 100 बीमार संदिग्ध !

एक नजर में

अनंत कुमार झा बने गोपीकांदर के बीडीओ

रांची। ग्रामीण विकास विभाग ने पदस्थापन की प्रतीक्षा में झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनंत कुमार झा को गोपीकांदर, दुमका का प्रखंड विकास पदाधिकारी बनाया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

24 निकायों के आश्रयगृहों लिए 93 लाख जारी

रांची। नगर विकास विभाग ने राज्य के 24 नगर निकायों के आश्रयगृहों के लिए 93 लाख रुपये जारी किए हैं। धनबाद निगम के तीन, चिरकुंडा-1, गिरिडीह-1, हजारीबाग-1, झुमरीतिलैया-1, चार-2, फुसरो 2, चतरा में 1, रामगढ़ में 1, देवघर 2, मधुपुर में 1,गोड्डा में 1, मेदिनीनगर में 1 और गढ़वा में 2 नगर निकायों के आश्रयगृहों में मौलिक सुविधाएं पहुंचायी जायेगी।

धनबाद में कोविड टीका हेल्पलाइन नंबर जारी



धनबाद। धनबाद जिला प्रशासन ने टीका लगने के बाद लोगों को हो रही परेशानी के निवारण के लिए हेल्पलाइन नंार जारी किया है। टीका लेने के बाद किसी तरह की समस्या हो तो टोल फ्री नंबर 9 6 0 8 2 6 4 8 2 1 पर इसकी जानकारी दे सकते हैं।

पर्यटन और खान विभाग में एक-एक मौतें

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कोरोना की दूसरी लहर से झारखंड सचिवालय पूरी तरह संक्रमित हो गया है। जिससे सचिवालय के अधिकारी और कर्मियों में दहशत फैल गयी है। कामकाज भी प्रभावित हो गया है। जानकारी के अनुसार अब तक लगभग 200 से अधिक अधिकारी और कर्मी कोरोना से संक्रमित हैं या संदिग्ध हैं। इनमें लोग संक्रमित पाये गये हैं वहीं, 100 से अधिक वैसे लोग भी है जिनकी जांच या तो अभी तक नहीं हुई है या रिपोर्ट नहीं आयी पर वे भी बुरी तरह से बीमार हैं। कई अधिकारी और कर्मियों के पूरे के पूरे परिवार भी कोरोना संक्रमित पाये जा रहे हैं। कोरोना की दूसरी लहर के प्रकोप से सचिवालय के दो अधिकारियों की मौत भी हो चुकी है। सचिवालय के लगभग सभी विभागों में कोरोना पॉजिटिव पाये जा रहे हैं। ये मरीज या तो किसी अस्पताल में भर्ती किए गये हैं अथवा होम आइसोलेशन में अपना इलाज करा रहे हैं। सर्दी-बुखार के लक्षण पाये जाने के बाद जांच करायी जा रही है। सचिवालय में सबसे अधिक कोरोना मरीजों की संख्या राजस्व भूमि सुधार विभाग में पायी गयी है।



विभागों में कोरोना संक्रमितों की संख्या और संदिग्ध

विभाग	कन्फर्म	संदिग्ध बीमार	विभाग	कन्फर्म	संदिग्ध बीमार	विभाग	कन्फर्म	संदिग्ध बीमार
जल संसाधन	07	05	सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस	02	0	उर्जा	0	01
कृषि	01	06	पर्यटन	02	0	मंत्रिमंडल	1	03
उद्योग	02	05	कार्मिक	02	0	गृह,कारा	05	02
स्वास्थ्य	07	0	खाद्य आपूर्ति विभाग	02	0	राजस्व, निबंधन	10	8
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा	09	08	विभाग	कन्फर्म	संदिग्ध बीमार	भवन निर्माण	0	0
पेयजल	09	08	पथ निर्माण	02	0	महिला बाल विकास विभाग	05	03
वन	04	0	नगर विकास	01	0	मंत्रिमंडल निर्वाचन	01	04
श्रम विभाग	01	05	परिवहन	01	02	सूचना-जनसंपर्क	08	01
ग्रामीण विकास	01	11	वाणिज्य कर	0	0	उत्पाद एवं मद्य निषेध	04	05
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	01	02	कल्याण	0	02	राज्य निर्वाचन	01	06
			विधि	0	0	कुल मामले	101	100

प्रोजेक्ट भवन में हुआ टीकाकरण : प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में टीकाकरण किया गया। सचिवालय में 9.30 बजे सुबह से ही कर्मियों ने लाइन लगा दी थी, लेकिन देरी से वैक्सीन आने के कारण उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ा। टीकाकरण अभियान शाम तक चला। जिसमें सैकड़ों कर्मियों ने टीका लिया।

सचिवालय में अभी शत-प्रतिशत उपस्थिति में हो रहा काम

झारखंड सचिवालय प्रोजेक्ट भवन सचिवालय व नेपाल हाउस सहित अन्य संलग्न कार्यालय में फिलहाल शत-प्रतिशत संख्या बल के साथ कामकाज चल रहा है। पिछले साल जब पहली बार कोरोना संक्रमण शुरू हुआ था, सरकार ने रोस्टर व्यवस्था के साथ काम प्रारंभ किया था। पहले कुल संख्या बल के 33 फीसदी बाद में इसे बढ़ाकर 50 फीसदी किया गया। तीन-चार माह पहले 100 फीसदी उपस्थिति की गयी थी, पर कर्मियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति का असर दिखने लगा, साथ-साथ लापरवाही भी बढ़ी। पहले लगातार सैनिटाइजेशन भी हो रहा था पर अब इसमें भी लापरवाही देखी जा रही है। जिस वजह से कोरोना संक्रमण भी बढ़ रहा है।

सचिवालय में रोस्टर व्यवस्था लागू हो रांची में लगे लॉकडाउन: पिकेश कुमार

सचिवालय सेवा संघ ने मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को सौंपा ज्ञापन

रांची। झारखंड सचिवालय सेवा संघ ने सचिवालय में कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप पर चिंता जतायी है। संघ के अध्यक्ष विवेक आनंद बास्के व महासचिव पिकेश कुमार सिंह ने राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को कोरोना महामारी के प्रसार को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई करने संबंधी ज्ञापन भी सौंपा है। महासचिव पिकेश कुमार सिंह ने सचिवालय में लगातार कोरोना संक्रमण के मामले निकल रहे हैं, जिस वजह से कर्मचारियों में भय का माहौल है। ऐसी परिस्थिति में सरकार को अविलंब सचिवालय में साप्ताहिक रोष्टर व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। सरकार से मांग की गयी कि यदि संभव हो तो 10-15 दिनों का लॉकडाउन रांची क्षेत्र के लिए लगाना चाहिए। सभी कर्मियों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के साथ-साथ इलाज के लिए अस्पतालों में बेड भी उपलब्ध कराना चाहिए। सचिवालय परिसर की साफ-सफाई व सैनीटाइजेशन का काम भी होना चाहिए।

उपचुनाव में प्रशासन की शिकायत लेकर चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

रांची। भाजपा का तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मुख्य चुनाव पदाधिकारी के रवि कुमार से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि मधुपुर उपचुनाव में जिला प्रशासन के पदाधिकारी पूरे विधानसभा क्षेत्र से भाजपा का झंडा, बैनर जबरन हटा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र से झामुमो के एक भी कार्यकर्ता या समर्थक के घर से झंडा नहीं उतारा जा रहा है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने यह मांग की कि निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो। प्रतिनिधिमंडल की शिकायत प्राप्त होने पर मुख्य चुनाव पदाधिकारी के रवि कुमार ने तत्काल देवघर एसडीओ को फोन लगाकर मामले की छानबीन करने का निर्देश दिया। प्रतिनिधिमंडल में गंगोत्री कुजूर, सुबोध सिंह गुड्डू और सुधीर श्रीवास्तव शामिल थे।

2700 किमी ग्रामीण सड़क बनी, परिवहन हुआ आसान

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में प्रधानमंत्री ग्राम्य सड़क योजना से वित्त वर्ष 2020-21 की समाप्ति तक 1365 किमी तक सड़क निर्माण करा दिया गया। वहीं, राज्य संपोषित योजना से 1401 किमी सड़क का निर्माण पूर्ण किया गया। ग्रामीण कार्य विभाग ने पीएमजीएसवाई और राज्य संपोषित योजना को मिलाकर 3000 किमी सड़क निर्माण का लक्ष्य रखा था, जिसके विरुद्ध 2700 किमी सड़क बना दी गयी। सड़कों के बनने से ग्रामीण परिहवन व्यवस्था दुरुस्त हुई। अभियंताओं के मुताबिक वित्त वर्ष 2020-21 में गांव-टोलों के अलावा स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, बस पड़ाव सहित अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच के लिए रोड बनाने का निर्णय लिया गया था। अधिकांश सड़क पीएमजीएसवाई से इन्हीं क्षेत्रों में बनायी गयी हैं। इंजीनियरों ने बताया कि पीएमजीएसवाई योजना से करीब 934 करोड़ रुपये खर्च कर 366 योजनाएं पूर्ण की गयीं, जिसमें 1365 किमी रोड के निर्माण का काम पूरा किया गया।

वहीं, राज्य संपोषित योजना से लगभग 266 करेड़ का व्यय करते हुए 397 योजनाओं, जिनकी लंबाई 1401 किमी है पूर्ण की गयी। यह प्रयास किया जा रहा है कि इस वित्तीय वर्ष अधिकांश पूर्व की योजना पूर्ण कर दी जाये,ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाया जा सके।

कोविड-19 रोधी गाइडलाइन का अनुपालन करें बस एजेंट

क्षेत्रीय विकास प्राधिकार को परिवहन सचिव ने पत्र लिखा

बस पड़ाव में पर्याप्त व्यवस्था का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। परिवहन सचिव के. रविकुमार ने राज्य के सभी बस पड़ाव में कोविड-19 की गाइडलाइन के अनुपालन का निर्देश दिया है। सभी क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार को इस संबंध में पत्र लिखा है। परिवहन सचिव ने जमशेदपुर बस पड़ाव के बाद गुरुवार को रांची स्थित बस स्टैंड का भी निरीक्षण किया था। जिसके बाद यह पाया गया कि कोविड-19 के गाइडलाइन का अनुपालन नहीं हो रहा है। बस स्टैंड में सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क लगाने व सैनिटाइजेशन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। सचिव ने इसे गंभीरता से लिया और कोविड-19 की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने को कहा है।

सभी बस एजेंट लाइसेंस लें लें : सच्चिदानंद सिंह

झारखंड प्रदेश बस ऑनर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह ने राज्यभर के बस एजेंटो से अविलंब एजेंटी करने के लिए सक्षम प्राधिकार से लाइसेंस प्राप्त कर लेने का अनुरोध किया है। सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि सरकार का निर्देश आया है कि सभी बस पड़ाव में अंदर व बाहर कार्य कर रहे एजेंटो को मोटर वेहिकल एक्ट के धारा 193 के अनुरूप लाइसेंस लेना है। ऐसे में एजेंटी करने के लिए आरटीए से लाइसेंस लेना होगा। उन्होंने बस पड़ाव में कोविड–19 के गाइडलाइन का अनुपालन भी करने का आग्रह किया है।

मधुपुर चुनाव को लेकर कांग्रेस सोशल मीडिया की हुई बैठक

लोगों में भ्रम फैला रही भाजपा : गजेंद्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कांग्रेस सोशल मीडिया के स्टेट को-ऑर्डिनेटर गजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को संथाल के सभी जिला को-ऑर्डिनेटर की जूम एप के माध्यम से एक मीटिंग हुई। मीटिंग में मुख्य रूप से मधुपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई। भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे उस भ्रामक एजेंडा को लेकर चर्चा की गयी, जिसमें बीजेपी ने इस उपचुनाव के बाद राज्य में सरकार गठन की बात कही है।

स्टेट को-ऑर्डिनेटर श्री सिंह ने कहा कि भाजपा लोगों में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। मधुपुर उपचुनाव में बीजेपी की हार निश्चित है। इसलिए इस तरह के भ्रम फैलाएं जा रहे हैं। अपनी हार को सामने देख भाजपा बौखला गई है। राज्य में बीजेपी के द्वारा सरकार गठन की बात सरासर भ्रामक है।

वहीं मीटिंग में सभी जिला को-ऑर्डिनेटर को निर्देश दिया गया कि मधुपुर उपचुनाव में महागठबंधन के प्रत्याशी हफीजुल हसन के पक्ष में सोशल मीडिया में गतिबिधियों को तेज करना है।

रांची जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया

रांची। कोविड-19 संबंधी जानकारी के लिए रांची जिला प्रशासन ने हेलपलाइन नंबर जारी किया है। कोविड कंट्रोल रूम से संपर्क करने के लिए 0 6 5 1–2 2 0 0 0 0 8 और कोविड एंबुलेंस के लिए 0 6 5 1–2 2 0 0 0 0 9 पर संपर्क करने को कहा गया है।

बारिश की संभावना, दिन के तापमान में आयेगी गिरावट

रांची। मौसम विभाग ने आज रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, चतरा, गढ़वा, पलामू समेत कई जिलों में बारिश होने की संभावना जतायी है। मौसम विभाग ने येल्लो अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सावधान रहने को कहा है। वहीं अगले 24 घंटों में दिन में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की भी संभावना है। इससे दिन के तापमान में कमी आयेगी। जबकि रात के तापमान में बहुत अधिक बदलाव की कोई संभावना नहीं है।

किसी करिश्माई छवि के बिना झारखंड कांग्रेस बैशाखी बन कर सत्ता से कब तक रहेगी बेदखल

सत्येन्द्र

रांची। अविभाजित बिहार से अलग होकर झारखंड को राज्य बने लगभग 20 वर्ष पूरे हो चुके है। इसके बावजूद झारखंड में कांग्रेस अपने बलबूते मुकाम हासिल नहीं कर पायी है। झारखंड में हुए अबतक के चुनाव में कांग्रेस सिर्फ अन्य दलों की बैशाखी बनकर रह गई है। हर बार के चुनाव में नए पार्टनर के साथ चुनावी मैदान में उतरती है और कुछ सीटे हासिल कर अपने आप को कामयाब मानती है। सवाल यह उठता है कि कांग्रेस के अंदर खींचतान कब खत्म होगी और आखिर कब एक करिश्माई चेहरे की तलाश पूरी हो पाएगी। जो संगठन और अपने बलपर झारखंड में पार्टी को खड़ा कर सके।



राजनीति जानकारों की माने तो झारखंड में कांग्रेस अब तक अपनी जमीन नहीं तलाश पा रही है। राज्य में अब तक 4 विधानसभा चुनाव हुए हैं लेकिन कभी भी कांग्रेस को सत्ता की कमान नहीं मिली। हालांकि कांग्रेस बैशाखी बनकर दूसरे दलों के जरिए सत्ता के करीब जरूर रही है। राज्य में हुए पहले लोकसभा चुनाव के अलावा बाकी के तीन लोकसभा चुनावों में भी कांग्रेस का प्रदर्शन खराब रहा है। सबसे ध्यान देनेवाली बात यह भी है कि अलग राज्य बनने के बाद हर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टनर बदलती रही है। वहीं प्रदेश कांग्रेस में हर बार नेतृत्व को लेकर घमासान मचता रहता है।

राजनीतिक मामलों के जानकारों का कहना है कि झारखंड में सुबोध कांत मानते हैं कि हमारे इतना बड़ा कोई नेता नहीं है लेकिन उन्हें समझना चाहिए कि जनता के बीच उनका कितना एक्सेप्टेंस है। सुखदेव भगत को प्रदेश अध्यक्ष बनाया तो वह बीडीओगिरी से ऊपर नहीं उठे। डॉ अजय कुमार और रामेश्वर उरांव आईपीएसगिरी से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं। मास बेस बनाने के लिए पार्टी को क्या करना चाहिए इस पर किसी का भी घ्यान नहीं रहा है। ऐसे लोगों का कहना है कि हीरे को परखने का काम जौहरी करता है। इस स्थिति में झारखंड कांग्रेस संगठन को मजबूती देने के लिए कांग्रेस आलाकमान को भी जौहरी को ढूंढना होगा। यह तभी संभव होगा जब अखिल भारतीय कांग्रेस का नेतृत्व भी मजबूत हाथों होगा। कांग्रेस में उपर से नीचे तक पार्टी में आंतरिक कलह इसलिए है कि कोई अपने आप को कमतर आंकने को तैयार नहीं है।

झारखंड के चुनावों में कांग्रेस का कैसा रहा है प्रदर्शन

झारखंड में कांग्रेस के जनाधार को समझने के लिए चुनाव आयोग के आंकड़े पर नजर डालने की जउरूरत है। झारखंड में पहला विधानसभा चुनाव 2005 में हुआ था। तब कांग्रेस पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ गठबंधन कर मैदान में उतरी थी। हालांकि कांग्रेस के 41 में से सिर्फ 9 उम्मीदवार ही जीत सके और 13 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। इस चुनाव में कांग्रेस को 12.05 फीसदी वोट मिले। इसके बाद के चुनाव में कांग्रेस ने झारखंड विकास मोर्चा के साथ गठजोड़ किया और 61 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए। 2009 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 14 उम्मीदवार जीते और 22 की जमानत जब्त हो गई। हालांकि कांग्रेस का जनाधार 4 फीसदी बढ़ कर 16.16 हो गया। 2014 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने फिर अपना पार्टनर बदल लिया। इस बार कांग्रेस, राजद और जदयू का मोर्चा बना। कांग्रेस ने 62 सीटों पर उम्मीदवारे उतारे लेकिन सिर्फ 6 सीटों पर जीत मिली और 42 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। वोट फीसदी भी लुढ़क कर 10.46 तक पहुंच गया। गठबंधन का ये समीकरण फेल हुआ तो कांग्रेस ने झामुमो और राजद को एकजुट किया। 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 31 सीटों पर लड़ी और अब तक का सबसे बेहतर प्रदर्शन करते हुए 16 सीटों पर जीत हासिल की। जनाधार भी थोड़ा बढ़ा और 13.88 फीसदी पर पहुंच गया।

एसएस उच्च विद्यालय चिलदाग में 10वीं के 16 बच्चे संक्रमित



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। विद्यालय की एक शिक्षिका की कोरोना वायरस पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद प्राचार्य ने पहल करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी से कैंप लगाकर विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों की कोरोनावायरस जांच करवाने का अनुरोध किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अनगड़ा उत्तम प्रसाद ने त्वरित कार्रवाई करते जांच की व्यवस्था की। शुक्रवार को प्रथम चरण में विद्यालय में उपस्थित कक्षा 10 के 262 बच्चों में से 16 बच्चों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने से हड़कंप मच गया।

प्राचार्य अवनींद्र सिंह ने बताया कि इन बच्चों में कोरोना के कोई प्रत्यक्ष लक्षण दिखाई नहीं दे रहे थे। थर्मल स्कैनर से उनके तापमान की जांच और हैंड सैनिटाइजर किया गया था। प्रतिदिन कक्षा समाप्ति के बाद सारी कक्षाओं को सैनिटाइज किया जा रहा है। शनिवार को कक्षा 12 के बच्चों की जांच की जाएगी। ज्ञातव्य है कि विद्यालय में कुल 1640 बच्चे हैं जिसमें से कक्षा 10 और 12 के लगभग आधे बच्चे विद्यालय आ रहे हैं। इनकी बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षा एवं प्री बोर्ड परीक्षा चल रही है।

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तारीख बदली

रांची। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2021 की तिथि में परिवर्तन किया गया है। इसकी जानकारी रांची जिले के सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और विभिन्न स्कूलों के प्रबंधन को दी गई है। पत्र में कहा गया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 10 अप्रैल 2021 को निर्धारित की गई है। परीक्षा की तिथि में परिवर्तन किया गया है। यह परीक्षा अब 16 मई 2021 (रविवार) को होगी।

अमानवीय बना रहा कोरोना का डर

फ्रेंड्स कॉलोनी में शव को एंबुलेंस से नहीं उतरने दिया स्थानीय लोगों ने

- पुलिस ने हालात को भांपते हुए शव को मुक्तिधाम ले जाने को कहा
- वैसे कोरोना से मौत होने की पुष्टि नहीं हुई थी जमीन कारोवारी रणवीर की

राघव कुमार सिंह

रांची। कोराना की दूसरी लहर पूरे देश में परवान पर है। रोज-रोज मरीजों की संख्या के नये रिकॉर्ड बन रहे हैं। झारखंड में भी यही है, पिछले चार-पांच दिनों से रोज हजार के करीब या उससे अधिक मरीज रोज मिल रहे हैं। इसका असर यह है कि एक बार फिर समाज में बीमारी, मृत्यु के साथ-साथ 'भय' भी पैदा हो गया है। यह भय कई बार बीमारी एवं उसके कारण हुई मृत्यु से भी ज्यादा भयानक है और भय मनुष्य से हमेशा गलती करवाता है। अभी के इस विकट दौर में भय हमारी मनुष्यता एवं मानवीयता को हरा रहा है। भय के कारण कोई किसी की मदद के लिए साक्षात उपस्थित होने से कतराने लगे हैं।



इस भय ने हमें उस मुकाम पर पहुंचा दिया है कि हम एक दूसरे से डरने लगे हैं। एक-दूसरे को एक दूसरे के लिए बायोलॉजिकल बम के रूप में देखना और समझना शुरू कर दिये हैं। भय ने हमारे मानवीय देह शरीर को मात्र बायोलॉजिकल शरीर में अवमूल्यित कर दिया है। हम यह भी कह सकते हैं हमें बदल दिया है।

जी हां, यहां बताना यह जरूरी हो जाता है कि मैं इस तरह की बातें क्यों कर रहा हूं। क्योंकि, इस तरह का ताजा उदाहरण राजधानी रांची में आज देखने को मिला। पंडरा इलाके में एक जमीन कारोबारी का शव को लोगों ने एंबुलेंस से नहीं उतरने दिया, जबकि वह कोराना पॉजिटिव नहीं हुआ था। मोहल्ले में रहनेवाले लोगों में डर इस कदर देखा गया कि वे किसी प्रकार से रिस्क लेना नहीं चाह रहे। फ्रेंड्स कॉलोनी में रहनेवाले 45 वर्षीय जमीन कारोबारी रणवीर कुमार के शव को लेकर एंबुलेंस शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे उनके घर के पास पहुंची थी। एंबुलेंस को देखते ही आसपास के लोग एकत्रित होने लगे और शव को गाड़ी से नहीं उतारने का दबाव देने लगे। हंगामा की सूचना पर मौके पर पंडरा ओपी पुलिस को आना पड़ा। तथा स्थानीय लोगों के विरोध को देखते हुए पुलिस ने भी शव को सीधा मुक्तिधाम ले जाने को कहा। इस प्रकार कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों ने लोगों को परेशानी में डाल दिया है। इससे लोगों से दूरियां बढ़ रही हैं और सामाजिकता तार-तार हो रही है। कई लोग पहले से ही डिप्रेशन जैसी समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में कोरोना से संबंधित खबरें उनकी मानसिक सेहत को और खराब कर रही है।

कोरोना के गहराते संकट पर सरकार अलर्ट, 12 नोडल पदाधिकारी बनाये गये

सभी 12 आइएएस अधिकारियों को आवंटित किये गये जिले

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड सरकार ने कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए टेस्टिंग, ट्रैकिंग, ट्रीटमेंट, वैक्सीनेशन पर बिशेष ध्यान देने के लिए 12 आईएएस अधिकारियों का जिलेवार नोडल पदाधिकारी नामित किया है। इन पदाधिकारियों को कोविड-19 की रोकथाम के लिए किये जानेवाले उपाय पर नजर रखने के लिए बतौर नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया है। इन पदाधिकारियों को जिला आवंटित किया गया है। जो संबंधित जिलों में कोवड-19 की गाइडलाइन के अनुरूप काम हो रहा है या नहीं इसकी कड़ी मॉनिटिरिंग करेंगे। इस संबंध में गृह कार्य में आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।


इसके तहत धनबाद व देवघर जिला के लिए योजना एवं वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, कोडरमा एवं रामगढ़ के लिए वाणिज्य कर विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला खरसवां के लिए सचिव खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण की हिमानी पांडेय, लातेहार एवं लोहरदगा के लिए ग्रामीण विकास सचिव आराधना पटनायक, पश्चिमी सिंहभूम एवं खूंटी के लिए योजना सह वित्त विभाग के सचिव राहुल शर्मा, रांची जिला के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे, बोकारो एवं गिरिडीह के लिए पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, हजारीबाग एवं चतरा के लिए उद्योग विभाग की सचिव पूजा सिंघल, पाकुड़ एवं साहेबगंज के लिए स्कूली शिक्षा सचिव राजेश शर्मा, पलामू एवं गढ़वा के लिए कृषि एवं पशुपालन विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दिकी पी, गुमला एवं सिमडेगा के लिए श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो एवं दुमका, जामताड़ा व गोड्डा के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव प्रशान्त कुमार को नामित किया है।

शुक्रवार को मिले कोरोना के 1925 नये मरीज

- राजधानी रांची में कोरोना से 8 मरीजों की मौत, मिले 754 नये मरीज
- झारखंड के 7 जिलों में कोरोना से 17 मरीज की मौत

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य में कोरोना की दूसरी लहर का कहर जारी है। हर दिन संक्रमितों का आंकड़ा रिकॉर्ड तोड़ रहा है। डॉक्टर से लेकर सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी तक संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। सचिवालय में कोरोना विस्फोट हुआ है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की बात करें तो राजधानी रांची के सदर अस्पमताल के 7 डॉक्टर समेत 10 लोग पॉजिटिव पाए गए हैं.



वहीं रिम्स के डेंटल विभाग में 4 छात्र संक्रमित मिले हैं। राज्य के विभिन्न जिलों में शुक्रवार को कोरोना के 1925 नए संक्रमित मरीज मिले हैं। रांची समेत 7 जिलों में कोरोना के 17 मरीजों की मौत भी हुई है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 09 अप्रैल 2021 की रात 9 बजे तक 1925 नये मरीज मिले। सबसे अधिक रांची से 754 नए मरीज मिले हैं। अब राज्य में 1 लाख 34 हजार 715 पॉजिटिव केस और 10604 सक्रिय केस हैं। इलाज के बाद 1 लाख 22 हजार 936 लोग ठीक हो चुके हैं। शुक्रवार को 553 लोग ठीक हुए।

स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राज्य के विभिन्न जिलों में शुक्रवार को कोरोना के 1925 नए मरीज मिले हैं। नए मरीजों में रांची से 754, बोकारो से 61, चतरा से 19, देवघर से 52, धनबाद से 94, दुमका से 70, पूर्वी सिंहभूम से 256, गढ़वा से 28, गिरिडीह से 12, गोड्डा से 25, गुमला से 37, हजारीबाग से 36, जामताड़ा से 55, खूंटी से 61, कोडरमा से 65, लातेहार से 26, लोहरदगा से 25, पाकुड़ से 26, पलामू से 33, रामगढ़ से 64,साहिबगंज से 49,सरायकेला से 13, सिमडेगा से 15 और पश्चिमी सिंहभूम से 49 नए संक्रमित मरीज मिले हैं। शुक्रवार को झारखंड में कोरोना से 17 मरीज की मौत हो गई। मरने वालों मे रांची जिले से 8, चतरा से 1 धनबाद से 2 पूर्वी सिंहभूम से 3 गुमला से 1 पलामू से 1 और 1 संक्रमित मरीज की मौत साहिबगंज जिले से हुई है।

गुरुनानक भवन में तीसरे दिन 150 लोगों को दिये गये नि:शुल्क कोरोना के टीके



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, गुरु नानक भवन कमेटी एवं गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा संयुक्त रूप से गुरुनानक भवन, कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड में 07-09 अप्रैल तक आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क कोविड-19 वैक्सीनेशन कैंप के तीसरे व अंतिम दिन महिला पुरुष व बुजुर्गों को मिलाकर कुल डेढ सौ लोगों ने कोविड वैक्सीनेशन के पहले डोज का टीकाकरण करवाया। इसके साथ ही इस तीन दिवसीय निःशुल्क कोविड वैक्सीनेशन अभियान के तहत कुल 443 लोगों को कोविड के टीके लगवाए। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस कैंप में कोविड गाइडलाइन का पूर्ण रूप से पालन किया गया। प्रवेश द्वार पर थर्मल स्क्रीनिंग एवं हैंड सैनिटाइजेशन के साथ ही सोशल डिस्टेंस का पूरा ख्याल रखा गया। अनावश्यक भीड़ ना हो इसके लिए 60 लोगों के समूह बनाकर उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बुलाया गया। रजिस्ट्रेशन के लिए पांच काउंटर लगाए गए थे।

रेड क्रॉस में दी जा रही वैक्सीन



रांची। रांची जिला प्रशासन की ओर से भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी रांची मोरहाबादी परिसर भवन के पहले तल्ले पर 7 अप्रैल से निःशुल्क कोविड-19 वैक्सीन दी जा रही है। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी रांची के जो भी सदस्य 45 वर्ष से ऊपर के हैं और आम आदमी व्यक्ति भी इसका लाभ उठा सकते है। वह यहां आकर वैक्सीन ले सकते हैं। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन पी डी शर्मा 90 वर्ष की उम्र में कोविड वैक्सीन ली। उन्होंने लोगों से कोविड वैक्सीन लेने के लिए अपील की। साथ में आधार नंबर और मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य होगा । लोगों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी के लिए एक विज्ञप्ति जारी कर भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी रांची शाखा रांची के कार्यकारिणी सदस्य सह प्रवक्ता किशन अग्रवाल ने दिया।

शाम सुहानी, मौसम सुहाना, दिलकश तराना, अफसाना ही अफसाना...

नौ अप्रैल को दोपहर के बाद की बारिश राहतों का पैगाम लेकर आयी, खौफ के गहराते माहौल में निजात की अर्जी लेकर आयी

अनिल सिन्हा

रांची। चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी। 09 अप्रैल। राजधानी रांची ही नहीं, पूरे सूबे के लिए मौसम के बदलाव के मुत्तलिक अनोखा रहा यह दिन। लोग गुजरे दस दिन से तपिश से परेशान थे। दिन की तीखी धूप से परेशान थे। नौ अप्रैल को भी दोपहर तक कमोबेश यही आलम था। एक तो पैर पसारते कोरोना का खौफ तारी था। ऊपर से आफताब की तपिश थी। पिछले दस दिन से लोग खौफजदा और परेशान थे। नौ अप्रैल को दोपहर के बाद आलम बदल गया। राहत की बारिश शुरू हो गयी। तेज हवा ने राहत दी। हरचंद कि तेज हवा के कारण बिजली की व्यवस्था लड़खड़ायी। खैर, ऐसा तो बारहा होता है। पूरे आसमान पर बादलों ने आधिपत्य कर लिया। दोपहर के बाद ही शाम का धुंधलका दिखने लगा। गोया दोपहर में ही शाम हो गयी। नौ अप्रैल को दोपहर के बाद की बारिश राहत के पैगाम के साथ आयी। मौसम विभाग ने पहले ही नौ तारीख को मौसम में बदलाव का इम्कान जताया था। दोपहर के बाद की बारिश में लोग भीगते रहे, लुत्फ उठाते रहे। परेशानी और खौफ भरे लम्हात में मौसम की यह अंगड़ाई खुदा की नेमत है। राजधानी रांची सहित सूबे के अन्य स्थानों पर भी नौ अप्रैल को खासी बारिश की खबर है। हालांकि इस दरम्यान बिजली गिरने की भी सूचना है। तथापि जानो-माल के नुकसान की खबर नहीं है। दोपहर के बाद राजधानी रांची में बारिश ने लोगों को राहत दी। दूसरी ओर झारखंड में कोरोना के बेकाबू होने की परेशानकुन खबर है। इस संबंध में हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। कई डॉक्टर भी संक्रमित हो गये हैं। सदर ओपीडी बंद हो गया है। कोरोना का कहर तेज हो रहा है।



बारिश से बचते हुए राहगीर।

दूसरी ओर नौ तारीख की बारिश कुछ और बयां कर रही है। इस बारिश का लोगों ने खूब एहतराम किया। आखिर क्यों न करें, तपिश से राहत तो मिली है। चैत्र में ही शहर में पानी की किल्लत गहराने लगी थी। नौ तारीख की बारिश ने बिलाकश इस जख्म पर मरहम लगाया है। दोपहर के बाद की बारिश के बाद शाम सुहानी हो गयी। कई दिनों से ऐसी सुहानी शाम की तलब थी। कुदरत ने इस आरजू को अमली जामा पहनाया। यह कुदरत की इनायत है। देर शााम के बाद भी बारिश बदस्तूर जारी रही। रहमतों की बारिश होती रही। खुदा का करम है। देर शाम के बाद भी मौसम का सुहानापन जारी रहा। शाम सुहानी रही। मौसम सुहाना रहा। दिलकश तराना जारी रहा। कोरोना की दबिश के दौरान मौसम ने जो तराना छेड़ा उससे दिल बाग-बाग हो गया। इस खुशी को संजोने की जरूरत है। इस खुशी में विपरीत हालात में लड़ने का माद्दा छिपा है।

हालात तो विपरीत हैं ही। इस अंधेरे में रोशनी फैलाने की जरूरत है। चाहे वह रोशनी एक अदना से चिराग की हो। इस सुहानी शाम की कैफियत को महसूसना- गुनना होगा। इस सुहाने मौसम के पैगाम को रेखांकित करना होगा। इस तराने पर जिंदगी का साज छेड़ना होगा।

गठबंधन प्रत्याशी हफीज़ुल को जिताने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने मधुपुर को दौरा कर मांगा वोट

जनसरोकार से जुड़े कार्य कर रही है गठबंधन सरकार : डॉ. रामेश्वर उरांव

खबर मन्त्र ब्यूरो



चुनाव के लिए जनसंपर्क अभियान चलाते कांगेस नेता

रांची/मधुपुर। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉक्टर रामेश्वर उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राजेश ठाकुर, प्रवक्ता शमशेर आलम, जोनल को-ऑर्डिनेटर सुल्तान अहमद, वरिष्ठ नेता प्रदीप तुलस्यान, ज़िलाध्यक्ष संजय मुन्नम, शकील अख़्तर अंसारी, फैय्याज कैशर, केदार पासवान एवं सन्नी टोप्पो ने मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों का दौरा कर महागठबंधन प्रत्याशी हफिजुल हसन के लिए वोट मांगा।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामेश्वर उंराव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार लगातार जन सरोकार का काम कर रही है और हमने किसानों का कर्ज पचास हजार रुपया तक का माफ करने का काम किया है। मनरेगा मजदूरों के लिए मजदूरी बढ़ाने का काम किया है। वहीं हमने 15 लाख लोगों को राशन कार्ड देने का काम शुरू कर दिया है जिसमें अब तक एक 11 लाख लोगों को राशन कार्ड दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन ने कोरोना काल के दौरान हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज से अपने राज्य में बुलाने का काम किया जिसकी प्रशंसा सिर्फ देश में ही नहीं दुनिया में भी हुई।

पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा कि आज हाजी साहब हमारे बीच नहीं किंतु हाजी साहब के मित्र होने के नाते हमें हफिजुल को चुनाव जिताकर सदन में भेजना है। जिस तरह से महंगाई चरम पर है आम आदमी का जीना मुहाल हो गया है। ऐसे में हमें भारतीय जनता पार्टी को करारा जवाब देना होगा। कार्यकारी अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हफिजुल की जीत हाजी साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हाजी साहब का निधन कोई साधारण निधन नहीं है। उन्होंने बतौर कोरोना योद्धा जान गंवायी है। वो लगातार कोरोना के दौरान लोगों की हिफाजत के लिए जनहित में लोगों से मिलते रहे नतीजतन उन्हें कोरोना हो गया और उनका निधन हो गया। उनके निधन को शहादत कहा जायेगा और उन्हें हम सबको शहीद मानना चाहिए और एक शहीद के बेटे को जो सम्मान हम दे सकते हैं हमें देना चाहिए।

कार्यकारी अध्यक्ष के केशव महतो कमलेश एवं वरिष्ठ नेता प्रदीप तुलस्यान ने कहा कि हफिजुल की जीत सुनिश्चित है, हम भारी मतों से चुनाव जीतने जा रहे हैं। भाजपानीत केंद्र सरकार के तमाम नाकामियों के विरोध में एवं हाजी साहब के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए आप सब मतदान में भारी संख्या में भाग लें।

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम एवं सुल्तान अहमद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग पहले ही चुनाव में हार मान चुके हैं। उनके नेता खुद से कह रहे हैं कि कुछ बहरूपिए जो भारतीय जनता पार्टी में है वो हमारे उम्मीदवार को हराना चाहते हैं, इससे यह स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव लड़ने से पहले ही चुनाव हार चुकी है। जिलाध्यक्ष संजय मुन्नम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कांग्रेस तन मन धन से महागठबंधन प्रत्याशी को जिताने के लिए लगी है और हम सब महागठबंधन के लोग एकजुट होकर लड़ाई लड़ रहे हैं हमें भारी सफलता मिलेगी और हफिजुल की जीत पचास हजार मतों से होगी।

सीएम और वित मंत्री ने चुनावी सभा को किया संबोधित

गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील



मधुपुर में चुनावी सभा करने पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह राज्य के वित्त तथा खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव तीन दिवसीय मधुपुर दौरे पर हैं। इस क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ डॉ. उरांव ने कई चुनावी सभाओं में हिस्सा लिया और लोगों से गठबंधन प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की। इस मौके पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि उपचुनाव में वर्ष 2019 के इतिहास को दोहराया गया। इस बार हफीजुल हसन और अधिक रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि मधुपुर की जनता ने गठबंधन के पक्ष में मन बना लिया है और दुमका तथा बेरमो की पुनरावृत्ति होगी। लोगों को मालूम है कि उनका प्रतिनिधि सरकार में मंत्री भी रहेगा, जिससे जनता के विकास के काम भी होंगे। कांग्रेस प्रवक्ता आलोक कुमार दूबे ने बताया कि महागठबंधन प्रत्याशी की विजय सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री कल भी एक साथ कई सभाओं में शामिल होंगे।

एनएसयूआई ने स्थापना दिवस मनाया

सैनिटाइजर और मास्क का किया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



मास्क और सैनिटाइजर का वितरण करते एनएसयूआई के कार्यकर्ता

रांची। एनएसयूआई के 51वें स्थापना दिवस के अवसर पर एनएसयूआई के राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर एवं पश्चिम बंगाल के सह प्रभारी अमरजीत कुमार ने देशभर के छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए जरूरतमंदों के बीच मास्क, सैनिटाइजर वितरण कर कोरोना के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में लोगों को यह बताया गया कि कोरोना महामारी एक बार फिर से हमारी लापरवाही के कारण पूरे देश में पांव पसार रही है। इससे घबराना या डरना नहीं है। कोरोना गाइडलाइन को पालन कर आसानी से इसका मुकाबला कर सकते हैं। मौके पर एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार, सूरज झा, पुनीत नायक, विकी गोप, विवेक धान, पप्पू सिंह आदि मौजूद थे। वहीं, कांग्रेस छात्र संगठन झारखंड एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह के नेतृत्व में जरूरतमंद बच्चों एवं कोरोना वारियर्स के साथ स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर सबसे पहले जरूरतमंद बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर, चॉकलेट दिया गया। उसके बाद कोरोना वारियर्स के रूप में सफाई कर्मचारियों को सर्टिफिकेट एवं एनएसयूआई किट देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने कहा कि कहा कि एनएसयूआई लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिपेक्षता को माननेवाला संगठन है। संगठन बिना कोई जाति या धर्म देखे छात्र और समाजिक हितों के लिए काम करता है। इस मौके पर इंदरजीत सिंह,आरुषि वंदनां, युवराज सिंह, विकास दुबे, आकाश कुमार, अमन यादव, आकाश रजवार मौजूद थे।

कॉलेज में छात्रों के बीच रहें एनएसयूआई के कार्यकर्ता

रांची। एनएसयूआई के रांची जिला के पदधारियों ने 51वीं वर्षगांठ पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शाहबाज अहमद को माला पहना कर एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया और संगठन को झारखण्ड में मजबूत करने पर जोर दिया। मौके पर शाहबाज अहमद ने बताया कि हमलोगों के समय में एनएसयूआइ एकजुटता के साथ कार्य संपूर्ण करती थी। उसमें युवा कोंग्रेस, महिला कांग्रेस का भी योगदान बढ़चढ़ कर रहता था। जिससे संगठन को एक नई मजबूती मिलती थी। उन्होंने कहा कि आपलोग ज्यादा से ज्यादा वक्त कॉलेज और विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के बीच रहें और उनलोगों की समस्या का निदान करवाए। सम्मानित करने वालों में जिला उपाध्यक्ष म.अमन अहमद, जिला सचिव इमरान हाशमी, जिला सचिव अमित सिंह मौजूद थे।

पैगंबर मोहम्मद (स.) पर आपत्तिजनक बयानबाजी के खिलाफ पुतला दहन

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। इस्लाम धर्म के पैगम्बर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर आपत्तिजनक बयान देने वाले यति नरसिंहानन्द सरस्वती का शुक्रवार को पुरानी रांची अखड़ा चौक पर सामाजिक कार्यकर्ता एराकी हमजा के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता एराकी हमजा ने कहा कि लोगों को बरगलने, हिंसा भड़काने, मुस्लिमों की आस्था के साथ खिलवाड़ करने के लिए नरसिंहणानंद के विरुध दर्ज प्रथमिकि के अनुसार जल्द से जल्द कानूनी प्रवाधानों के तहत गिरफ्तार करने की मांग की। यदि सरकार के द्वारा अब भी नारसिंहानंद को गिरफ़्तार कर सजा नहीं की गई तो इसे मुसलमानों के साथ नाइंसाफी समझी जाएगी।

आम्या संगठन के अध्यक्ष एस अली ने बताया कि शिवशक्ति धाम डासना गाजियाबाद यूपी के अष्ठिदाता यति नरसिंहानन्द सरस्वती द्वारा 01 अप्रैल 2021 को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस कर इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर आपतिजनक बयान दिया है, जो इनके ट्विटर पर पोस्ट है। जिससे भारतीय मुसलमानों की भावना आहता हुई, आस्था पर ठेस पहुंची और धार्मिक विश्वासों का अपमान हुआ है।

इस संदर्भ में रांची के कई थानों में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है, वहीं प्रधानमंत्री , केन्द्रीय गृहमंत्री, केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, दिल्ली पुलिस को पत्र भेजा गया है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नही हुआ। पुतला दहन में मो फैयाज, जावेद ओवैसी, मो तौसीफ, मो रमजान, सउद आलम, मो शाहिद, सुहैल अंसारी, बॉबी आदि थे।

शहर के प्रत्येक वार्ड में ट्रैक्टर से सेनेटाइज करने की जरूरत

कोविड-19 के प्रकोप को देखते हुए संजीव विजयवर्गीय ने नगर आयुक्त को लिखा पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने निगम के नगर आयुक्त को पत्र लिख कर प्रत्येक वार्ड में ट्रैक्टर से सेनेटाइज कराने का आग्रह किया है। श्री विजयवर्गीय ने निगमकर्मी कोरोना से ग्रसित न हों इसके लिए उन्हें सभी प्रकार के किट उपलब्ध कराने, कोरोना वायरस के फैलाव को देखते हुए समय -समय पर निगमकर्मी एवं सफाईकर्मियों की जांच कराने के लिए समुचित व्यवस्था करने की बात कही है। उन्होंने निगम भवन में लोगों की भीड़ नियंत्रित करने को कहा है। सामाजिक दूरी के साथ कर्मचारियों को कार्य करने का निर्देश देने की जरूरत है।

जेएमएम प्रत्याशी के समर्थन में आया मोमिन कांफ्रेंस

कोर कमेटी की बैठक में चुनाव प्रचार का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस कोर कमेटी की बैठक में शामिल पदधारी और सदस्य

रांची। रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस कोर कमिटी की बैठक शुक्रवार को पुंदाग में कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद की सदारत में हुई। कोर कमिटी की इस बैठक में मोमिन कॉन्फ्रेंस के द्वारा अब तक किये गए कार्यों और सदस्यों के सामाजिक कार्यों की समीक्षा की गई। सामाजिक कार्यों और कमिटी के प्रति निष्ठा को देखते हुए तीन सदस्यों के जिला पदाधिकारी के रूप में मनोनयन निर्णय लिया गया। कोर कमिटी की बैठक में अम्मारुल होदा नगड़ी को जिला उपाध्यक्ष, ताजुद्दीन अंसारी खलारी एवं यूसुफ अंसारी रमजान कॉलोनी कांटाटोली को जिला सचिव मनोनीत किया गया।

बैठक में मधुपुर उपचुनाव को लेकर निर्णय लिया कि महागठबंधन के झारखण्ड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी हफीजुल हसन अंसारी की जीत सुनिश्चित करने के लिए मोमिन कॉन्फ्रेंस रांची जिला की एक टीम मधुपुर जाएगी और हफीजुल हसन अंसारी के हक में प्रचार प्रसार करेगी और हफीजुल हसन अंसारी के हक में वोट करने की जनता से अपील करेगी। इसके अतिरिक्त बैठक में संगठन की मजबूती पर भी चर्चा की गयी और आगे का कार्ययोजना भी बनायी गयी। बैठक में उपाध्यक्ष अब्दुल्लाह हबीब, अम्मारुल होदा, फिरोज आलम, प्रधान महासचिव मोख्तार अंसारी, महासचिव सह प्रवक्ता जफर इमाम अंसारी, सचिव अब्दुल इमाम अंसारी, यूसुफ अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष अख्तर हुसैन, मसीहुल्लाह अंसारी, हुसैन अंसारी आदि उपस्थित रहे।

चांदनी मस्जिद के अध्यक्ष हाजी ईदु भाई का निधन

रातू रोड कब्रिस्तान में किया गया सुपुर्द-ए- खाक

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। चांदनी मस्जिद रांची के अध्यक्ष सह मोहम्मद अली अखाड़ा के संरक्षक सह समाजसेवी सह आरजेडी के सीनियर लीडर हाजी ईदु भाई का निधन हो गया। शुक्रवार को बाद नमाज जुमा रातू रोड कब्रिस्तान में नमाज जनाजा अदा की गई और वहीं सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे की नमाज चांदनी मस्जिद के खतीब मौलाना उमर फारूक ने पढ़ाई। बताते चलें कि हाजी ईदु भाई पिछले एक सप्ताह से अस्वस्थ चल रहे थे। इलाज के लिए उन्हें बरियातू स्थित लेक व्यू हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। गुरुवार को तीन बजे दिन में उन्होंने लेक व्यू हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली।

ईदु भाई की मृत्यु पर संजु भाई, रिंकू भाई, अकीलुर्रहमान, आजम अहमद, शाहिद अय्यूबी, मो राजा ने बताया कि वे अपने पीछे चार बेटा, चार बेटी व नाती-पोता का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके जनाजे में शामिल होने वालों में मरहबा ह्यूमन सोसायटी के सैयद नेहाल अहमद, दानिश अय्याज, पप्पू गद्दी, पार्षद रिंकू, पत्रकार आदिल राशिद, अकीलुर्रहमान, शाहिद अय्यूबी, आजम अहमद, मो अनवर राजा, सलाह उद्दीन उर्फ संजू, मो इस्लाम, डॉ एम हसनैन, मो गुड्डू, मो नईम, अफरोज आलम, काजिम कुरैशी, मो रब्बानी, दानिश अयाज, जय सिंह यादव, ललित ओझा, पार्षद मो. असलम, मो नईम, जमशेद अली उर्फ पप्पू गद्दी, दर्जनों पंचायत पदाधिकारी, मुहल्लेवासी, जनाजे में भीड़ को देखते हुए राजू उर्फ राधे ने लोगों के बीच मास्क, सैनिटाइजर व पानी के बोतल का वितरण किया। जनाजे में शामिल होने वालों ने मास्क लगाकर ही उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया।

लोक सेवा समिति की 30वीं वर्षगांठ सह झारखंड रत्न विशिष्ट सेवा सम्मान समारोह

वीर बुधु भगत और सैयद अनवर हुसैन खान को मिला झारखंड रत्न

सात हस्तियों को झारखंड रत्न व पांच को मिला विशिष्ट सेवा सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता





सम्मान समारोह में मंच पर उपस्थित समिति के पदधारी और मौके पर मौजूद अतिथिगण

रांची। सामाजिक संस्था लोक सेवा समिति की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर पुराने विधानसभा परिसर सभागार में शुक्रवार को झारखंड रत्न विशिष्ठ सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने और उल्लेखनीय योगदान देने वाले साथ सात शख्सियतों को झारखंड रत्न सम्मान से नवाजा गया। इनमें दो हस्तियों को मरणोपरांत यह सम्मान प्रदान किया गया। इसमें महान स्वतंत्रता सेनानी वीर बुधु भगत और जाने-माने समाजसेवी व अधिवक्ता सैयद अनवर हुसैन खान शामिल हैं। इसके अलावा झारखंड रत्न का सम्मान पाने वालों में सिल्ली के चित्रकार विष्णु अहीर, बोकारो के गोपाल मुरारका, गुमला के उपेंद्र पाल, महादेव टोप्पो व महावीर नायक शामिल हैं। वहीं, सामाजिक जागरूकता को लेकर समाजसेवी अरविंद कुमार महतो, सीमा देवी, खूंटी के बाल्मिकी साहू, लोहरदगा के राजकुमार नागवंशी और चक्रधरपुर के शीन अनवर को विशिष्ट सेवा सम्मान दिया गया। इस अवसर पर लोक सेवा समिति के संस्थापक व केंद्रीय अध्यक्ष मो.नौशाद खान ने कहा कि विगत तीस वर्षों से संस्था की ओर से समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकताओं को सम्मानित किया जा रहा है। इसमें समाज के हर तबके का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। सबों के सहयोग से ही यह संभव हो सका है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का झारखंड रत्न सम्मान न्यायाधीश विक्रमादित्य प्रसाद के नाम समर्पित रहा। इस अवसर पर समिति के महासचिव डॉ.गिरधारी राम गोंझु, चयन समिति के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह कई गणमान्य मौजूद थे।

मरणोपरांत झारखंड रत्न से नवाजे गए नामचीन शख्सियत सैयद अनवर हुसैन खान। एकीकृत बिहार के समय छोटानागपुर क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी और प्रख्यात अधिवक्ता सैयद अनवर हुसैन खान मरणोपरांत झारखंड रत्न से नवाजे गए। मूलतः बिहार के भागलपुर व पटना निवासी स्व.खान साहब के पिता स्व. सैयद अजहर हुसैन खान भी बिहार के नामचीन शख्सियत थे। स्व खान रईस खानदान से ताल्लुक रखते थे। चंडीगढ़ का मुगल गार्डन उनके पूर्वजों की ही देन बताई जाती है। यही नहीं, उनके पूर्वज मुगलकालीन साम्राज्य, ब्रिटिश हुकूमत के दौर में कई आला ओहदे पर काबिज रहे। वर्ष 1907 में पटना में जन्मे सैयद अनवर हुसैन खान की प्रारंभिक शिक्षा पटना में हुई। पटना लॉ कॉलेज से एलएलबी कर 1932 में रांची आए। यहां वकालत के पेशे में काफी शोहरत हासिल की। पीड़ितों, गरीबों की सेवा को सबसे बड़ा मानव धर्म समझते हुए सर्व धर्म-समभाव के सिद्धांतों को आत्मसात कर वकालत के पेशे की गरिमा को बरकरार रखा। स्व. खान सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल थे। स्व. खान के पौत्र समाजसेवी सैयद फराज अब्बास बताते हैं कि शिया मुस्लिम समुदाय के धार्मिक स्थल (मस्जिद) की स्थापना में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके दोस्तों की सूची में प्रख्यात समाजसेवी मीनू मसानी, अब्दुल कयूम अंसारी, प्रोफेसर अब्दुल बारी, पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय, जस्टिस एम फजल अली, विधायक जहूर अली मोहम्मद, समाजसेवी जमील मजहरी सहित कई नामचीन हस्तियों का नाम शुमार था। वे पब्लिक उर्दू लाइब्रेरी के संस्थापक रहे। रांची में मिल्ली तालिमी मिशन और अंजुमन अस्पताल की स्थापना उनका अहम योगदान रहा।

मौलाना आजाद हाई स्कूल और मौलाना आजाद डिग्री कॉलेज की प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में भी उन्होंने बखूबी अपनी भूमिका निभाई। वर्ष 1967 में जब रांची दंगों की आग में धधक रहा था, वैसी स्थिति में भी सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए सभी धर्मों के बीच समन्वय स्थापित कर शांति और सौहार्द्र की पहल की। शहर में सेंट्रल रिलीफ कमिटी का संचालन, राहत शिविर का संचालन कर उन्होंने मानव सेवा के क्षेत्र में बेमिसाल कार्य किया। सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रियता और सहभागिता को देखते हुए अन्य समाजसेवियों ने भी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया।

स्पीड न्यूज

रनिया और तोरपा आरएसएस ने की योजना बैठक

खूंटी। जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड रनिया में भारतीय नया वर्ष की तैयारी को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठकें आयोजित की। उक्त संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यवाह शशि पांडे की अध्यक्षता में रनिया और सोदे में आगामी कार्यक्रम को लेकर योजना बैठक किया। इस बैठक में उक्त संघ के अनुसार दो मंडल एक रनिया और सोदे मंडल में बैठक की गई। साथ ही, इसी क्रम में तोरपा में भी बैठक की गई। बैठक में आगामी 13 अप्रैल को वर्ष प्रतिपदा का उत्सव मनाने को लेकर योजना बनाई गई। साथ ही साथ मिलन और मंडली कार्यक्रम प्रत्येक मंडल में प्रारंभ हो सके इसके लिए कार्यकर्ताओं को दायित्व भी दिया गया। बैठक में आरएसएस के भगवान सिंह, इसके लोहरा, राजमोहन कुमार, नवीन ठाकुर, मानिक कुमार, शिवकुमार, सचिन राम, नरेश महतो, रितेश नाग, गुड्डू मिश्रा, संजय कुमार, धीरज कुमार, लक्ष्मी नारायण महतो, प्रताप महतो आदि उपस्थित थे।

कोरोना को लेकर 30 अप्रैल तक धारा 144 लागू

खूंटी। जिले के नगर पंचायत क्षेत्र के अलावा अनेक क्षेत्रों में भी कोरोना के संक्रमित लोग पाए जा रहे हैं। इससे बचाव के दृष्टिकोण से जन जागरूकता अभियान के साथ–साथ चौक चौराहों में मार्क से भी बचा जा रहा है। साथ ही क्षेत्र से कोरोनावायरस मरीज पाए जा रहे हैं उस क्षेत्र में सैनिटाइजिंग की भी व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा जिले भर में इस महामारी बचाव के टीके भी लगाए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को ही टीकाकरण किया जा रहा है और लोग मास्क का उपयोग करें भीड़–भाड़ इलाके से बचें। इसके लिए जिला प्रशासन विभिन्न क्षेत्रों में जन जागरूकता फैलाने के साथ कड़ाई से भी आ रहे हैं, ताकि कोरोना के संक्रमण से बच सकें। जिला प्रशासन ने रोकथाम और बचाव के दृष्टिकोण से क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन प्रतिष्ठान कार्यालय विद्यालयों महाविद्यालयों शैक्षणिक तथा कोचिंग संस्थान धार्मिक स्थलों के संचालन तथा अन्य के निमित्त आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं धारा 144 दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के तहत आदेश जारी कर 30 अप्रैल तक लागू किया है।

मास्क को लेकर सख्ती बरते प्रशासन



रामकृष्ण चौधरी

खूंटी। जिले में लगातार कोरोना के बढ़ते संक्रमण पर चिंता व्यक्त करते हुए कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी ने नगर पंचायत कार्यपालक अधिकारी से क्षेत्र में सैनिटाइजिंग की व्यवस्था कराने की मांग की है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कोविड–19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए नगर पंचायत कि पूरे शहर को फिर से सेनीटाइज किया जाए। श्री चौधरी ने प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि पहले की तरह लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं मास्क की अनिवार्यता पर सख्ती बरते। उन्होंने कांग्रेस जनों से भी अपील की है कि वह लोगों को मास्क का उपयोग सामाजिक दूरी एवं साफ सफाई के लिए लोगों को प्रेरित करें।

सीएचसी के दो कर्मी समेत 3 कोरोना पॉजिटिव

चंदवा। चंदवा प्रखंड में कोरोना संक्रमण का दूसरा दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है, शुक्रवार को हुए कोरोना सेंपलिंग में चंदवा सीएचसी के दो स्वास्थ्य कर्मी कोरोना पॉजिटिव पाए गए। सीएचसी प्रभारी एनके पांडेय ने बताया कि दोनों स्वास्थ्य कर्मियों को होम आइसोलेट किया गया। वहीं गुरुवार की शाम भी चंदवा ब्लॉक कॉलोनी का एक व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाया गया था।

खलारी प्रखंड सभागार में दीदी बाड़ी योजना को लेकर सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम

बीपीओ ने बताये दीदी बाड़ी योजना के फायदे

- बच्चों को कुपोषण से बचाने की दी जानकारी
- सब्जी को दैनिक आहार में शामिल करने की बात कही

खबर मन्त्र संवाददाता



खलारी प्रखंड सभागार में दीदी बाड़ी योजना को लेकर बैठक करते बीपीओ।

खलारी। खलारी सदर प्रखंड सभागार में दीदी बाड़ी योजना के अंतर्गत दीदी बाड़ी सखी का प्रशिक्षण का आयोजन शुक्रवार को प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए विनय कुमार ने बताया कि महिलाओं एवं उनके बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए सरकार ने दीदी बाड़ी योजना क्रियान्वित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह योजना मनरेगा और जेएसएलपीएस के संयुक्त अभिसरण से क्रियान्वित होगा। श्री विनय ने सभी दीदी बाड़ी सखी को बतलाया कि लाभुक को अपने घर के आसपास की जमीन में परिवार के पोषण की आवश्यकता के अनुसार एक से पांच डिसमिल जमीन पर पोषण युक्त सब्जियों का उत्पादन करना है तथा सभी दीदी बाड़ी सखी को तकनीकी जानकारी विस्तारपूर्वक दिया।

जेएसएलपीएस के हरे राम ने बतलाया कि दीदी बाड़ी योजना का सफल क्रियान्वयन के लिए दीदी बाड़ी सखियां सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। दीदी बाड़ी सखियां एक विशिष्ट कैडर होगी, जिन्हें मनरेगा के तहत 100 दिनों का रोजगार मिलेगा। दो दीदी बाड़ी सखी मिलकर तीस डिसमिल की देखरेख करेंगी। इनका मुख्य कार्य इच्छुक लाभुकों को जॉब कार्ड प्राप्त करने में सहायता करना तथा उनकी सूची तैयार कर ग्राम संगठन को भेजना,सभी चयनित लाभुकों को तकनीकी और प्रेरक प्रशिक्षण प्रदान करना, सभी लाभुकों को दीदी बाड़ी की स्थापना से लेकर उत्पादन तक तकनीकी सहायता प्रदान करना, सामुदायिक स्तर पर विशेषकर लाभुकों को इन सब्जियों के स्वास्थ्य लाभ पर जागरूक करना और उसे अपने दैनिक आहार में शामिल करने के लिए प्रेरित करना साथ ही साथ गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं, बच्चों, किशोरी लड़कियों, रोगियों और बूढ़े लोगो को इन सब्जियों के सेवन से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देना, मनरेगा के प्रति समुदाय में जागरूकता प्रचार करना जिससे कि उनकी मनरेगा में भागीदारी बढ़े। मौके पर जेएसएलपीएस की महिलाएं, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता व अन्य उपस्थित थे।

टेरो बुनियादी प्लस टू स्कूल के पंखे खोल गये चोर

खबर मन्त्र संवाददाता

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के राजकीय बुनियादी उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय टेरो में गुरुवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर विद्यालय में रखे पंखा सहित अन्य सामान की चोरी कर ली। घटना की जानकारी शुक्रवार की सुबह विद्यालय के प्रधानाध्यापिका शिक्षक कलावती कुमारी विद्यालय पहुंची तो देखा कि स्कूल का पहले से ताला टूटा पड़ा है।

इसके बाद स्कूल में हुई चोरी की जानकारी हुई। वहीं उन्होंने स्कूल के अंदर जाकर देखा तो विद्यालय के पंखा समेत अन्य सामानों की अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। इधर विद्यालय में हुई चोरी की घटना के बाद विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका शिक्षक कलावती कुमारी ने बेड़ो थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि आठ अप्रैल को विद्यालय बंद होने के बाद ताला तोड़कर विद्यालय के कक्ष में रखे छह पंखा, खेल के सामान व अन्य सामान चोरी हो गया।

प्लस टू विद्यालय के 7 कमरों का ताला तोड़कर सामान की हुई चोरी के साथ-साथ मिडिल स्कूल के भी पांच कमरों का ताला अज्ञात चोरों ने तोड़ दिया। उधर विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर विद्यालय के सामानों को इधर-उधर बिखेर दिया।

सरहुल महोत्सव पर नहीं निकलेगी शोभायात्राः टोप्पो

सरना झंडा से पट गया रातू, सरहुल पूजा में सिर्फ होगी रस्मों की अदायगी

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। वैश्विक महामारी कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुये प्रकृति पर्व सरहुल पूजा में सिर्फ रस्मों की अदायगी होगी। महोत्सव पर 15 की शाम यहां शोभायात्रा नहीं निकाली जायेगी। इसे लेकर आदिवासी समुदाय के लोगों में मायूसी जरूर है। लेकिन, आस्था में कोई कमी नहीं आयेगी। क्षेत्र के सभी सरना स्थलों में पूजा-अर्चना होगी। पाहनों की ओर से इष्ट देवता को रंगुआ मुर्गे की बलि भी दी जायेगी। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद बांटे जायेंगे। इसके अगले दिन फुलखोशी होगी। यह जानकारी प्रखंड सरहुल पूजा समिति के महासचिव सामू टोप्पो ने दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को कुंबाटोली स्थित अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद कार्यालय से लेकर तिलता चौक तक झंडागाड़ी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सरकारी दिशा-निर्देशों का होगा पालन

श्री टोप्पो ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न गांव के सरना स्थल में पारंपरिक तरीके से सरहुल पूजा होगी। इसमें कोविड को लेकर राज्य सरकार की ओर से छह अप्रैल को जारी दिशा–निर्देश का पालन किया जायेगा। पाहन समेत समाज के लोगों से फेस कवर मास्क लगाने और सेनेटाइजर का उपयोग किये जाने की अपील की गयी है।

सांसद प्रतिनिधि ने गांव में भटक रही बच्ची को परिजन से मिलाया

खबर मन्त्र संवाददाता



अभिभावक को बच्ची सौंपते हुए सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार।

खूंटी। गांव में रास्ता भटक कर आदिवासी अबोध नाबालिग बच्ची रास्ता भूलकर गलत रास्ता पकड़ ली और घासीबारी रास्ता पहुंचने से जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार के कार्यकर्ताओं ने उन्हें सूचित कर जानकारी दी। इस बाबत जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने उक्त लगभग 13 बच्ची को उसके अभिभावक तक पहुंचाने में मदद करते हुए जलासार पंचायत के मुखिया को जानकारी देकर उसके परिजन तक समाचार भिजवाया। उक्त भटकी बच्ची का नाम असंल्यानी डहंगा बतायी, जो लगभग 12-13 वर्ष की है। उसने बताया कि वह बंदगांव प्रखण्ड के पोड़ांगिर गांव निवासी एनेम डहंगा की बेटी है। वह रांची में काम करती है। जो घर छोड़कर भाग निकली। और अपना घर जाने के लिए रास्ता में चल पड़ी और रास्ता भटक गई। सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने बच्ची के बताए, जगह के अनुसार उसके घर और परिवार तक संपर्क किए और उन्हें उस भटकी बच्ची को सुपुर्द कर दिया। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि कार्यकर्ता हमेशा ही निश्वार्थ भाव से समाज की सेवा और सहयोग करने में अपनी भूमिका निर्वहन की है और करती रहेंगी। सांसद प्रतिनिधि की अगुवाई पर रास्ता भटकी बच्ची अभिभावक से मिल पायी, जो गांव अपने परिजनों को पाकर अबोध बच्ची काफी खुश है। वहीं उसकी दीदी कीरपा और उसका भाई मुखिया के देवर ने अपने बच्चों को पाकर काफी खुश हैं और सांसद प्रतिनिधि को धन्यवाद दिया

एक नजर में

मनरेगा में भ्रष्टाचार रोकने के लिए बीडीओ से मिला प्रतिनिधिमंडल, कार्रवाई की मांग की

बुढ़मू। प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर शुक्रवार को ठाकुरगांव मंडल अध्यक्ष लाल उत्पल शाहदेव की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधि मंडल बीडीओ नम्रता जोशी से मिलकर भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया। कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की बात कही। मामले पर बीडीओ नम्रता जोशी ने कहा कि जांचोपरांत योजनाओं में गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

आरटीसी कॉलेज को मिली अनुदान राशि



मौके पर उपस्थित पूर्व सांसद रामटहल चौधरी व विधायक।

ओरमांझी। आरटीसी कॉलेज आनंदी व शिवाजी प्रतिभा विकास विद्यालय दड़दाग को सरकारी अनुदान राशि लगभग 35 लाख रुपया मिला। अनुदान राशि मिलने विधायक राजेश कच्छप द्वारा कॉलेज व स्कूल के शिक्षकों को बधाई दी और कहा कोविड–19 के कारण सभी व्यवसायी में प्रतिकूल असर पड़ा है। ऐसे में स्कूली कॉलेज के शिक्षकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अनुदान राशि मिलने से स्कूल कॉलेज के साथ शिक्षकों को कुछ राहत मिलेगी। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, कॉलेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो, प्राचार्य भीम महतो, शिक्षक शैलेंद्र मिश्रा, योगेंद्र ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा, पूर्व उपप्रमुख मनतजीर अहमद रजा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, मुखिया सोमर उरांव, अशोक गुप्ता, सुरेश प्रसाद साहू सहित स्कूल कॉलेज के शिक्षक उपस्थित थे।

किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

- सुचना के बाद एक्शन में आयी पुलिस, पीड़िता को मेडिकल के लिए भेज अग्रतर कार्रवाई में जुटी
- कई दिनों से किशोरी को बहला फुसला रहा था आरोपी , बनाया हवस का शिकार
- मामला को दबाने को लेकर गांव में ही हुई पंचायत, प्रबुद्धजनों की पहल के बाद रेस हुआ प्रशासन

क्या है पूरा मामला

चंदवा शहर से करीब 6 किमी की दूरी पर स्थित एक गांव की दो नाबालिग लड़की को गांव के ही गांव का आरोपी बाइक में बैठाकर 27 नंबर पुल घुमाने ले गया, वापसी में आरोपी ने पीड़िता को बहला–फुसलाकर लुकुईया के जंगली इलाकों के सुनसान जगह में ले गया,जबकि पीड़िता की सहेली कुछ दूर में बैठने को बोल दिया। शाम ढलते ही जैसे ही कुछ ग्रामीणों की नजर उक्त दोनों पर पड़ी तो ग्रामीणों ने पीड़िता, उसकी सहेली और आरोपी को पकड़कर रखा लिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना दोनों पक्षो के परिजनों को दी। आरोपी और पीड़िता को पंचायत भवन में लाया गया, जहां आरोपी की पिटाई भी हुई। मामला को गांव में दबा देने के लिए पंचायती भी हुई, और आगे से ऐसा कुकर्म करने पर भुगतने की चेतावनी दी गयी। देर रात करीब 11 बजे तक चली बैठक के बाद मामला को लगभग दबा ही दिया गया था। लेकिन शुक्रवार की सुबह सुबह इसकी जानकारी आदिवासी समाज के प्रबुद्धजनों को हुई, जिसके बाद मिडिया ने पीड़िता के घर पहुंच कर उसके परिजनों से दुष्कर्म की घटना के संबंध में पूरी जानकारी ली। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे पिछले कई दिनों से फोन पर परेशान करता था, 3 दिन पूर्व भी जब वह महुआ चुनने गयी थी तब उसके साथ बहला फुसला कर दुष्कर्म किया था। गुरुवार को भी बार–बार मना करने के बावजूद आरोपी उसे व उसकी सहेली को 27 नम्बर ले गया था, वापस आने के बाद वह घर जाना चाहती थी लेकिन आरोपी उसे बहला फुसला कर घर ही नही जाने दे रहा रहा। इसी क्रम में ग्रामीण उन्हें देख लिए। इधर समाचार लिखे जाने तक पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी हुई थी।

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। थाना क्षेत्र के बोदा पंचायत के एक गांव से नाबालिग आदिवासी किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। मामला दो अलग-अलग समुदाय का है। अनुसूचित जाति से आने वाली नाबालिग लड़की के साथ समीउल्ला उर्फ राजू अंसारी ने दुष्कर्म किया था। शुरूआत में आरोपी पक्ष के लोगो के दवाब में मामले को गांव में ही सलटाने का असफल प्रयास किया गया, जिसकी भनक आदिवासी समाज के कुछ प्रबुद्धजनों को हुई, उनके द्वारा जिले के वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी गयी, जिसके बाद पुनि सह थाना प्रभारी मदन शर्मा सदल-बल के जवानों के साथ गांव पहुंचे व पीड़िता से मामले की जानकारी ली व आरोपी युवक को हिरासत में लेते हुए अग्रतर कार्रवाई में जुट गयी। जल्द ही युवक का कोरोना जांच कराकर जेल भेज दिया जाएगा।

इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी मदन शर्मा ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया, साथ ही पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा गया मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट होगा।

खूंटी में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना



खूंटी में झमाझम बारिश में छाता लेकर जाती महिला।

खूंटी। जिले में गर्मी के बढ़ते ही तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। भरी दोपहर में जहां गर्मी बढ़ता चला गया, जो देश की राजधानी दिल्ली से भी अधिक मापा गया। वहीं धूप से बचने के लिए लोग छाया की तलाश में थे। और सड़कों म भीड़ कम हो गई थी। लेकिन जैसे ही दूसरी बेला में झमाझम बारिश ने चैन की सांस पहुंचायी। ठंडी ठंडी हवा चलने के साथ ही झमाझम बारिश से धरती की तपिश कम होती चली गई, लेकिन छाता की महत्ता दोनों में रही। और छाता कहीं एक बेला धूप से बचाने का काम आया तो दूसरी बेला बारिश से बचने के लिये। लेकिन खुशियां बारिश पड़ते ही लोगों में देखने को मिला। लोग बिना छाता में भी खुशियों का इजहार में भीगना भी पसंद किये। और क्षेत्र का आबोहवा भीगा भीगा बन गया। जहां कई दिनों से रात की नींद उड़ा रखी थी। वहीं लोग चैन की नींद सो पाए।

चोरी की बाइक के साथ सात गिरफ्तार

खूंटी। जिले के मारंगहादा थाना अंतर्गत भूत मेला से विगत 10 मार्च को चोरी की गई आर एस बजाज पल्सर 220 मोटरसाइकिल जेएच–01डी एक्स 3923 को बरामद कर इस चोरी में संलिप्त सात अपराधियों को पुलिस ने पकड़ लिया। एसपी आशुतोष शेखर ने शुक्रवार शाम को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उक्त थाना क्षेत्र के पतराटोली मोड़ के पास 8 अप्रैल को अपराध निरोधी वाहन चेकिंग के दौरान तीन लोगों में दुखिया पाहन उर्फ मोटू, सोमा डोडराय और जॉनसन पूर्ति गिरफ्तार किया। जिन्होंने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया। और घटना में शामिल अन्य 4 लोगों का नाम बतलाया। इसकी छापेमारी कर घटना में शामिल सोनू सिंह, नितेश सिंह, अमन सिंह, विजय कुमार महतो, राहुल संगा, राकेश लोहरा और एक अन्य राहुल संगा का दोस्त की संलिप्तता की बात बताया। जिसके पश्चात 8 अप्रैल की रात्रि में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में छापामारी कर अभियुक्तों में सोनू सिंह नितेश सिंह अमन सिंह विजय कुमार महतो को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शेष बचे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। इस छापामारी अभियान में डीएसपी अमित कुमार अंचल पुलिस निरीक्षक राजेश प्रसाद रजक, मारंगहादा थाना प्रभारी कामेश्वर कुमार, प्रदीप सावैया,अरुण कुमार सिंह, कृष्णकांत मेहता व सशस्त्र बल शामिल थे।

खूंटी में 61 पॉजिटिव के साथ 177 कोरोना संक्रमित

खबर मन्त्र संवाददाता

खूंटी। जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में रनिया छोडकर.मुरहू से 48 अड़की से 153 तोरपा से 57 कर्रा से 127 और खूंटी प्रखंड से 322 लोगों के सैंपल लिए गए। इस प्रकार आज कुल 707 लोगों के सैंपल लिए गए। जिनमें से 61 लोगों का कोरोना पॉजिटिव निकला। इनमें मुरहू से 05 तोरपा से 04 कर्रा से 04 और खूंटी से 48 लोग कोरोना के मरीज बने। इस तरह जिले में कोरोना का प्रकोप बढ़ रहा है।

रातू में 22 लोग कोरोना पॉजिटिव

रातू। प्रखंड लगातार कोरोना विस्फोट हो रहा है। सीएचसी में शुक्रवार को 22 लोग पॉजिटिव पाये गये हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार कश्यप ने देर रात बताया कि इन संदिग्ध लोगों ने गुरुवार को सैंपल दिये थे। उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों से संक्रमण के इस भयावह दौर में संयमित होकर जिंदगी जीने की सलाह दी है।

लकड़बग्घे के हमले में महिला घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र के मासियातू पंचायत के दोकर ग्राम के आदिम जनजाति परहिया टोला में शुक्रवार की अहले सुबह महुआ चुने गई आदिम जनजाति की महिला बसंती देवी उम्र 48 वर्ष पति भुनेश्वर परहिया को जंगली लकड़बग्घा ने हमला कर दिया। जिससे बसंती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। बसंती देवी ने बताया कि अहले सुबह लगभग 5:00 बजे महुआ चुनने जंगल गई थी इसी बीच एक बड़ा लकड़बग्घा ने आकर हमला कर दिया। मेरे द्वारा शोर मचाने पर अगल बगल में महुआ चुन रहे दूसरे लोगों ने दौड़ा एवं पत्थर और लाठी डंडा से लकड़बग्घा को मारने का प्रयास किया। तब जाकर लकड़बग्घा मुझे छोड़ कर भाग गया। लकड़बग्घा के हमले से महिला का 2 दांत टूट गया व पूरे शरीर में कई गंभीर चोट लगी है। वहीं महिला का एक बायां हाथ भी टूट गया है। घटना के बाद घायल अवस्था में महिला जंगल में ही दर्द से तड़प रही थी।

पारा शिक्षक ने बचाई जान

बालूमाथ निवासी पारा शिक्षक सह समाज सेवी अमरनाथ लाल उसी रास्ते से अपने विद्यालय जा रहे थे। तत्पश्चात इसकी सूचना करमाही विद्यालय के पारा शिक्षक सह समाजसेवी राजू महतो को दिया एवं राजू महतो अपने बोलेरो से घायल महिला बालूमाथ अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार के द्वारा ईलाज किया गया। इस पुनीत कार्य के लिए बालूमाथ के लोगों ने अमरनाथ लाल एवं राजू महतो की प्रशंसा की है। ज्ञात हो कि झारखंड सरकार आदिम जनजाति महिला के लिए कई योजनाएं चलाती है लेकिन इन महिलाओं की योजनाएं कागज पर ही सिमट कर रह जाती है।

मैट्रिक और इंटर के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई हो रही है बाधित : विकास सिंह

- विद्युत विभाग के खिलाफ गोलबंद हो रहे हैं बरवाडीह के उपभोक्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



विभाग को आवेदन सौंपते भाजयुमो अध्यक्ष विकास सिंह।

बरवाडीह। गर्मी के दस्तक के साथ ही बरवाडीह प्रखण्ड में मनमाने ढंग से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इन दिनों प्रखण्ड मुख्यालय में अघोषित बिजली की कटौती काफी बढ़ गयी है, वहीं 24 घंटे आंखमिचौली जारी है। जिसके कारण शहरवासियों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है, और उपभोक्ता विभाग के खिलाफ गोलबंद होते दिखाई दे रहें हैं। इसको लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष विकास सिंह ने शुक्रवार को विद्युत कार्यालय जाकर विभाग को आवेदन सौंपा है। विकास सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में बरवाडीह में विद्युत आपूर्ति की स्थिति बहुत ही दयनीय है। आए दिन मेंटेनेंस और लोड शैडिंग के नाम पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित कर दी जाती है। जिससे आम जनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। जिन्हें आगामी कुछ दिनों में मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं देनी है। ऐसे में विभाग द्वारा मनमाने तरीके से विद्युत आपूर्ति किये जाने से छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों में भी निराशा देखी जा रही है। विकास सिंह ने विभाग के सहायक अभियंता के नाम आवेदन सौंप जल्द से जल्द व्यवस्था में सुधार लाने का अनुरोध किया है।

चीन को बचाता डब्लूएचओ

कोरोना वायरस के संभावित स्त्रोत का पता लगाने के लिए चीन में अध्ययन करने वाली अंतर्राष्ट्रीय टीम ने शुरूआती रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया है कि चमगादड़ से वायरस का प्रसार अन्य जानवरों के माध्यम से मानव में होने की संभावना अधिक है, जबकि प्रयोगशाला से वायरस लीक होने की आशंका बेहद कम है। टीम का नेतृत्व कर रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के पीटर बेन एम्ब्रेक ने कहा, टीम की प्राथमिक आंकड़ों तक पूरी तरह से पहुंच नहीं थी और उस पर भविष्य में अध्ययन करने की अनुशंसा की गयी है। उन्होंने कहा, यह केवल शुरूआत है, हमने इस जटिल अध्ययन की सतह को महज खुरचा है, और अध्ययन करने की जरूरत है। एम्ब्रेक ने कहा कि टीम ने हर ओर से राजनीतिक दबाव महसूस किया। उन्होंने चीन में निजता के मुद्दे को भी रेखांकित किया, जिसकी वजह से कुछ आंकड़ों को साझा नहीं किया जा सकता। अमेरिका और उसके सहयोगियों ने अध्ययन के नतीजों को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने चीन की ओर सीधे इशारा करने के बजाय रिपोर्ट आने में देरी और नमूनों एवं आंकड़ों तक पहुंच नहीं होने की ओर ध्यान आकर्षित कराया। इन आलोचनाओं का जवाब देते हुए चीन ने कहा कि यह मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोशिश है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि बाइडेन प्रशासन डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट की समीक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा, इसमें अहम आंकड़ों, सूचना की कमी है... उन तक पहुंच नहीं है, पारदर्शिता की कमी है। वहीं 14 देशों के संयुक्त बयान में अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने दूसरे चरण के अध्ययन को गति देने का आह्वान किया। डब्लूएच ओ पर यह आरोप लगता रहा है कि चीन के प्रति उसका रवैय्या लचीला रहा है। इस रिपोर्ट पर अमेरिका ने चिंता जताई है।

बेदम विमानन कंपनियां

कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते रविवार को वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक की थी। इसके बाद एक निजी विमानन कंपनी के मुख्य कार्याधिकारी ने अपने परिचालन प्रमुख से उड़ानें अचानक बंद करने के लिए तैयार रहने को कहा था। एक महीने पहले वह निवेशकों से मिल रहे थे और उन्हें समझा रहे थे कि विमानन क्षेत्र में पूरी तरह सुधार आ चुका है और भारतीय विमानन उद्योग का भविष्य उज्ज्वल है। कई विमानन कंपनियों द्वारा वेतन कटौती वापस लिए जाने के करीब दो हफ्ते बाद कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर आने और कई शहरों में आरटी-पीसीआर जांच अनिवार्य किए जाने से गर्मियों के लिए बुकिंग में कमी आई है। इससे विमानन कंपनियों में फिर से घबराहट बढ़ गई है। नागर विमानन मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि मार्च के पहले हफ्ते उड़ानों में 60 फीसदी सीटें भर रही थीं, जो पहले 70 फीसदी थी। विमानन उद्योग के संगठन आईएटीए के अनुसार बजट विमानन कंपनियों को मुनाफा कमाने के लिए कम से कम 80 फीसदी सीटें भरनी जरूरी हैं। घटती मांग को देखते हुए विमानन कंपनियां नए विमानों की आपूर्ति लेने में सतर्कता बरतने लगी हैं। कुछ ने तो नई आपूर्ति को टालने की तैयारी कर ली है। स्पाइसजेट और एयर एशिया मई के अंत तक 8 नए विमान लेने वाली थीं। लेकिन अब वे इसे ठंडे बस्ते में डालने की योजना बना रही हैं क्योंकि यातायात मांग को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। एक निजी विमानन कंपनी के कॉमर्शियल प्रमुख ने कहा, 'अगले 30 दिन के लिए बुकिंग में भारी कमी आई है। मई के लिए बुकिंग लगभग शून्य है। देश की विमानन कंपनियों की बुरी हालत औद्यौगिक गतिविधियों की गिरती हालत का संकेत भी दे रहें हैं। पहले से ही पतली हालत में चल रही विमानन कंपनियों को बचाना अब कठिन होगा।

पानी की हर बूंद बचानी होगी वर्तमान समय में

हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इस साल भी हमने यह दिन मनाया और पानी की महत्ता स्वीकार की। विश्व जल दिवस इस लिहाज से भी अलग था कि जलवायु परिवर्तन अपने शबाब पर है। यानी हमें हर वह काम करना होगा जो करने की जरूरत है। वर्षा-जल की हरेक बूंद को जमा कर पानी की उपलब्धता बढ़ानी है, इसका इस्तेमाल इतने कारगर ढंग से करना है कि वर्षा-जल की हरेक बूंद का इस्तेमाल हमारे भोजन या फ्लश होने वाले पानी में हो। हमें यह भी सुनिश्चित करना है कि इस्तेमाल पानी की हरेक बूंद का पुनर्चक्रण हो और प्रदूषण से वह खराब न हो। हम यह बात पहले से जानते हैं और अमल में भी लाते हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन के दौर में इतना ही काफी नहीं होगा। हमें ये सारे काम कहीं अधिक तेजी से और व्यापक स्तर पर अलग ढंग से करने होंगे।

हमें मालूम है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का ताल्लुक गर्मी और कम-ज्यादा बारिश से है। इन दोनों का जल चक्र से सीधा सह-संबंध है। इस तरह जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए पानी एवं उसके प्रबंधन पर ध्यान देना होगा।

हमें पता है कि हर नया साल इतिहास का सर्वाधिक गरम साल बनता जा रहा है और पिछले रिकॉर्ड को तोड़ता जा रहा है। भारत में ओडिशा के कुछ हिस्सों में तापमान फरवरी की शुरूआत में ही 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया था। उत्तर भारतीय राज्य बढ़ती गर्मी एवं सामान्य से अधिक तापमान के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। खास बात यह है कि यह सब 'ला नीना' के साल में हो रहा है। ला नीना प्रशांत महासागर की वे जल धाराएं हैं जो दुनिया का तापमान कम करने के लिए जिम्मेदार मानी जाती हैं। लेकिन भारत के मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि वैश्विक ताप वृद्धि ने ला नीना के इस शीतकारी प्रभाव को कम कर दिया है।

बढ़ती हुई गर्मी का जल सुरक्षा के लिहाज से कई मायने हैं। पहला, इसका मतलब है कि जल इकाइयों से अधिक वाष्पीकरण होगा। यानी हमें न सिर्फ लाखों जल निकायों में पानी जमा करने पर ध्यान देने की जरूरत है बल्कि वाष्पन के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए भी योजना बनानी होगी। एक विकल्प भूमिगत जल भंडारण यानी कुओं पर काम करने का है। भारत लंबे वक्त से भूमिगत जल प्रणालियों के प्रबंधन को कम तवज्जो देता रहा है क्योंकि सिंचाई विभाग की समूची अफसरशाही ही नहरों एवं अन्य सतही जल प्रणालियों पर आधारित है। लेकिन जलवायु परिवर्तन एवं पानी की भारी किल्लत के इस दौर में इसे बदलने की जरूरत होगी। हमें तालाबों, पोखरों एवं नहरों से होने वाले नुकसान की भरपाई के तरीके तलाशने होंगे। ऐसा नहीं है कि वाष्पीकरण से पहले नुकसान नहीं होता था लेकिन तापमान बढ? के साथ इसकी दर बहुत ज्यादा हो गई है। हमें योजना बनाने और अधिक काम करने की जरूरत है।

दूसरा, बढ़ती गर्मी का मतलब है कि मिट्टी में नमी कम होती जाएगी जिससे जमीन में धूल की मात्रा बढ़ जाएगी और सिंचाई की जरूरत बढ़ती जाएगी। भारत जैसे देश में जहां भोजन का बड़ा हिस्सा अब भी वर्षा-सिंचित इलाकों में ही पैदा होता है, वहां पर मिट्टी की नमी कम होने से भूमि अपरदन तेज होगा और धूल का बनना भी बढ़ जाएगा। जल प्रबंधन को वनस्पति नियोजन के साथ तालमेल बिठाकर चलना होगा ताकि मिट्टी में पानी को रोके रखने की क्षमता बेहतर हो, अधिक देर तक चलने वाली तीव्र गर्मी के दौर में भी।

तीसरा, साफ है कि गर्मी बढ़ने से पानी का इस्तेमाल बढ़ जाएगा क्योंकि पीने एवं सिंचाई के साथ ही जंगलों या इमारतों में लगी आग बुझाने के लिए भी ज्यादा पानी की दरकार होगी। हम दुनिया के कई हिस्सों एवं भारत में भी जंगलों में भीषण आग लगने के डरावने दृश्य देख चुके हैं। तापमान जैसे-जैसे बढ़ता जाएगा, यह सिलसिला भी तेज होता जाएगा। जलवायु परिवर्तन से पानी की मांग बढ़ेगी लिहाजा यह और भी जरूरी हो जाता है कि हम पानी के साथ अपशिष्ट जल को भी बरबाद न करें।

सच यह है कि अत्यधिक बारिश होने की बढ़ती घटनाओं के संदर्भ में भी जलवायु परिवर्तन का असर दिख रहा है। हम बारिश के एक बाढ़ के तौर पर आने की भी अपेक्षा करें। इस तरह बाढ़ों का एक चक्र पूरा होने के बाद सूखे की स्थिति और भी गंभीर हो। भारत में पहले से ही साल में बारिश कम दिन होती है। साल भर में औसतन सिर्फ 100 घंटे की ही बारिश होती है। लेकिन जलवायु परिवर्तन बारिश वाले दिनों की संख्या और कम करेगा। वैसे भारी बारिश वाले दिनों की संख्या बढ़ जाएगी।


इसका जल प्रबंधन की हमारी योजनाओं पर बड़ा असर होगा। हमें बाढ़ प्रबंधन पर अधिक शिद्दत से गौर करने की जरूरत है, नदियों के तटबंध बनाने के साथ ही बाढ़ के पानी को भूमिगत एवं सतहीय जलभंडार निकायों-कुओं एवं तालाबों में जमा किया जा सके। लेकिन हमें वर्षाजल को इक्ा करने के बारे में अलग तरह से योजना बनाने की जरूरत है।

फिलहाल मनरेगा के तहत लाखों की संख्या में बन रहे तालाब एवं पोखर सामान्य बारिश के हिसाब से डिजाइन हैं। लेकिन अब भारी बारिश की बात आम होने के साथ ही ये जल भंडार संरचनाओं को भी नए सिरे से डिजाइन करने की जरूरत है ताकि वे लंबे समय तक लबालब रहें। मूल बात यह है कि जलवायु परिवर्तन के दौर में हमें पानी की हर बूंद बचानी होगी, चाहे बारिश का पानी हो या बाढ़ का पानी।

हमें पानी एवं उसके प्रबंधन को लेकर पहले जुनूनी होना था लेकिन अब तो सेहत एवं दौलत के आधार पानी को लेकर हमें संकल्पित एवं सुविचारित रवैया अपनाना होगा। यह अपने भविष्य को बनाने-बिगाड़ने की बात है।

(लेखिका सेंटर फॉर साइंस ऐंड एनवायरनमेंट से संबद्ध हैं)





- सुनीता नारायण

वर्षा-जल की हरेक बूंद को जमा कर पानी की उपलब्धता बढ़ानी है, इसका इस्तेमाल इतने कारगर ढंग से करना है कि वर्षा-जल की हरेक बूंद का इस्तेमाल हमारे भोजन या फ्लश होने वाले पानी में हो। हमें यह भी सुनिश्चित करना है कि इस्तेमाल पानी की हरेक बूंद का पुनर्चक्रण हो और प्रदूषण से वह खराब न हो। हम यह बात पहले से जानते हैं और अमल में भी लाते हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन के दौर में इतना ही काफी नहीं होगा।

खास बात

शुभेंदु का वार

अरुण नैथानी

नंदीग्राम संग्राम के बाद ही तीन दशक से सत्ता पर काबिज वामदल की सरकार को उखाड़कर ममता बनर्जी की ताजपोशी हुई थी। तब भी आंदोलन की बागडोर शुभेंदु के हाथ में थी। अधिकारी परिवार की कर्मभूमि और राजनीतिक क्षेत्र में इस बार के मुकाबले ने शुभेंदु को राष्ट्रीय परिदृश्य में एक दमदार नेता के रूप में उभारा है। सुर्खियों में सिर्फ पश्चिम बंगाल का संग्राम है और उसमें भी सुर्खियां नंदीग्राम के संग्राम की ही हैं, जिसके केंद्र में शुभेंदु अधिकारी हैं।

कभी ममता बनर्जी के विश्वासपात्र लोगों में शुमार शुभेंदु ने पिछले वर्ष पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। आज वे राज्य में भाजपा का प्रतिनिधि चेहरा बनकर उभरे हैं।

उनके चुनाव क्षेत्र से नामांकन भरकर ममता बनर्जी ने इस चुनाव को बेहद कांटेदार व रोचक बना दिया है। यही वजह है कि विधायक बनने के बाद दो बार सांसद बनने और फिर विधायक चुने जाने के बाद परिवहन मंत्री बने शुभेंदु की गिनती कभी तृणमूल कांग्रेस में नंबर दो की होती थी। लेकिन पार्टी में निरंकुश व्यवहार करने वाली ममता बनर्जी के इशारे पर फिर शुभेंदु का कद घटाने की कवायद शुरू हुई तो उन्हें पार्टी में घुटन महसूस होने लगी। दरअसल, ममता अपने विश्वासपात्र भतीजे अभिषेक बनर्जी को पार्टी व सरकार में नंबर दो का दर्जा देने लगी, जिससे शुभेंदु ने खुद को महत्वहीन महसूस करना शुरू किया। फिर जब तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रणनीति की बागडोर प्रशांत किशोर को सौंपी गई और अभिषेक बनर्जी की दखल बढ़ी तो शुभेंदु ने खुद को पार्टी से अलग करने का मन बनाया। कुछ समय तो वे पार्टी में निष्क्रिय रहे। फिर मंत्री पद और पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया।

शुभेंद अधिकारी की गिनती उन दिग्गज टीएमसी नेताओं में होती है, जिन्होंने संगठन कौशल से पार्टी को सत्ता की दहलीज तक पहुंचाया। उन्होंने न केवल वामपंथी संगठनों व ट्रेड यूनियनों के गढ़ों को तोड़ा बल्कि टीएमसी का जनाधार भी मजबूत किया। छात्र राजनीति से सक्रिय राजनीति में आने वाले शुभेंदु वर्ष 1989 में कांग्रेस के छात्र संगठन में चुने गये।

जीवन मूल्य

धर्म-प्रवाह

अनुराग वत्स

नचिकेता वहां तीन दिन तक बगैर खाए-पिए उनका इंतजार करता रहा। यम आए। जब जाना कि अतिथि एक बालक है और तीन दिन से उनकी राह देख रहा था, तो प्रसन्न होकर कहा, ह्यहमसे तीन वरदान मांग लो। कम उम्र के नचिकेता ने परिपक्व समझ दिखाते हुए यम से पहले वर के रूप में यह मांगा कि वह जब यहां से लौटे, तो उसके पिता उसे देख खुश हो जाएं।

यानी उसने जीवन मांग लिया। फिर उसने जिज्ञासा प्रकट की कि मुझे उस आग के बारे में बताएं, जिससे गुजरकर इंसान स्वर्ग पहुंचता है। तीसरे मुझे उस अमरता के बारे में बताएं, जिसकी चाह हर इंसान को मृत्यु के बाद रहती है। नचिकेता के सवालों से यमराज असमंजस में पड़ गए। जीवन का वर तो दे दिया लेकिन बाकी बातें उन्हें झमेले वाली लगीं। उन्होंने बालक का मन बदलने के लिए कहा कि ऐसी जिज्ञासाओं की बजाय तुम धन-दौलत, ऐशो-आराम की तमाम चीजें मांग लो। मजे से रहो।

भला यह कैसी अटपटी जिज्ञासा लेकर बैठ गए। लेकिन नचिकेता टस-से-मस नहीं हुआ। तब यम ने उसकी सारी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

सवाल है कि यम यानी मृत्यु के सामने नचिकेता जीवन और उसकी तमाम सुख-सुविधाएं न मांगकर अपनी जिज्ञासा पर क्यों अटल रहा? इसका जवाब नचिकेता पर यादगार कविता-पुस्तक आत्मजयी लिखनेवाले कुंवर नारायण यूं देते हैं, नचिकेता का हठ एक दृढ़ जिज्ञासु का हठ है।

कॉर्टून वर्ल्ड

बेहाल महाराष्ट्र ...



साभार बीबीसी न्यूज

लेटर टू एडीटर

ऑनलाइन शिक्षा

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के अनुसार कोविड-19 की अवधि में शिक्षा को बचाना इस समय सबसे मूल्यवान है। इस अवधि के दौरान शिक्षा बहुत अधिक प्रभावित हुई है। ऑनलाइन शिक्षा ही शिक्षा प्रदान करने का विकल्प बन गई है। शिक्षकों और छात्रों के बीच प्रत्यक्ष संपर्क समाप्त हो गया है। वर्तमान में देश ऐसी शिक्षा के लिए तैयार नहीं है।

–नरेंद्र शर्मा, रांची

शीघ्र पलायन रोकें

कोरोना संक्रमण में बढ़ोतरी से व्यापार, व्यवसाय और औद्योगिक क्षेत्रों में भय का माहौल है। इस बार फिर महानगरों से मजदूरों का पलायन शुरू हो गया है। ऐसी स्थिति में मजदूरों को अपने कार्यस्थल पर रोकने की योजना बनाए जाने की महती जरूरत है, जिससे तालाबंदी में भी उत्पादन प्रभावित न हो। सरकार को जल्द ही पहल करनी होगी।

–अमृतलाल मारू हजारीबाग

लगातार हाईकोर्ट द्वारा रिम्स रांची, रांची के सिविल सर्जन और राज्य के स्वास्थ्य विभाग पर की गयी टिप्पणियां चिंतित करती हैं, लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही सीएम हेमंत जी,खुद आगे आकर स्थिति संभालें,सुधार न हुआ तो सरकार की कार्यशैली पर कोर्ट की टिप्पणी से शर्मिन्दगी होगी।

–महेश पोद्दार, सांसद

आपके ट्वीट

बीजेपी बताए कि उन्हें गरीब का निवाला इतना क्यूँ अखर रहा था कि उन्होंने 11 लाख गरीबों से राशन छीन लिया था? जबकि हमारी सरकार ने आते ही 15 लाख नये लाभुकों को राशन कार्ड से जोड़ा।

– हेमंत सोरेन





मैं महान हरीचंद ठाकुर की जयंती पर उन्हें नमन करता हूं। उनके जीवन से अनेक लोगों को प्रेरणा मिली। उन्होंने शिक्षा और मानवसेवा को अपने जीवन का उदेश्य बनाया।

– नरेन्द्र मोदी

तेल के मूल्यों से प्राप्त कर का सही उपयोग करे सरकार

भरत झुनझुनवाला

सामयिक

जनता तेल के बढ़ते दामों को लेकर परेशान है। बीते चार वर्षों में विश्व बाजार में कच्चे ईंधन तेल का दाम लगभग 40 से 70 डालर प्रति बैरल रहा था। इस सम्पूर्ण अवधि में भारत में पेट्रोल का दाम लगभग 70 से 75 रुपये प्रति लीटर रहा था। वर्तमान में विश्व बाजार में कच्चे तेल का दाम 65 डालर प्रति बैरल है। इसलिए आशा की जाती थी कि भारत में पेट्रोल का दाम भी लगभग 70 से 75 रुपये प्रति लीटर ही रहेगा। लेकिन अपने देश में पेट्रोल का दाम 90 से 100 रुपये प्रति लीटर हो गया है जो कि प्रथम दृष्टया अनुचित दिखता है।

वर्तमान में तेल के ऊंचे दाम को समझने के लिए कोविड के प्रभाव को समझना होगा। बीते वर्ष जून के माह में कोविड संकट के कारण तमाम देशों ने लॉकडाउन लगा दिए थे, जिससे यातायात और उद्योग ठप हो गये थे और विश्व बाजार में कच्चे तेल की मांग काफी गिर गयी थी। यहां तक कि कई तेल कम्पनियों ने जिस तेल को जहाजों पर भर रखा था, उसे वे शून्य मूल्य पर भी बेचने को तैयार थे, ताकि जहाज को खाली किया जा सके और जहाज को खड़े रखने का डैमरेज न पड़े। उस समय अपने देश में भी आयातित कच्चे तेल का दाम कुछ कम हुआ था। बताते चलें कि कुछ तेल का आयात तत्काल बाजार भाव पर किया जाता है लेकिन अधिकतर तेल का आयात लम्बी अवधि के समझौतों के अंतर्गत किया जाता है, जिसके अंतर्गत आयात किये गये तेल का मूल्य तात्कालिक बाजार भाव से प्रभावित नहीं होता। इसलिए यदि बाजार में तेल का भाव शून्य हो गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि शून्य मूल्य पर भारत मनचाही मात्रा का तेल खरीद सके। यदि भारत कुछ तेल शून्य मूल्य पर खरीदता भी है तो भी लम्बी अवधि के समझौतों के अंतर्गत पूर्व में निर्धारित मूल्यों पर तेल को खरीदते रहना पड़ेगा। फिर भी बीते वर्ष कोविड संकट के समय भारत द्वारा खरीदे गये तेल के मूल्य में गिरावट आई थी। उस समय भारत सरकार ने तेल पर वसूल की जाने वाली एक्साइज डयूटी को बढ़ा दिया।

तेल के ऊंचे दाम का प्रभाव मुख्यतः ऊपरी वर्ग पर पड़ता है। अपने देश में तेल के मूल्य का ऊपरी और कमजोर वर्गों पर अलग-अलग प्रभाव के आंकड़े उपलब्ध नहीं हुए लेकिन अध्ययन के अनुसार यानी ऊपरी वर्ग पर तेल के बढ़े हुए मूल्यों का सोलह गुना प्रभाव अधिक पड़ता है। यह कहना उचित होगा कि तेल के ऊंचे मूल्यों का विरोध करने के लिए ऊपरी वर्ग द्वारा निचले वर्ग को ढाल के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

तेल के ऊंचे मूल्यों का लाभ पर्यावरण का है। खपत कम होने से तेल से उत्सर्जित कार्बन की मात्रा कम होगी, जिससे धरती के तापमान में वृद्धि कम होगी और अपने देश समेत सम्पूर्ण विश्व में बाढ़ और सूखे जैसी आपदाएं कम होंगी। चौथा और संभवतः प्रमुख लाभ यह है कि कोविड संकट के दौरान सरकार का वित्तीय घाटा बहुत बढ़ गया है। इसलिए सरकार को जनता पर टैक्स लगा कर इस घाटे की पूर्ति तो करनी ही पड़ेगी। प्रश्न सिर्फ यह बचता है कि सरकार तेल पर टैक्स लगाकर अपने घाटे की भरपाई करेगी या फिर कपड़े और कागज पर लगाकर। असल में कपड़े और कागज जैसी आवश्यक एवं उपयोगी वस्तुओं के स्थान पर तेल पर अधिक टैक्स वसूल करना ही उचित होगा। विशेषकर इसलिए कि तेल पर टैक्स वसूल करने का बोझ आम आदमी पर कम और समृद्ध वर्ग पर ज्यादा पड़ेगा। तेल के ऊंचे मूल्य सही हों तो भी सरकार की आलोचना इस बिंदु पर की जानी चाहिए कि तेल के ऊंचे दामों से अर्जित रकम का उपयोग तेल की खपत को और कम करने के लिए किया जाए। सार्वजनिक यातायात जैसे बसों, मेट्रो आदि में सुधार किया जाए।

नक्सलवाद से निबटने के लिए सही रणनीति जरूरी

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

इस समय छत्तीसगढ़ के 14 जिलों में और देश के लगभग 50 अन्य जिलों में नक्सलियों का दबदबा है। ये वहां छापामारों को हथियार और प्रशिक्षण देते हैं और लोगों से पैसा भी उगाहते रहते हैं। ये नक्सलवादी छापामार सरकारी भवनों, बसों और नागरिकों पर सीधे हमले भी बोलते रहते हैं।

छत्तीसगढ़ के टेकलगुड़ा के जंगलों में 22 जवान मारे गए और दर्जनों घायल हुए। माना जा रहा है कि इस मुठभेड़ में लगभग 20 नक्सली भी मारे गए। यह नक्सलवादी आंदोलन बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से 1967 में शुरू हुआ था। इसके आदि प्रवर्तक चारु मजूमदार, कानू सान्याल और कन्हाई चटर्जी जैसे नौजवान थे। ये कम्युनिस्ट थे लेकिन माओवाद को इन्होंने अपना धर्म बना लिया था। मार्क्स के कम्युनिस्ट मेनिफेस्टो के आखिरी पेराग्राफ इनका वेदवाक्य बन गया है। ये सशस्त्र क्रांति के द्वारा सत्ता-पलट में विश्वास करते हैं। इसीलिए पहले बंगाल, फिर आंध्र व ओडिशा और फिर झारखंड और मप्र के जंगलों में छिपकर ये हमले बोलते रहे हैं और कुछ जिलों में ये अपनी समानांतर सरकार चलाते हैं।

इस समय छत्तीसगढ़ के 14 जिलों में और देश के लगभग 50 अन्य जिलों में इनका दबदबा है। ये वहां छापामारों को हथियार और प्रशिक्षण देते हैं और लोगों से पैसा भी उगाहते रहते हैं। ये नक्सलवादी छापामार सरकारी भवनों, बसों और नागरिकों पर सीधे हमले भी बोलते रहते हैं। जंगलों में रहने वाले आदिवासियों को भड़का कर ये उनकी सहानुभूति अर्जित कर लेते हैं और उन्हें सब्जबाग दिखाकर अपने गिरोहों में शामिल कर लेते हैं।

ये गिरोह इन जंगलों में कोई भी निर्माण-कार्य नहीं चलने देते हैं और आतंकवादियों की तरह हमले बोलते रहते हैं। पहले तो बंगाली, तेलुगु और ओड़िया नक्सली बस्तर में डेरा जमाकर खून की होलियां खेलते थे लेकिन अब स्थानीय आदिवासी जैसे हिडमा और सुजाता जैसे लोगों ने उनकी कमान संभाल ली है।

केंद्रीय पुलिस बल आदि की दिक्कत यह है कि एक तो उनको पर्याप्त जासूसी सूचनाएं नहीं मिलतीं और वे बीहड़ जंगलों में भटक जाते हैं। उनमें से एक जंगल का नाम ही है– अबूझमाड़। इसी भटकाव के कारण इस बार सैकड़ों पुलिसवालों को घेरकर नक्सलियों ने उन पर जानलेवा हमला बोल दिया। 2013 में इन्हीं नक्सलियों ने कई कांग्रेसी नेताओं समेत 32 लोगों को मार डाला था। ऐसा नहीं है कि केंद्र और राज्य सरकारों ने अपनी आंख मींच रखी है। 2009 में 2258 नक्सली हिंसा की वारदात हुई थी लेकिन 2020 में 665 ही हुईं। 2009 में 1005 लोग मारे गए थे जबकि 2020 में 183 लोग मारे गए। आंध्र, बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना के जंगलों से नक्सलियों के सफाए का एक बड़ा कारण यह भी रहा है कि वहां की सरकारों ने उनके जंगलों में सड़कें, पुल, नहरें, तालाब, स्कूल और अस्पताल आदि बनवा दिए हैं। बस्तर में इनकी काफी कमी है।

पुलिस और सरकारी कर्मचारी बस्तर के अंदरुनी इलाकों में पहुंच ही नहीं पाते। केंद्र सरकार चाहे तो युद्ध-स्तर पर छत्तीसगढ़-सरकार से सहयोग करके नक्सल-समस्या को महिने-भर में जड़ से उखाड़ सकती है। यह भी जरूरी है कि अनेक समाजसेवी संस्थाओं को सरकार आदिवासी क्षेत्रों में सेवा-कार्य के लिए प्रेरित करे। दबे जुबान से व्यवस्था को कोसते जवानों के परिजन की चिंता करनी होगी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

मांडर प्रखंड में मिले 11 कोरोना पॉजिटिव

मांडर। प्रखंड में शुक्रवार को मांडर में मिले 11 कोरोना पॉजिटिव के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यायल की आठ छात्राओं के साथ ही एक बैंक के दो कर्मचारी भी इस वायरस की चपेट में आ गये हैं। शहरी क्षेत्र के बाद अब कोरोना वायरस अब ग्रामीण क्षेत्र में भी पांव पसरना शरू कर दिया है। फिर भी यह के लोग मास्क पहनना जरूरी नहीं समझ रहे हैं। स्थानीय प्रशासन सभी दुकानदारों को आठ बजे से पहले अपनी अपनी दुकान बंद कर देने को कहा। साथ ही सभी दुकानदारों को मास्क लगने को कहा फिर भी लोग आदेश की अवहेलना से बाज नही आ रहे हैं।

पड़ोसी से मारपीट में मां-बेटा घायल

मांडर। थाना क्षेत्र के बंझिला गांव में शुक्रवार को पड़ोसी के साथ हुई मारपीट की घटना में जबिना खातून और उसका बेटा खुर्शीद अंसारी घायल हो गया। दोनों को मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से जबिना खातून को रिम्स रेफर किया गया। जबकि उसकी बेटा खुर्शीद को ईलाज के बाद छोड़ दिया गया।

पत्रकार को धमकी देने की निंदा

खलारी। कोयलांचल में प्रेस क्लब की एक बैठक मुक्तिनाथ गिरि की अध्यक्षता हुई। बैठक में मैक्लुस्कीगंज के पत्रकार रविन्द्र कुमार उर्फ रवि के साथ हुटाप मुखिया आशा देवी द्वारा फोन पर धमकी दिए जाने की निंदा की गई। साथ ही प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की गई। बैठक में धीरेंद्र प्रसाद, विनीत कुमार, दिनेश पांडेय, रोहित कुमार, सुनील कुमार, बसंत कुमार पंकज, गोपी चौरसिया, सहित अन्य उपस्थित थे।

तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में चला मास्क चेकिंग अभियान

तमाड़। विधानसभा क्षेत्र में लगातार विद्यालयों में कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर काम कर रही है। अब तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में 60 से ज्यादा मरीज कोविड-19 के शिकार हो चुके है। इसी के मद्देनजर क्षेत्र में मास्क चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई बाइक, कार, ऑटो समेत अन्य वाहनों पर सवार लोगों का मास्क चेक किया गया। मास्क नहीं पहने रहने पर उन्हें हिदायत दी गयी। जांच के क्रम में कई लोगों ने पॉकेट से मास्क निकाला तो उन्हें पुलिसकर्मियों ने जमकर फटकार लगायी। साथ ही नजदीक दुकान से मास्क खरीद कर लाने को कहा गया। इसके बाद ही उन्हें छोड़ा गया। विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग इलाकों में मास्क चेकिंग अभियान के लिए टीम बनाकर चेकिंग अभियान जारी है।

सिल्ली-मुरी में दिन भर बिजली गुल रही

सिल्ली। सिल्ली मुरी एवं आसपास के इलाके में शुक्रवार को दिन भर बिजली गुल रही। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 33 केवीए के सप्लाई में कुछ काम चल रहा था इसलिए 11 बजे से ही बिजली काट दी गयी थी। विभाग ने मरम्मत के काम के बाद तीन बजे विजली बहाल करने की बात कही थी लेकिन शाम के छह बजे तक भी बिजली नहीं आयी थी। विभाग के लोगों ने बताया कि जोन्हा इलाके में तेज आंधी व बारिश के कारण फिर से खराबी आ गई इस कारण समाचार लिखे जाने तक बिजली नहीं आयी थी।

मजदूर सेवा संगठन की कमेटी का गठन

बुंडू। बुंडू में स्वयंसेवी संस्था मजदूर सेवा संगठन का तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया। मौके मजदूरों के हितों के लिए सदैव तत्पर रहने, जनकल्याण के लिए आपदा एवं अन्य विषम परिस्थितियों में सामाजिक गतिविधियों में हमेशा सक्रिय रहने का संकल्प लिया गया। मौके पर कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष- ठाकुर जीतमोहन प्रमाणिक, सचिव- सूरज भगत, कोषाध्यक्ष- दिवाकर प्रजापति उपाध्यक्ष- विवेक लायेक, हेमंत सिंह, सह सचिव- उदित गोस्वामी, पवन स्वांसी बनाये गये हैं।

ओरमांझी बाजार से 13 लोग एक टेंपो पर सवार होकर जा रहे थे घर

टेंपो पलटने से दो की मौत, 11 घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। एनएच-33 फोरलेन पर एक टेंपो के पलट जाने से उसपर सवार एक महिला शुक्रमणि देवी सहित दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक बच्चा सहित 11 लोग घायल हो गए हैं। घटना के संबंध में बताया गया कि टेंपो में चालक सहित कुल 13 लोग सवार थे। सभी शुक्रवार की दोपहर में ओरमांझी बाजार से टेंपो संख्या जेएच01बीजी- 2591 पर सवार होकर टुंडाहुली बिजांग व लुपुंगा अपने घर जा रहे थे।

टेंपो जैसे ही पालू के पास पहुंचा एक मवेसी को बचाने में पलट गया। टेंपो पलटते ही चिख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सीएसची, मेदांता और रिम्स भेजा गया। पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त टेंपो को जब्त कर मृतक टुंडाहुली निवासी जबार अंसारी 42 वर्ष, पिता बिगलाहा अंसारी और अज्ञात महिला के शव को पोस्टमार्ट के लिए रिम्स भेज दिया गया।



ओरमांझी में सड़क के किनारे अनियंत्रित होकर पलटा टेंपो।









घायल यात्री नंदिता कुमारी 16 वर्ष, बबिता कुमारी 22 वर्ष, मनराज मुंडा 50 वर्ष, लैला खातुन 38 वर्ष व जागो देवी 32 वर्ष सभी टुंडाहुली के रहने वालो हैं। वहीं लुपुंगा के उमीर्ला देवी 45 वर्ष व चरण देवी 43 वर्ष शामिल हैं। इसके रामगढ़ जिला भुरकुंडा मधुकमा के हेमंती देवी 32 वर्ष और बिजांग के पिंकी देवी अलावा एक लगभग 8 वर्षीय बच्चा घायल हो गया है। सभी का उपचार विभिन्न हॉस्पिटल में चल रहा है। अपने-अपने परिजनों का हाल जानने के लिए देर शाम तक उनके परिजन परेशान रहे।

सड़क हादसे में महिला घायल, रिम्स रेफर

- रांची-गुमला मार्ग के जरिया गांव के निकट हुआ हादसा
- कार और ट्रक की टक्कर में कार में सवार महिला घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर जरिया गांव के समीप शुक्रवार की दोपहर लगभग दो बजे मारुति ओमनी कार जेएच 01सीएस 0228 और धान लदे ट्रक जेएच 01 बीसी 1306 में टक्कर हो गई।

इससे कार में सवार इटकी गांव निवासी मो शोएब की पत्नी 40 वर्षीया शबनम परवीन गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने सड़क दुर्घटना में घायल महिला को उठाकर इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इधर कार चालक ने बताया कि वे इटकी से केशा गांव आ रहे थे। इसी दौरान गुमला की ओर से आ रही ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। बेड़ो थाना क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है।



दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त वैन।

प्रेमी के घर रह रही प्रेमिका ने किया आत्मदाह का प्रयास

➲ 50 प्रतिशत जली युवती, रिम्स रेफर, लिव इन रिलेशनशिप में प्रेमी के घर रहती थी प्रेमिका

खबर मन्त्र संवाददाता

बेड़ो। हरिहरपुर जामटोली के बोको टिकरा निवासी अपने प्रेमी सूरज गोप के घर में कई दिनों से लिव इन रिलेशनशिप में रह रही आदिवासी युवती ने अपने प्रेमी द्वारा शादी से इनकार करने पर मिट्टी तेल उड़ेल कर अपने शरीर में आग लगा ली। इसे देख प्रेमी सूरज गोप और उसके पड़ोसियों में अफरा तफरी मच गई। घटना पिछले गुरुवार की देर शाम की है। साथ जीने मरने की कसमें के बाद आपस में कहा-सुनी के बाद प्रेमिका के द्वारा मिट्टी तेल छिड़ककर आग लगा लेने की घटना के बाद जानकारी मिलने पर जामटोली पंचायत के मुखिया सुनील कच्छप ने ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस बुलाकर आत्मदाह का प्रयास करने वाली घायल प्रेमिका को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। घायल युवती ने थाना प्रभारी बेड़ों के समक्ष इतना ही बोल पाई कि वह उस सूरज से प्यार करती है और शादी करना चाहती है, लेकिन वह शादी करने से इनकार कर दिया। इसी गुस्से में उसने मिट्टी तेल छिड़ककर अपने शरीर में आग लगा ली। गंभीर स्थिति में युवती का प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स भेज दिया गया। इसके पूर्व घटना के दौरान गांव के आसपास के कुछ लोगों द्वारा किसी तरह लड़की में लगी आग को बुझाने के लिए उसे कंबल से ढंक दिया। हालांकि कंबल ढंकने से आग तो बुझ गया, लेकिन घायल के शरीर पर चिपक गया। इससे उसके शरीर पर काफी प्रतिकूल असर पड़ा है। इस संबंध में सूरज के परिजनों ने बताया कि सूरज और गढ़गांव टिकराटोली की रहने वाली युवती के बीच पिछले दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों ही बालिग हैं। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। उधर सूरज के दादा ने बताया कि सूरज और उसकी प्रेमिका दोनों कई दिनों से एक साथ रह रहे हैं। समझाने के बावजूद सूरज नहीं समझ पाया।



घटनास्थल पर उदास खड़े सूरज के दादा एवं दादी।

वृद्धा के गले की चेन उड़ा ले गये ठग

उजाला कंपनी के नाम पर घर पहुंचे ठग, कहा- बर्तन चमकाते हैं

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र में महिलाओं के गले से चेन छिनने वाला गिरोह की सक्रियता बढ़ गयी है। गिरोह के दो लोगों ने शुक्रवार को एतवार बाजार की उर्मिला पाठक (75 वर्ष) को निशाना बनाया। इस बार अपराधियों का अंदाज अलग था। दरवाजे पर पहुंच आवाज दी कि वह उजाला कंपनी से आये हैं। सोने-चांदी के जेवरात और कांसे के बर्त्तन की सफाई करते हैं। उर्मिला देवी उनके झांसे में आ गयी। पहले लोटा साफ करायी। लोटे में चमक देख उन्होंने चांदी का पायल भी धुलाई। इतने में दोनों की नजर उनके गले की चेन पर पड़ी। वह उसे साफ कर देने की जिद करने लगे। वृद्धा ने इसका विरोध किया। इतने में शोर-गुल सुन पोती श्रुति पाठक अंदर से निकली। उसने देखा कि दो युवक उनकी दादी के गले से चेन उतारने की कोशिश कर रहे हैं। वह खुद चेन खोल उसे साफ कराने की बात कही। श्रुति ने चेन खोली। युवकों ने एक कटोरे में उसे रख कैमिकल डाला। इससे कटोरे में अचानक धुएं भर आया और देखते ही देखते वह चेन लेकर फरार हो गये। इसके बाद उन्हें ढूंढने का प्रयास किया गया। लेकिन, उनका कोई पता नहीं चला। चेन की अनुमानित कीमत एक लाख रुपये बतायी जा रही है। घटना दिन के करीब साढ़े दस बजे की है। मामले को लेकर पीड़िता की बहू प्रो संध्या पाठक की ओर से रातू थाने में दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है।

पुलिस के लिए सिरदर्द बना गिरोह

रातू। इलाके में आये दिन हो रही हत्या, लूट, चोरी व छिनतई की घटना से आम नागरिक भयभीत हैं। अपराधकर्मी रोजाना किसी न किसी घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। पुलिस के लिये यह गिरोह सिरदर्द बना हुआ है। वह अपराधियों तक पकड़ बनाने और उन्हें गिरफ्तार करने में जुटी हुयी है। इसके बावजूद अभी तक कोई कामयाबी नहीं मिली है।

खराब चापानलों की करायें मरम्मत: सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

सिल्ली। इलाके में गर्मी के दिनों में लोगों के पास पेयजल सुविधा मुहैया कराने के लिये स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने प्रखण्ड के सभी पंचायतों में जलमीनार एवं चापानलों के मरम्मत के लिए प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखण्ड कार्यकारिणी समिति के सदस्यों, पंचायतों के पंचायत कार्यकारिणी समिति के प्रधानों, पंचायत समिति के सदस्यों एवं पंचायत सचिवों के साथ एक बैठक की।

बैठक में विधायक ने सभी पंचायतों में खराब पड़े चापानलों एवं जलमीनारों की समीक्षा की। पंचायत वार सभी पंचायत कार्यकारिणी के प्रधानों एवं सचिवो से खराब पड़े चापानलों की जानकारी ली। विधायक ने कहा कि गर्मी में होने वाले जलसंकट से निबटने के लिये सभी खराब पड़े चापानलों एवं जलमीनारों की समय से पूर्व मरम्मत किये जाने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी पंचायतों में ग्राम सभा करके चापानल निर्माण के लिये लाभुक समिति का गठन करें। समितियों का बैंकों में खाता खोले यह काम सात दिन मे हो जाये एवं लाभुक समिति में जिम्मेदार लोग ही हों इसका ख्याल रहे। विधायक ने दो दिनों के भीतर सभी पंचायतों को उनके क्षेत्र में खराब पड़े जलमिनारों को भी सूचीबद्ध करके बीडीओ को सौंपने का निर्देश दिया।

वहीं विधायक ने कहा कि 18 करोड़ की लागत से प्रखंड के 21 गांवों में जून तक घर घर नल से जल पहुंचाने की योजना है। जिससे 3500 परिवार लाभान्वित होंगे। इस दौरान जल संचय पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए विधायक ने हर गांव में वृक्षारोपण, तालाब निर्माण एवं पुराने चेक डैम का जीर्णोद्धार कार्य करने की बात कही। बैठक में जिला कार्यकारिणी समिति के सदस्य गौतम कृष्ण साहू, वीणा देवी प्रखण्ड कार्यकारिणी समिति के सदस्य रेखा देवी, प्रफुल्ल कुम्हार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकड़ा, पीएचईडी के सहायक अभियंता तिलोस्फर मिंज, कनिया अभियंता प्रभुशंकर राम, बिजली विभाग के कनिया अभियंता स्वामी साव समेत प्रखंड व पंचायत स्तर के कई लोग मौजूद थे।



सिल्ली में बैठक करते सुदेश महतो व अन्य।

सभी जलमीनारों को करायें दुरुस्त

अनगड़ा। प्रखंड के जोन्हा क्षेत्र के पांच पंचायतों जोन्हा, बरवादाग, गुड़ीडीह, टाटी व सुरसू में लोगों को पेयजल समस्या से निजात दिलाने को लेकर विधायक सुदेश महतो ने शुक्रवार को गुड़ीडीह वन विश्रामागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी पंचायतों में पेयजल की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों के रिपोर्ट के अलावा पंचायत प्रतिनिधियों व आजसू कार्यकर्ताओं से ग्राउंड रिपोर्ट लिया गया। सुदेश ने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि श्रेत्र के ग्रामीणों को इस गरमी में बगैर किसी परेशानी के शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। बैठक में पाया गया कि क्षेत्र में कुल 160 चापाकल व 14वें वित्त मद से लगाये गये 17 जलमीनार खराब पड़े है, विधायक ने तत्काल उनका मरम्मत 15वें वित्त की राशि से कराने का निर्देश दिया।

अंचल करेगा ओरमांझी बाजार से मासूल वसूली

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। जबतक ओरमांझी बाजार की बंदोबस्ती नहीं होती तबतक अब अंचल द्वारा राजस्व की वसूली की जाएगी। उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपाल पदाधिकरी जिला परिषद के निर्देष पर शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में सीओ की अनुपस्थिति में सीआई रंजीत कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में बीडीओ कुमार अभिनव स्वरूप, उपप्रमुख जयगोविंद उर्फ लालु साहू, जिप सदस्य सरिता देवी, मुखिया बीना देवी के अलावा स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित थे, जिसमें शुक्रवार व मंगलवार को लगने वाले ओरमांझी बाजार में राजस्व वसूली का दर निर्धारित किया गया। जिसमें राषन दुकान से 30 रुपया, फल दुकान से 20 से 50 रूपया, बाहर से आए बड़े व्यापारी से 50 रुपया, छोटे व्यापारी से 10 से 20 रुपया, मीट-मुर्गा दुकान से 50 रुपया, मछली दुकान, कपड़ा दुकान व अन्य सभी प्रकार के दुकान से 20 से 50 रूपया लिया जाएगा। इसके अलावा बकरी बिक्री करने वाले से खरीद राशि का दो फीसदी राजस्व लिया जाएगा। बताया गया कि पूर्व में सरकार के निर्देश पर बाजार से राजस्व वसूली बंद कर दिया गया था, लेकिन ओरमांझी बाजार का फिर से बंदोबस्ती होने वाले थी, लेकिन कोविड-19 को लेकर फिलहाल बंदोबसती प्रक्रिया रोक दी गई है। जबतक बंदोबस्ती नहीं हो जाती तबतक अंचल को राजस्व वसूली की जिम्मेवारी सौपी गई है। बैठक के बाद अंचल के फोर्थ ग्रेड कर्मी चांदमनी हेस्सा व अंचल नाजीर को राजस्व प्रपत्र प्रिंट करने का निर्देश भी दे दिया गया है।



बैठक में उपस्थित पदाधिकरी व जनप्रतिनिधि।

एक नजर में

सोनाहातू : जिन्तु गांव में मना सरहुल महोत्सव



जिंतु गांव में सरहुल महोत्सव में नृत्य करते युवक-युवतियां।

सोनाहातू। प्रखंड के जिंतु गांव में शुक्रवार को सरहुल महोत्सव मनाया गया। गांव के सरना स्थल में द्वारिका मुंडा ने सिंगा बोंगा की पूजा किया। सरहुल पूजा के बाद लोक सांस्कृतिक आधारित नृत्य का आयोजन हुआ। पूरे गांव के लोग आदिवासी शैली नृत्य मंडली के साथ सरना स्थल पर नृत्य किये। लोगों ने उत्साह के साथ सरहुल पर्व को मनाया। मौके जिला परिषद अध्यक्ष सुकरा मुंडा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रताप कुशवाहा, दिलेश्वर कोईरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

कस्तूरबा की छात्राओं की हुई करोना जांच

सोनाहातू। प्रखंड प्रशासन के निदेशानुसार सोनाहातू कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की कक्षा 10 एवं 12 की 90 और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे की 10 वीं की 50 छात्राओं समेत सभी शिक्षिकाओं एवं कर्मियों का कोरोना टेस्ट विद्यालय परिसर किया गया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि सभी छात्राएंऔर शिक्षिकाएं नेगेटिव पाई गई है। इस दौरान वार्डेन सरोजिनी टोप्पो ने बतलाया कि सभी छात्राओं को कोरोना गाइडलाइन्स का पालन कराया जा रहा है तथा स्कूल और छात्रावास में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूर्ण निषेध है। वार्डेन और शिक्षिकाएँ भी परीक्षा समाप्ति तक विद्यालय में ही रहेंगी। इन्हें भी विद्यालय से बाहर जाने की अनुमति नहीं है।



जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।

झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन राहे के अध्यक्ष बने संदीप मांझी



चयनित नई कमेटी में शामिल सदस्य।

राहे। भगत सिंह चौक राहे में करोना गाइडलाइन का पालन करते हुए झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन का प्रथम सम्मेलन संपन्न हुआ। पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड राज्य किसान संघर्ष समन्वय समिति के राज्य संयोजक सुफल महतो उपस्थित थे। सम्मेलन के दौरान राहे प्रखंड के लिये कमेटी का गठन किया गया। कमिटी में अध्यक्ष संदीप मांझी,सचिव उदय सिंह, कोषाध्यक्ष गंगाधर साव, उपाध्यक्ष संजय सिंह,संजय गोंझू, मधुसूदन प्रजापति, संयुक्त सचिव रामटहल महतो, बुधलाल महली, हरेन प्रजापति को चयन किया गया। साथ ही 20 कार्यकारिणी सदस्य का भी चयन किया गया।

सामूहिक पुलिसिंग के तहत बेड़ो पुलिस ने केनाभिट्ठा गांव में चलाया जागरूकता अभियान

डायन-बिसाही और मॉब लिंचिंग जघन्य अपराध

खबर मन्त्र संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड में डायन-बिसाही और मॉब लीचिंग की मिल रहे शिकायत के बाद बेड़ो पुलिस ने सामूहिक पुलिसिंग पर पहल करते हुए शुक्रवार को केनाभिट्ठा गांव में थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने पंचायत की निवर्तमान मुखिया की उपस्थिति में ग्रामीणों के बीच डायन बिसाही और मॉब लिंचिंग के संदर्भ में जागरूकता अभियान चलाया। जहां थाना प्रभारी ने कहा कि लोगों में जागरूकता व शिक्षा की कमी के कारण लोग डायन बिसाही में विश्वास करते हैं। जो बिल्कुल गलत है। ग्रामीण के समक्ष जो भी छोटी बड़ी समस्या आती है।

उसे आप प्रशासन को बताइए। प्रशासन आपके साथ है। कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में न लें। आपकी हर शिकायत पर प्रशासन कानून सम्मत करवाई करेगा। वही उन्होंने ग्रामीणों को आस्वस्त करते हुए कहा कि आपकी सेवा में बेड़ो थाना के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों की मौजूदगी में प्रत्येक शुक्रवार को एक ग्राम सभा कर व्यक्तिगत रूप से आपकी समस्याएं सुनकर उसका निराकरण किया जाएगा। आप अपनी समस्या उनके समक्ष रख सकते है। लोग डायन-बिसाही व मॉब लीचिंग से बचे। किसी तरह की बात होती है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। प्रशासन आपके साथ है। इधर थाना प्रभारी ने बताया कि इस बेड़ो प्रखंड के सतरह पंचायतों में किसी न किसी दिन ग्राम सभा कर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।



थाना प्रभारी ने केनाभिट्ठा में डायन बिसाही को लेकर जागरूकता अभियान चलाया।

बीमार होने पर स्वास्थ्य केंद्र में करायें इलाज

बीमार पड़ने पर निकट के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और अपना इलाज कराए। ओझा गुणी के चक्कर में नहीं पड़ें। बीमारी का इलाज सिर्फ दवा है। मौके पर मुखिया बसंती कुमारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ता है। और लोगो मे जागरूकता आती है। वही मुखिया ने ग्रामीणों से अपील किया कि लोग डायन बिसाही जैसी कुप्रथा को समाज से उखाड़ फेंके और एक अच्छे समाज का निर्माण करें।

स्पीड न्यूज

प्रायोगिक परीक्षा 13 अप्रैल से

बसिया। इंटर महाविद्यालय बसिया में इंटर वार्षिक परीक्षा 2021 के तीनो संकाय का प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की गई है जो 13 अप्रैल, 16 अप्रैल और 17 अप्रैल को इंटर महाविद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र में होगी। उक्त जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर नरेश कुमार ने बताया की 13 अप्रैल को जीव विज्ञान 16 अप्रैल को भौतिक रसायन भूगोल मनोविज्ञान एवं वाणिज्य के अकाउंट और ईटीपी एवं 17 अप्रैल को कंप्यूटर साइंस का प्रायोगिक परीक्षा होगी परीक्षा का संचालन सुबह 9:30 बजे से 4:00 बजे तक होगा।

निधन पर शोक व्यक्त

गुमला। पूर्व वार्ड पार्षद सह समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने सिसई विधान सभा से विधायक रहे बिहार सरकार के पूर्व मंत्री बंदी उरांव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्व. बंदी उरांव हमेशा सिद्धांतपरक राजनीति की है। स्व. उरांव के द्वारा किये गये कार्यो के लिए प्रदेश हमेशा उनका ऋणी रहेगा।

दो यूनिट किया गया रक्तदान

गुमला। चेम्बर ऑफ कॉमर्स गुमला के द्वारा स्थानीय सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में 2 यूनिट रक्तदान करवाया गया। रक्तदान करने वालों में अभय पोद्दार व शशि गुप्ता के नाम शामिल है। मौके पर चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद सब्बू, चेंबर अध्यक्ष हिमांशु केसरी, उपाध्यक्ष निर्मल कुमार, सचिव राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुन्नी लाल साहू, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित महेश्वरी, दिनेश अग्रवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

बीडीओ व सीओ ने रात 8 बजे दुकानें बंद करने की दी हिदायत

बसिया। कोरोना महामारी को देखते हुए राज्य सरकार के आदेश पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रबिन्द्र गुप्ता एवं अंचल अधिकारीरबिन्द्र पांडेय द्वारा गुरुवार की शाम को ध्वनि विस्तारक यंत्र से सभी तरह के दुकानों को रात 8 बजे के बाद बंद करने की सख्त हिदायत दी। साथ ही कहा कि जो सरकार के गाइडलाइन का उलंघन करते पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवई की जाएगी।

वही बीडीओ रबिन्द्र गुप्ता ने लोगो से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने मास्क का उपयोग करने की अपील की।

शोकाकुल परिवार से मिले सुखदेव

कैरो। कैरो निवासी मो कमीरुदीन के 26 वर्षीय पुत्र रयुम अंसारी का इटकी के आगे कुंदी के पास ट्रेन दुर्घटना में देहांत होने व उतका निवासी मणौवर अंसारी के 20 वर्षीय पुत्री का इलाज के दौरान रांची रिम्स में हुई मौत होने की सूचना पाकर पूर्व विधायक सुखदेव भगत पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिलकर दुख की। मौके पर शाहिद अहमद बेलू, कुणाल अभिषेक, जेएमएम सुखदेव उरांव, मनोज उरांव, गनपत उरांव, समीरुद्दीन अंसारी, जोरावर खान, मुस्लिम अंसारी, मो सजाद, जुबैर अंसारी, मंसूर आलम, मतलूब अंसारी, सकील अंसारी आदि उपस्थित थे।

नगर भवन गुमला में जिले में संचालित विकास योजनाओं को लेकर हुई समीक्षा

कृषि ऋण माफी योजना के लक्ष्य हासिल करें: डीसी

- भरनो, घाघरा, पालकोट, डुमरी तथा सिसई प्रखंड में कूप निर्माण कार्य नगण्य, उपायुक्त ने जतायी नाराजगी

खबर मन्त्र संवाददाता





बैठक में शामिल डीसी, डीडीसी व अन्य, बैठक में उपस्थित बीडीओ व अन्य

गुमला। उपायुक्त गुमला शिशिर कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), दीदी बाड़ी योजना, सिंचाई कूप निर्माण, बिरसा हरित ग्राम योजना, वित्तीय वर्षवार लंबित योजनाएं सहित अन्यान्य योजनाओं के प्रगति तथा अद्यतन स्थिति की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन नगर भवन में किया गया। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गुमला जिलांतर्गत संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को निर्धारित लक्ष्य के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने झारखंड सरकार के महत्वकांक्षी झारखंड कृषि ऋण माफी योजनांतर्गत योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने संबंधित वी.एल.डब्लू तथा अंचलाधिकारियों को अपने संबंधित कर्मचारियों को संलग्न करने का निर्देश दिया। धान अधिप्राप्ति योजना की चर्चा करते हुए उपायुक्त ने बताया कि जिस तरह विगत वित्तीय वर्ष में धान अधिप्राप्ति हेतु निर्धारित लक्ष्य 01 लाख क्विंटल की शत-प्रतिशत प्राप्ति की गई है। बैठक में उप विकास आयुक्त संजय बिहारी अंबष्ठ ने मनरेगा योजना की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि गुमला जिला द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 में शत-प्रतिशत पीडी जेनरेशन हेतु निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 107 प्रतिशत की प्राप्ति की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने विगत वित्तीय वर्षों में लंबित आवासों का निर्माण तथा वित्तीय वर्ष 2020-21 में शत-प्रतिशत आवासों की स्वीकृति पर विशेष जोर दिया। कूप निर्माण की समीक्षा के दौरान भरनो, घाघरा, पालकोट, डुमरी तथा सिसई प्रखंडों द्वारा निर्धारित लक्ष्य के आधार पर कूप निर्माण की प्रगति नगण्य पाई गई। बैठक में उपायुक्त शिशिर कुमार सिन्हा सहित उप विकास आयुक्त संजय बिहारी अंबष्ठ, अपर समाहर्त्ता सुधीर कुमार गुप्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी रवि आनंद, अनुमंडल पदाधिकारी बसिया संजय पी.एम. कुजूर, अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर प्रीतिलता किस्कू, सहित सभी प्रखंडों के बीडीओ उपस्थित थे।

जिले में कोरोना विस्फोट, एक दिन में मिले 43 मरीज

- सिविल सर्जन कार्यालय का एक कर्मी भी हुआ कोरोना संक्रमित, कार्यालय में लगा ताला

खबर मन्त्र संवाददाता



बंद पड़ा सिविल सर्जन कार्यालय

गुमला। गुमला जिला में गुरूवार की रात कोरोना विस्फोट हुआ। जिले में एक दिन में 43 मरीज कोरोना से संक्रमित पाये गये। जिले में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर 157 हो गई है। एक ही दिन 43 कोरोना संक्रमित मरीजों के मिलने से जिले में हडकंप मच गई है।

लेकिन फिर भी लोग सर्तक नहीं हुए हैं और बिना मास्क के ही सड़कों पर पैदल व वाहनों पर घूमते नजर आ रहे हैं। लोगों की लापरवाही से कोरोना संक्रमण का खतरा और तेजी से बढ़ने की आशंका भी जतायी जा रही है। इधर सिविल सर्जन कार्यालय से भी एक कर्मी के कोरोना पॉजिटीव पाये जाने पर कार्यालय में ताला बंद कर दिया गया है। जिसके कारण आम लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिला आरसीचए कार्यालय में भी ताला लगा हुआ है।

बढ़ते कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा कई दंडाधिकारी व पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति शहर के सड़कों पर किया गया है। वहीं जिला प्रशासन के द्वारा यह अपील की गई है कि लोग बिना मास्क के घरों से न निकलें।

लावारिस हालत में पड़े बोटों को ग्रामीणों ने जब्त कर वन विभाग को सौंपा



जब्त किये गये लकड़ी के बोटे

खबर मन्त्र संवाददाता

रायडीह। रायडीह प्रखण्ड के सलकाया भिंजपुर स्थित बामहण बर ढ़लान के समीप बुधवार सुबह सखुआ बोटा स्थानीय ग्रामीणों ने लवारिस हालत में जब्त किया और रायडीह वन विभाग को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार पालकोट वन आश्रणी क्षेत्र के गोईडारा इलाके से जंगल से सखुआ बोटा काट कर उसे तस्कर के द्वारा पिकअप गाड़ी से सलकाया के रास्ते लाद कर मंगलवार रात्रि लाया जा रहा था। इसी दौरान पिकअप में ओवर लॉड होने के कारण भिंजपुर बामहण बर ढलान के समीप पिकअप वापस हो गया। तब पिकअप अनलोड कर लकड़ी तस्कर रात में ही वहां से सखुआ लकड़ी बोटा छोड़ कर भाग निकले। सुबह स्थानीय ग्रामीणो द्वारा लावारिश सखुआ बोटा को जब्त कर रायडीह वन विभाग को सौंप दिया।

ऑफ लाइन कक्षाएं बंद करने के आदेश के बावजूद घाघरा में चल रहे हैं कई स्कूल

- बच्चों को स्कूल प्रबंधन बिना ड्रेस के बुला रहा है स्कूल, बच्चों के जीवन से किया जा रहा है खिलवाड़

खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। राज्य में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए सरकार ने स्पष्ट गाईडलाइन जारी करते हुए स्कूलों में ऑफ लाइन कक्षाएं 30 अप्रैल तक बंद करने का निर्देश जारी किया है और बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा देने की बात कही है। लेकिन घाघरा प्रखंड में सरकार के निर्देशों का पालन कुछ स्कूल नहीं कर रहे हैं। प्रखंड के कुछ स्कूलों में बिना ड्रेस के बच्चों को बुलाकर कक्षाएं संचालित की जा रही है। गौर करने वाली बात यह है कि स्कूल अपने लाभ को देखते हुए बच्चों के जीवन से खिलावाड कर रहा है। प्रखंड में कई लोग कोरोना संक्रमित भी पाये गये हैं। ऐसी स्थिति में अगर एक बच्चा भी संक्रमण के चपेट में आता है तो कई बच्चों के जीवन पर उसका सीधा प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों को स्कूल बुलाकर विद्यालय प्रबंधन उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहा है। सरकार के गाईड लाइन का पालन हर हाल में होनी चाहिए। सरकारी गाईड लाइन का पालन कराने को लेकर जिला प्रशासन भी कटिबद्ध है लेकिन स्कूल प्रबंधन अपनी मनमानी करने पर उतारू है।

जांच कर होगी कार्रवाई: बीडीओ

बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने कहा कि स्कूल में बच्चों को बुलाया जा रहा है तो इसकी जांच की जाएगी और विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी गाईड लाइन का पालन हर विद्यालय करें।

जर्जर भवन में कार्यालय संचालित करने का निर्देश, कर्मी परेशान

- एक साल पूर्व ही समाहरणालय भवन से सभी कार्यालय को कराया जा चुका है खाली

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। गुमला समाहरणालय भवन को कंडम घोषित कर वहां संचालित सभी कार्यालय नये भवनों में स्थानांतरित कर दिया गया है। लगभग एक साल से समाहरणालय भवन में कुछ एक कार्यालय को छोड़कर उसे पूरी तरह खाली कर दिया गया है। समाहरणलय भवन में डीसी, एसपी, अपर समाहर्ता, भू अर्जन, समाजिक सुरक्षा सहित कई कार्यालय संचालित थे। समाहरणालय भवन के छत के प्लास्टर बार-बार टूट कर गिरने व कर्मियों के जीवन में खतरा मंडराते देख। अधिकांश कार्यालय हटा दिये गये। भवन निर्माण विभाग द्वारा भी समाहरणालय भवन को कंडम घोषित किया गया है। इन सबके बावजूद जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा जिला बाल संरक्षण कार्यालय को समाहरणालय भवन के कमरा नंबर 106 में संचालित करने का निर्देश दिया गया है। जिससे बाल संरक्षण कार्यालय में कार्यरत कर्मी परेशान है।

नाबालिग की मांग में भरा सिंदूर, तफ्तीश जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। गुमला में एक युवक द्वारा नाबालिक से शादी करने का मामला प्रकाश में आया है। पूरा मामला गुमला शहरी क्षेत्र के घाटों बगीचा का है। परिजनों के अनुसार युवक ने बहला फुसलाकर उसके नाबालिक बच्ची को रांची बुलाया और शादी कर ली। इसके बाद शुक्रवार की सुबह दोनों गुमला पहुंचे। किशोरी की मांग में सिंदूर और हाथ पैर रंगा हुआ देख लोगों ने कहा दोनों ने शादी कर ली हैं। इसके बाद परिजनों और आसपास के लोगों के द्वारा विरोध करने पर काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। घटना की सूचना गुमला पुलिस को दी गई। मौके पर गुमला पुलिस पहुंचकर नाबालिग किशोरी के परिजनों से बातचीत की। इसके बाद दोनों को पीसीआर वैन में बैठाकर थाना ले गई। किशोरी के परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि लोहरदगा निवासी विकास ने बहला फुसलाकर मेरी बच्ची के साथ शादी की है वह वर्तमान में लक्ष्मण नगर गुमला में अपने मामा के घर रहता है जबकि किशोरी गुमला में एक कपड़े की दुकान में काम करती है। गुरुवार की सुबह बिना किसी को बताए किशोरी घर से कहीं चली गई। पता करने पर जानकारी मिली कि वह रांची गई है इसके बाद दोनों ने कहीं शादी कर ली। आरोपी युवक बालिग है। वही किशोरी के परिजनों ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस दोनों से थाने में पूछताछ कर रही है।

प्रशासन ने चलाया मास्क चेकिंग अभियान

- मास्क नहीं पहनने पर करायी उठक- बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



मास्क नहीं पहनने पर उठक-बैठक करते लोग

भंडरा। पूरे देश में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इससे लोगों के बीच दहशत का माहौल बन रहा है। कई राज्यों में नई गाइडलाइन बनाया गया है। राज्य व जिले में कोरोना के बढ़ते मरीजो की संख्या को देखते हुए प्रसाशन काफी सतर्क और सख्त रवैया अपना रहा है। उपायुक्त दिलीप टोप्पो के निर्देश से प्रखंड व पुलिस प्रसासन द्वारा प्रखंड बस्ती के थाना मोड़ में शुक्रवार को मास्क चैकिंग अभियान चलाया। प्रसासन मास्क नहीं पहनने वालों पर सख्ती दिखाई और अपने हिसाब से दंड भी दे रही है। प्रसासन मास्क नही पहनने वाले दर्जनों लोगों को उठक-बैठक करा कर दंडित भी किया है। मौके पर सीआई भीषम कुमार ने कहा कि प्रसासन कोरोना से बचाव को लेकर काफी सचेत है। प्रति दिन प्रखंड व पुलिस प्रसासन जगह जगह पर अभियान चलाकर लोगो को जागरूक करने की पहल कर रही है। उन्होंने सभी लोगो से मास्क का प्रयोग करने एवं सरकारी गाइडलाइन का पूरी तरह पालन करने की अपील की। इस मौके डॉ मृत्युजय प्रसाद, फेकुवा उरांव सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

एक नजर में

मंडा मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित

घाघरा। घाघरा प्रखंड के हापामुनि ग्राम में लगने वाला मंडा मेला को आयोजन समिति ने कोरोना संक्रमण को देखते हुए स्थगित कर दिया है। इस संबंध में मंडा मेला समिति हपामुनि के अध्यक्ष सह संयोजक अवध माणि पाठक ने बताया कि आगामी 25 अप्रैल को लगने वाले मंडा मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम को कोरोना संक्रमण को देखते हुए स्थगित किया गया है। कार्यक्रम स्थगित करने को लेकर मंडा मेला समिति के पदाधिकारियों सदस्यों ने सर्वसम्मति से कार्यक्रम ना करने का निर्णय लेते हुए अपनी सहमति व्यक्त की। मुखिया आदित्य भगत, प्रधान उरांव ,रविन्द्र महली, अजित मनी पाठक, निलेश पाठक, मुकेश मनी पाठक , राजेश मनी पाठक, सुरेश मनी पाठक ,भारत मनी पाठक ,कृष्णा जीवन पाठक, सुधाकर पाठक, प्रदीप पाठक, सुलेंद्र साहू ,संजेश उरांव, हरिचन्द्र साहू, नीरज भगत सभी के सहमति से यह निर्णय लिया गया ।

सोलर पावर मशीन से रस्सी बनाने का महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण



गुमला। जारी प्रखंड के सकतार गांव में दस स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को आजीविका वृद्धि हेतु सोलर पावर मशीन के द्वारा रस्सी बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में 90 महिलाएं शामिल हुई। प्रशिक्षण का उदघाटन डीडीएम नवार्ड निशित कुमार, आनंद कोंगाड़ी, चंद्रपति यादव व जिला कृषि पदाधिकारी सत्यनारायण महतो ने की। प्रशिक्षण में बताया गया कि महिलाएं रस्सी बनाकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकती हैं। मशीन से रस्सी बनाकर महिलाएं आठ से दस हजार रूपये तक आमदनी कर सकते हैं। प्रशिक्षण में सेल्को फाउंडेशन बेंगलोर तकनीकी सहयोग प्रदान कर रहा है। प्रशिक्षण में कंपनी के राजेश प्रधान भी शामिल हुए। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को बैंक से जोड़कर सहयोग प्रदान की जाएगी।

कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग को ले डीडीसी ने की बैठक



लोहरदगा। उप विकास आयुक्त अखौरी शशांक सिन्हा की अध्यक्षता में कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग से संबंधित एक आवश्यक बैठक हुई। इस बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग कोषांग का गठन करने का निदेश दिया गया। जिसमें एक प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं एक कम्प्युटर ऑपरेटर को शामिल किया जायेगा। प्रखंड स्तरीय कोषांग जिला स्तरीय कोषांग को रिपोर्ट करेगी। एक बार संक्रमित पाये जाने पर कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग का काम त्वरित रूप से पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी केके राजहंस, जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ शंभूनाथ चैधरी, एपिमियोलॉजिस्ट प्रशांत चैहान, आकांक्षी जिला पदाधिकारी वरूण शर्मा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे।

पूर्व विधायक ने किया क्लॉथ शॉप का उद्घाटन

कैरो। प्रखंड के उतका कैरो स्थित रैयान फैशन क्लॉथ शॉप का उद्घाटन पूर्व विधायक सुखदेव भगत व जेएमएम के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुखदेव उरांव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व दुकान के मालिक जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष जमील अख्तर अंसारी ने अपने रीति रिवाज के अनुसार कार्यक्रम सम्पन्न कराया। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि इस तरह की दुकान खुलने से लोगो को काफी राहत मिलती है। यहां पर शर्टिंग सुंटिंग, सलवार सूट, साड़ी, बच्चो समेत सभी लोगो के लिए रेडीमेड कपड़े उपलब्ध हैं। उन्होंने बढ़ते कोरोना के खतरे को देखते हुये हम सभी को सावधानी बरतने की जरूरत है, मास्क का उपयोग व सोशल डिस्टनसिंग व सरकार के गाइडलाइन का पालन करें। मौके पर जमील अख्तर अंसारी, जेएमएम के केन्द्रीय कार्यकारणी सदस्य सुखदेव उरांव, मनोज उरांव, गनपत उरांव, शाहिद अहमद बेलू, कुणाल अभिषेक, समीरुद्दीन अंसारी, जोरावर खान, मुस्लिम अंसारी, हाजी मसकुर आलम, हारून रशीद, ताजुल अंसारी, जुबैर अंसारी, मो सजाद, मोइन खान, सकील अंसारी, मंसूर खान आदि उपस्थित थे।

शहर के तीन इलाके कंटेनमेंट जोन बने

लोहरदगा। जिले में है। इसकी रोकथाम के लिए जिन इलाकों में कोरोना के मरीज मिले हैं उन्हें कंटेन किया जा रहा है। लोहरदगा जिला के नगर पर्षद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 14 प्रकाश साहू के घर से महावीर प्रसाद के घर तक कोविड-19 के पॉजिटिव केस पाये गये हैं। ऐसी स्थिति में उक्त क्षेत्र में प्रभावी कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग एवं इस क्षेत्र में आम लोगों के आवागमन को प्रतिबंधित करने हेतु कंटेन्मेंट जोन एवं बफर जोन घोषित करना आवश्यक है। प्रकाश साहू के घर से महावीर प्रसाद के घर तक कन्टेन्मेंट जोन व मनोज कुमार के घर से शिव महावीर मंदिर तक बफर जोन, वार्ड नंबर 8 में नंदलाल प्रसाद के घर से कृष्णा प्रसाद के घर तक कंटेनमेंट जोन और चंद्रशेखर प्रसाद के घर से कृष्णा गली तक बफर जोन बनाया गया है। वार्ड नंबर 12 में प्रतिमा देवी के घर से मुजीब अंसारी के घर तक कंटेनमेंट जोन बनाया गया है, और अनवर अंसारी के घर के पाले खान के घर तक बफर जोन बनाया गया है। जिला दंडाधिकारी सह जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार के अध्यक्ष दिलीप कुमार टोप्पो ने वृहद जनहित एवं कोविड-19 महामारी के फैलाव के रोकने हेतु निदेशों का अनुपालन का आदेश निर्गत किया है।

12 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले

लोहरदगा। जिले में 12 कोरोना पॉजिटिव मामलों की पुष्टि हुई है। सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने बताया की लोहरदगा जिले में 12 कोरोना पॉजिटिव मामलों की पुष्टि हुई है जिनमें 08 महिलाएं तथा 04 पुरुष हैं। सभी संक्रमित के सैम्पल की जांच टू नेट पद्धति से हुई है। मिले 12 कोरोना पॉजिटिव मरीजों के साथ लोहरदगा जिला में कुल सक्रिय मामलों की संख्या 82 हो चुकी है।

जिले के पेट्रोल पंपों में कम व मिलावटी तेल दिये जाने की जांच की मांग

कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष ने डीसी को ज्ञापन सौंप कर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग उठायी

- जिले के कुछ पेट्रोल पंपों को छोड़कर अन्य में नहीं है हवा जांच मशीन, शौचालय, पेयजल, प्रदूषण जांच की सुविधा

खबर मन्त्र संवाददाता



रमेश कुमार चीनी

गुमला। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने डीसी को ज्ञापन सौंपकर जिले में संचालित सभी पेट्रोल पंपों में कम व मिलावटी तेल दिये जाने की शिकायत करते हुए जांच कर ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। रमेश कुमार ने कहा कि पेट्रोल पंप संचालक कम पेट्रोल दिये जाने पर ग्राहकों के हंगामा के बाद नोजल की खराबी या मीटर की खराबी का बहाना बनाकर मामले को अपने स्तर से रफा दफा कर ग्राहकों को चुना लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंपों में एक लीटर में दो सौ एमएल तेल कम दिया जा रहा है। जिसे कई बार ग्राहकों के द्वारा पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल व डीजल के भाव आसमान छू रहे हैं और ऐसी स्थिति में ग्राहकों को कम तेल देकर उनकी जेब पर पेट्रोल पंप संचालक डाका डाल रहे हैं। श्री कुमार ने कहा कि पेट्रोल पंपों में मिलावट वाली तेल भी बडे पैमाने पर बेचा जा रहा है। इससे लोगों के वाहन समय से पूर्व ही खराब हो रहे हैं और वाहनों से प्रदूषण भी खराब तेल के कारण बढ़ रहा है। ऐसे मामलों में कभी-कभी जांच होने के कारण पेट्रोल पंप संचालकों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। श्री कुमार ने कहा कि सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि पेट्रोल पंपों में प्रदूषण जांच केंद्र होना चाहिए। लेकिन जिले के एक दो पेट्रोल पंप को छोड़कर कहीं भी प्रदूषण जांच की व्यवस्था नहीं है। साथ ही सभी पेट्रोल पंपों में हवा जांच मशीन, शौचालय, पेयजल आदि की व्यवस्था करनी है लेकिन जिले के पेट्रोल पंपों में यह सुविधा नहीं है और अगर है भी तो शौचालय में ताला बंद कर रखा जाता है। हवा मशीन खराब पड़ा हुआ है।

जिसकी निगरानी पेट्रोल पंप के एरिया इंचार्ज को नियमित रूप से करनी है लेकिन कभी होती नहीं है। वहीं प्रत्येक पंप में अप्रिय घटना को देखते हुए मेडिकल कीट की भी व्यवस्था करनी है लेकिन गुमला जिला के किसी पेट्रोल पंप में यह सुविधा नहीं है। श्री कुमार ने डीसी से मामले की जांच कर आम जनता को राहत दिलाने की अपील की है।

कोविड को लेकर डीसी ने की निजी अस्पताल संचालकों के साथ बैठक, कहा

सभी निजी अस्पताल आइसोलेशन वार्ड बनाने की तैयारी में जुट जायें

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते उपायुक्त

लोहरदगा। उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो की अध्यक्षता में कोविड-19 से बचाव एवं रोकथाम हेतु एक आवश्यक बैठक जिले के सभी निजी अस्पताल संचालकों के साथ हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा निजी अस्पताल संचालकों को कोविड-19 के वर्तमान स्थिति और भविष्य में उत्पन्न हो सकने वाली स्थिति से अवगत कराया। उपायुक्त ने कहा कि कोविड-19 के पॉजिटिव केस प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। जिले में निजी अस्पतालों को इसके लिए तैयारी करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी अस्पताल कोविड-19 के संक्रमित को जिला प्रशासन की अनुमति के बिना छुट्टी नहीं देंगे। वर्तमान स्थिति में सभी निजी अस्पताल आईसोलेशन वार्ड बनाने के लिए अनिवार्य तैयारी कर लें। 30 से 50 बेड वाले पांच बेड और 50 से अधिक बेड वाले 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाने की तैयारी करें। साथ ही इनमें ऑक्सीजन की व्यवस्था होनी चाहिए। न्यूनतम दो बेड वेंटिलेटर समुचित मात्रा में पीपीई किट और एन-95 मास्क भी होनी चाहिए। कोविड-19 पॉजिटिव रोगी को उचित चिकित्सा हेतु रेफर करने की स्थिति में रेफर करने का कारण और रेफर करने के स्थान का स्पष्ट उल्लेख करते हुए जिला प्रशासन और संबंधित अस्पताल को सूचित किया जाना चाहिए। जिला प्रशासन को सूचित किये बिना कोविड-19 संक्रमित व्यक्ति को अस्पताल से छुट्टी नहीं दिया जाना चाहिए।

स्पीड न्यूज

चौपारण में किया धन समर्पण का कार्य

चौपारण। मध्य गोपाली स्थित श्री श्री 108 मां भगवती शनि देव राम जानकी गणेश साईं बाबा हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ हेतु शुक्रवार को चौपारण बाजार में राशि संग्रह के लिए सभी दुकानों में पहुंचे। मालूम हो कि आगामी 21 अप्रैल से 28 अप्रैल तक नौ दिवसीय महायज्ञ होना सुनिश्चित है। मौके पर भरत सिंह मोहन यादव सियाराम भारती शंकर कुमार गुप्ता वसंत राणा विष्णु देव साव प्रकाश साव कामेश्वर साव गौरव लाल संतोष कुमार साव मनोज साव एवं रामदेव साव उपस्थित थे।

दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

टाटीझरिया। प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय लोधी में दस दिवसीय प्रशिक्षण आरंभ किया गया। जिसमें महिलाओं को आचार, पापड़ बनाने के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसमें कुल 35 महिला प्रशिक्षण ले रही हैं। प्रशिक्षिका भानूमति पासवान द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान के सचिव दशरथ कुमार ने कहा कि हमारे संस्थान भारत सरकार द्वारा बेरोजगार महिलाओं के रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। मौके पर बासुदेव कुमार, संजय कुमार, दशरथ कुमार, प्रकाश कुमार अनिता देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

आयुक्त ने पदभार पुनः संभाला

हजारीबाग। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्री कमल जॉन लकड़ा ने चुनाव प्रेक्षक कार्य से वापस आकर आज आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर का पदभार पुनः संभाला। अतिरिक्त पदभार संभाल रहे आयुक्त पलामू प्रमंडल, मेदिनीनगर श्री जटा शंकर चौधरी ने प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के अतिरिक्त पदभार से स्वतः परित्याग किया।

दिनदहाड़े घर के पास से बाइक की चोरी

चौपारण। प्रखंड के ग्राम बिगहा निवासी पंकज कुमार की बाइक दिन दहाड़े घर के पास से शुक्रवार को चोरी हो गयी। इस सम्बंध में पंकज ने थाना में आवेदन दिया है.आवेदन में कहा गया हैं कि पंकज आये दिनों की तरह चौपारण से घर बाइक संख्या जेएच 02 एवी 2773 ग्लैमर से घर लौटे थे। घर के सामने बाइक को खड़ाकर खाना खाने लगे। जब घर से बाहर आया तब तक अज्ञात लोग बाइक को लेकर फरार हो चुके थे। सूचना के बाद पुलिस छानबीन में जुटी है।

घायल व्यक्ति मिला क्षेत्र में फैली सनसनी

चौपारण। प्रखंड के ग्राम पिपरा जीटी रोड के डिवाइडर पर एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति घायल अवस्था में मिला जिसका पेट से आंत बाहर निकला हुआ था। प्रथम दृष्ट्या स्पष्ट हो रहा था कि किसी ने मार कर फेंक दिया है। बहर हाल इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने प्रशासन को दी है सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन उस व्यक्ति को इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया है। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व ही बड्डे जीटी रोड के डिवाइडर के बीचो बीच एक अज्ञात व्यक्ति का लाश मिला था जो भी होगा इस तरह के घटना क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

कोचिंग संस्थानों के छात्र सड़क पर उतरे, किया हंगामा, कहा

कोरोना-वोरोना से नहीं है डर, हमें पढ़ने दें सर

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। देश में मौजूदा समय में कोरोना वायरस की दूसरी लहर चल रही है और ये लहर पहली वाली से ज्यादा खतरनाक बताई जा रही है। शुक्रवार को देश में कोरोना के एक लाख 30 हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं, जो कि अबतक का सर्वाधिक आंकड़ा है। राज्य सरकार ने कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी शैक्षणिक संस्थान, स्कूल और कॉलेज बंद करने का फैसला किया है। इसी को लेकर छात्रों के बीच खासा गुस्सा देखा जा रहा है। शुक्रवार को कोचिंग हब माने जाने वाले कोर्रा,मटवारी में प्रशासन द्वारा कोचिंग बंद करा दिया गया। जिसके बाद कोचिंग संस्थान के सैकड़ो छात्र सड़क पर उतर गए और हंगामा करने लगे। कोरोना को लेकर जारी नई गाइडलाइंस के खिलाफ छात्र सड़कों पर उतर गये। हंगामा करते व नारा लगाते हुए छात्र कोर्रा चौक पहुंचे और सड़क को जाम कर दिया। घटना की सूचना के बाद सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति, बीडीओ अमिताभ भगत, सीसीआर डीएसपी अमिता लकड़ा घटनास्थल पर पहुंची और छात्रों को समझाने की कोशिश की। लेकिन छात्र नहीं माने। अंततः पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा जिसके बाद छात्र दो गुटो में बट गये। कुछ छात्र कोर्रा चौक में रुके रहे और कुछ हजारीबाग के डिस्ट्रिक्ट मोड़ जाकर सड़क जाम कर दिया। खबर लिखे जाने तक छात्र सड़क जाम कर नारे लगा रहे थे।



सड़क जाम करते छात्र

संस्थानों में उड़ाई जा रही थी गाइडलाइन की धज्जियां

कई कोचिंग संस्थानों में सरकारी गाइडलाइन की धज्जियां उड़ाई जा रही थी। एक ही कमरे में 50/50 छात्रों को ठूस-ठूस कर बैठाया जा रहा था। छात्र बिना मास्क के कोचिंग क्लासेस में आ रहे थे। इधर हजारीबाग में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढती जा रही है। प्रशासन को जब ये सूचना मिली कि कोचिंग संस्थानों में ऐसा हो रहा है तो प्रशासन ने मजबूरन ऐसे कोचिंग संस्थानों को बंद करने को कहा जिसके बाद ये सारा खेल हुआ। सूत्रों की माने तो इन छात्रों को कोचिंग संचालकों द्वारा भड़काने का काम किया गया है।

ऑनलाइन क्लासेस लें कोचिंग संस्थान के संचालकः स्थानीय निवासी

वहीं कोर्रा व मटवारी के स्थानीय निवासियों ने कहा कि सुबह व शाम में जुलूस के शक्ल में छात्रों की भीड़ हो जाती है। सरकारी गाइडलाइन के चलते रामनवमी जैसे पर्व में जुलूस नहीं निकाला जा रहा। संचालकों को छात्रों को समझाना चाहिए। जैसे स्कूल ऑनलाइन क्लासेस ले रहे हैं। क्या कोचिंग संस्थान के संचालक ऑनलाइन क्लासेस नहीं ले सकते। आजकल किस छात्र के पास मोबाइल की सुविधा नहीं है। छात्र मास्क उपयोग नहीं करते। हमलोग को भी डर लगता है कि कहीं इन लोगों के कारण हमलोग संक्रमण का शिकार ना हो जाय। सरकार ने जो भी निर्णय लिया है वो स्वागत योग्य है। अगर एक बार संक्रमण फैल गया तो क्या इसकी जिम्मेवारी कोचिंग संस्थान के संचालक लेंगे।

स्थानीय प्रमाण पत्र में फर्जीवाड़ा, मामला दर्ज

- फर्जी दस्तावेज के माध्यम से बनाया प्रमाण पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड में स्थानीय प्रमाण पत्र में फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है। अवैध तरीके से बिहार के भोजपुर निवासी द्वारा बरकट्ठा प्रखंड के चुगलामो पंचायत से स्थानीय प्रमाण पत्र बनाया गया है। इस बावत राजस्व कर्मचारी भीम कुमार यादव ने बरकट्ठा थाना में मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम चुगलामो के स्थायी पता पर पंकज कुमार और प्रद्युम्न सिंह ने गलत दस्तावेज के आधार पर स्थानीय प्रमाणपत्र बनाने के लिए आवेदन दिया। जिसमें खाता संख्या क्रमशः 201 व 149 ग्राम चुगलामो का उपयोग कर स्वघोषणा पत्र में गलत रूप से वंशावली बनाकर जालसाजी कर आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसकी पुष्टि स्थानीय जांच में हुई। इस फर्जी गोरखधंधा का मुख्य सरगना ग्राम गैंडा निवासी और सीएससी संचालक राजू कुमार नायक नामक व्यक्ति है। कम्युनिटी सर्विस सेंटर के संचालक राजू कुमार नायक ने फर्जी कर दूसरे के आईडी का उपयोग कर बाहरी लोग का स्थायी प्रमाण पत्र बनाया गया। यह बात राजस्व कर्मचारी भीम कुमार यादव ने दस्तावेज की जांच व छानबीन के क्रम में पता चलने की बात कही है। मामले का उजागर जिसकी आईडी का उपयोग हुआ। उसके द्वारा अंचल में आवेदन देने के बाद हुआ। इस मामले में पंकज कुमार, प्रद्युम्न कुमार और सीएससी संचालक राजू कुमार नायक को मुख्य आरोपी बनाया गया है। मामले को लेकर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 81/21 दर्ज करते हुए पुलिस अनुसंधान में जुटी है।

एकल अभियान के सेवाव्रती कार्यकर्ताओं ने की समीक्षा बैठक

स्वावलंबन पर की गयी चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। एकल अभियान के तहत संचालित सेवाव्रती कार्यकर्ताओं की बैठक कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुए अंचल कार्यालय में हुई। अध्यक्षता अंचल अध्यक्ष दयानन्द चौरसिया एवं संचालन सचिव कृष्ण प्रजापति एवं हरि कथा प्रमुख राजू पांडेय ने किया। बैठक में पिछले एक माह में संघ प्रमुखों की कार्यों की समीक्षा के अलावे कार्य प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक में समिति एवं आचार्यों की उपस्थिति, 15 मार्च से 30 अप्रैल तक ग्राम सन्यास पर चर्चा, पंचमुखी शिक्षा योजना के कार्यान्वयन, गतिविधि विभाग पर चर्चा, हरि कथा, सत्संग, ग्राम प्रमुख वार्ता एवं ट्रेडिंग, जन्म से जन आंदोलन किताब, समय नियोजन, ग्राम सभा की बैठक एवं पंचायत का पालन, ग्राम विस्तारक की बैठक करने, प्रत्येक संघ के केंद्र पर माह में एक दिन 2 से 3 घंटे तक के एकल दर्शन कार्यक्रम का संचालन, अंचल एवं संघ की मां की सूची एवं ग्राम समिति की बैठक पर चर्चा, अंचल एवं संघ की विशेष बैठक पर चर्चा, दैनिक रिपोर्ट समिति के द्वारा केंद्र खेलने को लेकर गंभीर रूप से चर्चा की गई। साथ ही सभी सेवाव्रती कार्यकर्ताओं को उन्हें अग्रिम प्रवास योजना दी गई। मौके पर सभी संघ प्रमुखों को पंचायत में बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने हनुमान चालीसा पांच बार, गायत्री मंत्र पांच बार, योगासन, व्यायाम, प्राणायाम, गर्मपानी काढ़ा, शारीरिक दूरी एवं मास्क का उपयोग तथा साबुन से हाथ धोना आदि को शामिल किया गया। मौके पर हीरामन साहु, राजसिंह चौहान, मनोज केशरी, सुरेश साव, राजू पांडेय, ओम प्रकाश कुमार, संदीप चन्द्रवंशी, नरेश पासवान, कपिल महतो, मीना देवी, नन्दकेशरी देवी, शिला देवी, संतोष पंडित, महेंद्र कुमार, सरिता देवी, संजू देवी सहित सभी संघ प्रमुख मौजूद थे।



एकल अभियान के तहत समीक्षा बैठक करते सदस्य

रामनवमी पूजा को लेकर थाने मे हुई शांति समिति की बैठक



बैठक करते अधिकारी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

पदमा। ओपी थाना परिसर में दिन शुक्रवार को पदमा अंचलाधिकारी मो.जाहिद अंसारी की अध्यक्षता में रामनवमी पूजा मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक का संचालन पदमा थाना प्रभारी अजित कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने सरकारी दिशा-निर्देश का हवाला देते हुए कहा कि कोविड 19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए रामनवमी पूजा मानना है। कहा कि पूजा को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं करना है। कोई जुलुस झांकी आदि नहीं निकालनी है। वही थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि जिस-जिस गांव में पूजा किया जाता है वहां जाकर पूजा समितियों एवं अखाड़ा वालों के साथ जल्द ही बैठक कर सरकार के गाइडलाइन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा करेंगे। कहा कि आपसी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोई भी कहीं भी माहौल खराब करने का प्रयास करे तो इसकी सूचना थाना को दिया जाय। मौके पर पदमा प्रमुख विपिन कुमार मेहता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता, सूर्यपुरा प्रधान गीता देवी, बिहारी प्रधान, शहदेव प्रसाद मेहता, पंचायत समिति प्रधान संजय यादव, जगदीश यादव, नारायण यादव, सन्दीप सिंह, सुल्तान खान, प्रकाश ओझा, प्रेम मेहता, अक्षयवट मेहता, सुनिल मेहता, किशोरी मेहता, राघो गोप, प्रषोतम कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत, लिफ्ट मांगना पड़ा महंगा



दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर

खबर मन्त्र संवाददाता

दारू। दारू थाना क्षेत्र के मेड़ुकुरी खुर्द निवासी 16 वर्षीय युवक की मौत ट्रैक्टर में दब जाने के कारण हो गई। युवक विकास कुमार पिता सुनील साव मेड़ुकुरी खुर्द का रहना वाला था। मृतक गुरुवार की शाम 6 बजे के करीब अपने घर से झुमरा जाने के लिए खड़ा था तभी उधर से उसी गांव के ही शम्भू यादव लाल रंग का ट्रैक्टर में आते दिखा जिससे उसने झुमरा तक ले जाने का आग्रह किया। तब उस युवक को क्या पता था उसे लिफ्ट मांगने की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ेगी। ट्रैक्टर जैसे ही कोय गांव पहुंचा सामने से किसी जानवर के आ जाने से ट्रेक्टर असंतुलित होकर पलट गया। ट्रैक्टर का चालक ने गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाई जबकि मासूम विकास गाड़ी के नीचे दब गया। राहगीरों के माध्यम से लोगों को जानकारी हुई वहीं से किसी ने दारू थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह को घटना की जानकारी दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से उसे ट्रैक्टर से बाहर निकाला और पुलिस की गाड़ी से इलाज के हजारीबाग मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक के परिवार को घटना की जानकारी मिलने पर उसके घर मे कोहराम मच गया और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। युवक का शव पोस्टमॉर्टम के बाद शुक्रवार की दोपहर उसके परिजनों को सौंप दिया गया। जिसके बाद देर शाम तक उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

फर्जी जांच कर गलत रिपोर्ट देने को ले डीसी को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। बड़कागांव प्रखंड के पूर्वी पंचायत के ग्रामीण अरविंद कुमार ने उपायुक्त कार्यालय में शिकायत पंजी संख्या 277 के आधार पर ज्ञापन सौंपा है। इसमें जनसेवक सह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी व डीआरडीए निदेशक उमा महतो के द्वारा फर्जी जांच कर पूर्वी पंचायत के मुखिया कैलाश राणा के बचाव में गलत रिपोर्ट उपलब्ध करवाए का आरोप लगाया है व पुनः निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने के मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि 21अक्टूबर 2019 को उपायुक्त कार्यालय में शिकायत की गई थी कि बड़कागांव पूर्वी पंचायत के मुखिया कैलाश कुमार राणा के द्वारा 14 वें वित्त एवं 15 वें वित्त आयोग की राशि को मनमाने ढंग से खर्च की गई।

एक नजर में

मजदूरों के शोषण को बंद करना हमारा लक्ष्य: टोनी जैन

टाटीझरिया। भारतीय जनता मजदूर मंच के जिलाध्यक्ष टोनी जैन ने टाटीझरिया कार्यकर्ताओं के साथ पर्यटन भवन में बैठक की। बैठक के उपरांत उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मजदूर निरीह प्राणी होता है। उसकी दिनचर्या को यदि आप गौर करेंगे तो उसके जीवन शैली पर दया आ जायेगी। उनका कार्य निर्माण का होता है। अपना खून-पसीना बहाकर वे आपको सुकून देते हैं,बदले में हम उन्हें क्या देते हैं, तिरस्कार,डांट-फटकार! जहां भी हम जाते हैं,मजदूरों की स्थिति देख तरस आ जाती है। हमारा लक्ष्य उन्हें शोषण मुक्त करना है। कहा कि इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लक्ष्य को ले हम मजदूरों से मिल रहे हैं। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सोनू गुप्ता, सुमन कुमार पप्पू, अनिल सिन्हा, मिथिलेश कुमार पाठक ,प्रियम्बदा,माला तिर्की, राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजा समेत लोग उपस्थित थे।

अंबेडकर जयंती को लेकर तैयारियां शुरू

बड़कागांव। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। प्लस टू हाई स्कूल के शिक्षक अशोक कुमार राम ने अपने निजी खर्चे से बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा का रंग रोगन करवा रहे है। अशोक कुमार ने बताया कि बाबा साहब की प्रतिमा का रंग खराब हो गया था जो देखने में अच्छा नहीं लग रहा था। बड़कागांव में जयंती 14 अप्रैल को मनाने को लेकर बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कोविड-19 एक्ट का पालन करते हुए संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। इस दिन हर घरों में दीपावली की तरह दिए जलाए जाएंगे। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन,अध्यक्ष रघुनाथ राम,सचिव अजित कु रवि समेत अन्य शामिल थे।

गाय का विहिप ने किया विधिवत अंतिम संस्कार

बरही। बरही के पटना रोड स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक मृत गौवंशीय का अंतिम संस्कार विहिप के सदस्यों ने हिंदू रीति रिवाज के साथ विधिवत रूप से किया। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, बजरंग दल संयोजक प्रदीप चन्द्रवंशी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा सह प्रमुख राजेश केशरी, खण्ड कार्यवाह प्रभु राणा, शारीरिक प्रमुख शीतल साहू, विश्व हिंदू परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता पिंटू केशरी, संतोष सिंह, रूपेश सोनी, जीसीबी संचालक संजय साहू एक नन्ही सी छोटी बच्ची नैना कुमारी ने संतुष्ट रूप से सहयोग कर किया। विहिप के सदस्यों ने लोगो से आग्रह किया कि गोवंसियो का हमारे सनातन धर्म मे पूजनीय माना गया है, इसलिए कही भी इस तरह के लावारिस गोवंसियो का मृत शरीर दिखे तो खुद से व अन्य का सहयोग लेकर विधिवत रूप से उनका अंतिम संस्कार करना चाहिए।अन्यथा विहिप के सदस्यों को इस बात की सूचना देने की बात कही।

प्रशासन ने रात्रि कर्फ्यू लगने की दी जानकारी

चौपारण। प्रशासन के द्वारा बीते संध्या माईकी कर लोगों को क्षेत्र में रात्रि 8:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक लोगों को अपने घरों में ही रहने की हिदायत दी। बिना वजह घर से बाहर नहीं निकलने एवं दिन में भी एक साथ 5 व्यक्तियों से अधिक जमा नहीं होने साथ ही पूरे क्षेत्र में धारा 144 लगने की जानकारी दी गई। मालूम हो कि पूरे देश में कोरोना संक्रमण का सेकंड फेज बड़ी तेजी के साथ फैल रहा है। साथ ही इसकी भयावकता डराने वाली है। इसी को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सरकार के आदेश के आलोक में यह कदम उठाया जा रहा है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा अंचल अधिकारी गौरी शंकर प्रसाद थाना प्रभारी विनोद तिर्की एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ धीरज कुमार चोरदाहा चेकपोस्ट पर निरीक्षण कर चेक पोस्ट से झारखंड प्रवेश करने वाले हजारीबाग जिले के सभी लोगों को कोरोना जांच ऑन द स्पॉट करने की बात कही है। इसके अलावा सरकारी गाइडलाइन का पूरी तरह से सभी लोगों को पालन करने के लिए कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई।

अलग-अलग घटना में चार लोग घायल

चौपारण। प्रखंड में शुक्रवार को अलग अलग दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। पहली घटना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एनएम के 10 वर्षीय पुत्र आयुष्मान के साथ हुआ। आयुष्मान खेलने के क्रम में घर मे गिर पड़ा। उसे माथे में चोट आई है। उसे इलाज के बाद सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना दुरागड़ा में हुआ। जहां बाइक से गिरजाने के बाद चिंतामन सिंह 40 वर्ष घायल हो गया। तीसरी घटना एनएच2 पर लोहाबर स्थान के पास हुआ। जहां एक बाइक पर सवार तीन युवक बरही से लौटने के क्रम गिर पड़े। पप्पू कुमार 25 वर्ष ग्राम पतलुका बाराचट्टी जिला गया गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसके साथ बाइक सवार दो अन्य लोगो को हल्की चोटें आई है। डॉ सरवर हसन ने बताया सभी लोग खतरे से बाहर है।

जुलूस का आयोजन नहीं होगा : थाना प्रभारी



बरकट्ठा। रामनवमी त्योहार को लेकर थाना परिसर में शुक्रवार को शान्ति समिति की बैठक हुई। बैठक में पुलिस अंचल निरीक्षक नलिन मरांडी,थाना प्रभारी राजेन्द्र महतो,अंचलाधिकारी निर्मल सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि कोविड19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य सरकार से आदेश नई गाइडलाइंस जारी के अनुसार किसी प्रकार की जुलूस, धार्मिक कार्यक्रम नहीं होगा। जंहा लोग जमावड़ा लगे। वहीं पुलिस अंचल निरीक्षक ने कहा कि सरकार की आदेशो को शत प्रतिशत अमल हो। सभी के सहयोग से होगा। सीओ ने कहा कि कोरोना को लेकर सरकार के गाइडलाइन है दुकान सभी प्रकार के रात्रि 8 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रहेंगे। शादी समारोह में सीमित 200 लोग उपस्थित होंगे।मास्क जरूरी है। अगर कोई व्यक्ति घर से निकलते है तो मास्क जरूर लगा कर चले। बैठक में प्रखंड के विभिन्न अखाड़ो के पूजा समिति के अध्यक्ष के अलावे जन प्रतिनिधि शामिल थे।

राजनीति का अखाड़ा बन कर रह गया है लोकल सेल

खुलते के साथ हुआ बंद, नहीं सुलझा विवाद

खबर मन्त्र संवाददाता

चरही। सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के तापीन साउथ लोकल सेल के माध्यम से चल रहे गाड़ियों की बुकिंग को विधि व्यवस्था को लेकर पिछले एक सप्ताह से प्रबंधन और पुलिस प्रशासन के द्वारा बंद करा दी गई थी। जिसे सीसीएल प्रबंधन ने सब कुछ ठीक होते देख शुक्रवार को एक बार फिर से चालू कराने की कोशिश की। ट्रकों के लिए लोडिंग स्लिप दिया ही जा रहा था कि एक बार फिर पुलिस बल की मौजूदगी में बुकिंग कार्य को रोक लगा दी गई। गाड़ियों की बुकिंग बंद होते देख ग्रामीणों का विरोध फिर से सीसीएल प्रबंधन के प्रति दिखाई देने लगा। विरोध में खदान में उत्पादन से लेकर ट्रांस्पोर्टिंग का काम रोक दिया गया। जिससे खदान के अंदर मशीन बंद हो गए। यहां तक कि क्रशर में कोयले की कटिंग कार्य से लेकर रेलवे साइडिंग में कोयले की आपूर्ति कार्य प्रभावित हो गए। ज्ञात हो कि हजारीबाग कोयला क्षेत्र के अंतर्गत संचालित तापिन साउथ कोलियरी बारह वर्षों के बाद पिछले वर्ष सितंबर माह में खुली थी। लोगों ने कहा था कोविड जैसे आपदा काल में एक अवसर के रूप में कोलियरी खुलकर रोजगार का अवसर देने वाला होगा। इसके विपरित रोजगार की जगह राजनीति का अखाड़ा बन कर रह गया है। कब कोलियरी खुलती है और कब बंद हो जाती है,हर कोई परेशान रहता है। हजारों टन कोयला की बीडिंग लगाने वाले डीओ धारक से लेकर प्रबंधन और पुलिस - प्रशासन भी परेशान रहती है। चार दिन पहले ही जीएम कार्यालय के समक्ष 55 दिनों से आंदोलन करने वालों के साथ वार्ता के बाद धरना वापस कराया गया था। सबकुछ ठीक होते देख सीसीएल प्रबंधन ने बुकिंग कार्य शुरू कराई। स्थानीय पुलिस भी प्रबंधन के सहयोग के लिए पहुंची थी। अचानक पुलिस के वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर बुकिंग कार्य को रोक लगाने के निर्देश मिल गए। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने भी सीसीएल के कार्य को प्रभावित कर दिए गए। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक को पहल करते हुए लोकल सेल से जुड़े रोजगार को शुचारू कराने की मांग की है।



बंद व वीरान सेल

मुसहर परिवार के बच्चे कबाड़ चुनने के लिए मजबूर

खबर मन्त्र संवाददाता

केरेडारी। जिन हाथों में कलम पेंसिल होना चाहिए उन्हीं हाथ से कबाड़ चुनकर परिवार का पेट भरना इन बच्चों की मजबूरी है। ये हालात डंभा बागी केरेडारी में रह रहे मुसहर परिवार के नौनिहाल का है। जिसे स्कूल कॉलेज का ज्ञान भी नहीं है। ये बच्चे पैसा को जानते समझते हैं चूंकि बाजार में खाने की जरूरत पूरा करने के लिए पैसों की जरूरत होती है। इनके परिवार वाले पूर्वजों से पिछले कई साल से घुमक्कड़ जीवन शैली अपनाये हुए गुजर बसर कर रहे हैं। फिलहाल कई सालों से ये लोग केरेडारी के डंभा बागी में कबीले में निवास करते आ रहे हैं। इनके हालात बयां करती है कि सरकार ने इनपर कोई ध्यान नहीं दिया है। जिसके चलते इनका सामाजिक पृष्ठभूमि से कोई नाता नहीं है। ये लोग चुनाव के वक्त मतदान भी नहीं करते हैं। आधार कार्ड और राशन कार्ड भी नहीं है। नतीजा इन्हें सरकार से कोई लाभ नहीं मिलता है। मुसहर परिवार में इनके बच्चे कबाड़ को चुनते हैं। खाली बोतल फटा हुआ बोरा प्लास्टिक का ग्लास टीन चदरा जो भी इन्हे मिलता है उसे चुनकर जमा करते हैं और इसे बेचकर पेट भरते हैं। मुसहर परिवार के राहुल कुमार पिता स्वर्गीय बीरेंद्र मुसहर विकास कुमार पिता संतोष मुसहर सूरज कुमार पिता रामखेलावन मुसहर ने स्कूल कॉलेज के बारे में पूछने पर बताया कि स्कूल कॉलेज क्या होता है। इन्हे पैसों के बारे में पता है। पैसा इसलिए चाहिए कि बाजार से खाने का सामान मिलता है जिससे इनका और इनके परिवार का पेट भरता है।



कबाड़ चुनते बच्चे





पटेल के पंच से आरसीबी विजयी



- 2 विकेट से आइपीएल का पहला मैच जीता बेंगलुरू
- मुंबई ने लगातार 9वें सीजन में अपना पहला मैच गंवाया

एजेंसी

चेन्नई। आइपीएल के 14वें सीजन का पहला मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने नाम कर लिया है। टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस को 2 विकेट से हराया। मुंबई ने लगातार 9वें सीजन में अपना पहला मैच गंवाया है। टीम ने पिछली बार 2013 में अपना पहला मैच जीता था। वहीं, बेंगलुरु ने अब तक 4 बार किसी सीजन का ओपनिंग मैच खेला और पहली बार जीत दर्ज की है। टॉस हार पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने 9 विकेट गंवाकर 159 रन बनाए थे। जवाब में बेंगलुरु टीम 8 विकेट गंवाकर 160 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। ग्लेन मैक्सवेल ने 28 बॉल पर 39 रन बनाए। उनके अलावा विराट कोहली ने 33 व एबी डिविलियर्स ने 48 रन की पारी खेली।


विराट कोहली और मैक्सवेल की पार्टनरशिप ने आरसीबी को संभाला

बेंगलुरु टीम की शुरूआत तेज रही, लेकिन 36 रन पर पहला विकेट भी गंवाया। ओपनिंग करने उतरे स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर खास प्रदर्शन नहीं कर सके। सुंदर 16 बॉल पर 10 रन बनाकर क्रुणाल पंड्या की बॉल पर आउट हुए। इसके बाद डेब्यू मैच खेल रहे रजत पाटीदार बल्लेबाजी करने उतरे और 8 ही रन बना सके।

आरसीबी टीम को 46 रन पर दूसरा विकेट झटका लगा। तेज गेंदबाज बोल्ट ने रजत को शिकार बनाया। ओपनिंग आए कोहली ने ग्लेन मैक्सवेल के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 बॉल पर 52 रन की पार्टनरशिप कर पारी को संभाला। 98 के स्कोर पर बुमराह ने फ्लेइ का तीसरा खिलाड़ी आउट किया। उन्होंने कोहली को पवेलियन भेजा। यहां से टीम को जीत के लिए 45 बॉल पर 62 रन चाहिए थे।

टीम 6 रन ही जोड़ सकी थी कि ग्लेन मैक्सवेल और शाहबाज अहमद भी पवेलियन लौट गए। आइपीएल में पहला मैच खेल रहे मार्को जेंसन ने एक ही ओवर में दोनों को पवेलियन भेजा।

मैक्सवेल ने 2018 के बाद पहली बार लीग में छक्का जड़ा : बेंगलुरु टीम के ग्लेन मैक्सवेल ने 2018 सीजन के बाद पहली बार आइपीएल में छक्का लगाया। 2019 सीजन में वे टूर्नामेंट नहीं खेले थे। 2020 में मैक्सवेल पंजाब की तरफ से खेले थे। तब उन्होंने 13 मैच में 15.42 की औसत से सिर्फ 108 रन बनाए थे और एक भी छक्का नहीं लगा सके थे। आरसीबी ने मैक्सवेल को नीलामी में 15.50 करोड़ में खरीदा था।



धोनी के सामने पंत की पहली परीक्षा आज

एजेंसी

मुंबई। रिषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स और महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) शनिवार को आइपीएल के मैच में जब आमने-सामने होंगी तो यह मुकाबला एक युवा शिष्य और उसके गुरु का भी होगा। दिल्ली की टीम यूएई में खेले गए पिछले सत्र में उप विजेता रही थी। इस बार खिताब जीतने के सपने को पूरा करने के लिए उसका लक्ष्य जीत के साथ शुरूआत करने का होगा। वहीं, तीन बार की चैंपियन सीएसके पिछले साल आठ टीमों में सातवें स्थान पर रही थी। उस खराब प्रदर्शन को भुलाने के लिए आइपीएल की धुरंधर टीम जीत के साथ आगाज करना चाहेगी। चोटिल श्रेयस अय्यर की गैर मौजूदगी में कप्तानी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज पंत ने हाल ही में कहा था कि वह पहले मैच में धोनी से अब तक मिली सारी सीख का इस्तेमाल करेंगे।

उन्होंने कहा था,'बतौर कप्तान मेरा पहला मैच माही भाई के खिलाफ है। अच्छा अनुभव होगा, क्योंकि मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैं अपने अनुभव और उनसे मिली सीख का पूरा इस्तेमाल करूंगा।'

टीम संयोजन बड़ी चुनौती : दिल्ली के पास शिखर धवन, पृथ्वी शॉ, अजिंक्य रहाणे, स्टीव स्मिथ और पंत जैसे बल्लेबाज हैं। धवन (618) पिछले आइपीएल में सर्वाधिक रन वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर थे। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में वनडे सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया। शॉ ने विजय हजारे ट्रॉफी में 827 रन बनाए और ऐसी संभावना है कि वह धवन के साथ पारी का आगाज करेंगे। कप्तान पंत शानदार फॉर्म में हैं और ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड के खिलाफ मैच विजेता साबित हुए। दिल्ली के पास मार्कस स्टोइनिस, शिमरोन हेटमायर और सैम बिलिंग्स जैसे ऑलराउंडर भी हैं, लेकिन टीम संयोजन बड़ी चुनौती होगा, क्योंकि अंतिम एकादश में चार विदेशी खिलाड़ी ही हो सकते हैं। गेंदबाजी में उनके पास इशांत शर्मा, कैगिसो रबादा, उमेश यादव, क्रिस वोक्स और एनरिक नोत्र्जे हैं। रबादा और नोत्र्जे क्वारंटाइन के कारण पहले मैच से बाहर भी रहते हैं तो भी दिल्ली का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है। स्पिन का दारोमदार आर अश्विन और अमित मिश्रा पर होगा, क्योंकि अक्षर पॉजिटिव पाए गए थे।



मैच का समय : शाम 07:30 बजे, दोनों टीमें

दिल्ली कैपिटल्स : रिषभ पंत (कप्तान), शिखर धवन, पृथ्वी शॉ, अजिंक्य रहाणे, शिमरोन हेटमायर, मार्कस स्टोइनिस, क्रिस वोक्स, आर अश्विन, अमित मिश्रा, ललित यादव, प्रवीण दुबे, कैगिसो रबादा, एनरिक नोत्र्जे, इशांत शर्मा, आवेश खान, स्टीव स्मिथ, उमेश यादव, रिपल पटेल, विष्णु विनोद, लुकमान मेरीवाला, एम सिद्धार्थ, टॉम कुर्रन, सैम बिलिंग्स।

चेन्नई सुपरकिंग्स : महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), सुरेश रैना, अंबाती रायुडू, केएम आसिफ, दीपक चाहर, ड्वेन ब्रावो, फाफ डुप्लेसिस, इमरान ताहिर, एन जगदीसन, कर्ण शर्मा, लुंगी नगिदी, मिशेल सेंटनर, रवींद्र जडेजा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, सैम कुर्रन, आर साई किशोर, मोइन अली, के गौतम, चेतेश्वर पुजारा, हरीशंकर रेड्डी, के भगत वर्मा, सी हरी निशांत।

कोरोना के खिलाफ और अधिक कदम उठायेगा जापान



तोक्यो। ओलंपिक खेलों के शुरू होने में तीन महीने से कुछ अधिक समय बचे है और ऐसे में जापान तेजी से फैलने वाले कोरोना वायरस के नए प्रकार के प्रसार को रोकने के लिए और अधिक कदम उठाने को तैयार है। एक सरकारी समिति के विशेषज्ञों ने आपातकालीन उपायों को प्रारंभिक स्वीकृति दी जिसमें तोक्यो, पश्चिमी जापान में क्योटो और दक्षिणी द्वीप ओकिनावा के लिए कुछ कड़े आदेश शामिल हैं। प्रधानमंत्री सुगा सोमवार से लागू होने वाले इस उपायों की घोषणा कर सकते है जो मई की शुरूआत तक लागू रहेगा। तोक्यो में ज्यादातर लोगों को अभी तक टीका नहीं लगा है। ओलंपिक खेलों का आगाज 23 जुलाई से होगा।

100 मैच खेलने वाले लिस्ट में चहल की एंट्री

एजेंसी

चेन्नई। आइपीएल के पहले मैच में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का मुकाबला विराट कोहली की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से हुआ। इस मैच में आरसीबी के कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। विराट कोहली की कोशिश होगी कि वो इस बार आइपीएल का खिताब अपने नाम करें। युजवेंद्र चहल ने आइपीएल 2021 के ओपनिग मैच में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। आईपीएल में 100 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में चहल शामिल हो गए हैं। युजवेंद्र चहल ने आइपीएल में अभी तक 121 विकेट अपने नाम किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25 रन देकर चार विकेट है। आइपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड महेंद्र सिंह धोनी के नाम हैं। सीएसके के कप्तान धोनी ने आइपीएल में 204 मैच खेले हैं। इसके बाद रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा 201 मैच खेले हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक हैं, जिन्होंने आइपीएल में कुल 196 मुकाबले खेले हैं। वहीं विराट कोहली और सुरेश रैना इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। इन दोनों ने आइपीएल में 193 मैच खेले हैं। 14वें सीजन में एक बार फिर आरसीबी व कप्तान विराट से उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।



आइपीएल करेगा देश में आशा का संचार : खन्ना



नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष सीके खन्ना ने आइपीएल के आयोजन के लिये अध्यक्ष सौरभ गांगुली, सचिव जयेश शाह व बीसीसीआइ के सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। खन्ना ने कहा कि जब पूरा देश चुनौतियों से जूझ रहा है ऐसे समय में देश में आइपीएल का आयोजन एक साहसिक कदम है। आइपीएल के मैच लोगों में आशा और उत्साह का नया रंग भरेगें। इसबार आइपीएल बिना दर्शकों होगा लेकिन क्रिकेट का रोमांच भरपूर होगा जिसका आनंद करोडों लोग टेलीविजन के माध्यम से घर पर रह उठायेगें जिस कारण बाहर भीड भी कम होगी।

चेन्नई ने हेजलवुड की जगह बेहनरनडोर्फ को साइन किया

एजेंसी

चेन्नई। ऑस्ट्रेलियन फास्ट बॉलर जेसन बेहरनडोर्फ आइपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स से खेलेंगे। उन्हें चेन्नई ने हमवतन जोश हेजलवुड के रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किया है। उन्होंने आइपीएल में अपना डेब्यू मैच 2019 में सीएसके के खिलाफ मुंबई इंडियंस की ओर से खेला था। हेजलवुड ने 14वें सीजन से अपना नाम वापस ले लिया था। उन्होंने परिवार के साथ समय बिताने के लिए यह फैसला लिया। उन्हें महेंद्र सिंह धोनी की नेतृत्व वाली टीम चेन्नई सुपर किंग्स ने रिटेन किया था। वे आइपीएल से नाम वापस लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के तीसरे खिलाड़ी थे। इससे पहले जोश फिलिप और मिचेल मार्श ने भी नाम वापस ले लिया था। हेजलवुड ने आइपीएल में पिछले साल ही चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से डेब्यू मैच खेला था। उन्होंने तीन मैचों में 1 विकेट लिया था।



दूसरी बार खेलेंगे बेहरनडोर्फ

बेहरनडोर्फ दूसरी बार आइपीएल में खेलेंगे। वे 2019 में मुंबई इंडियंस की ओर खेल चुके हैं। उन्होंने उस समय खेले 5 मैचों में 5 विकेट लिए थे।

ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे और टी-20 में खेल चुके हैं : बेहरनडोर्फ ऑस्ट्रेलिया की ओर से 11 वनडे और 7 टी-20 में खेल चुके हैं। उन्होंने 11 वनडे में 16 विकेट और टी-20 में 7 विकेट लिए हैं।

इस बार युवाओं का एल क्लासिको, बार्सिलोना और रीयल मैड्रिड के बीच आज रात होगी भिड़ंत

बार्सिलोना। दो स्पेनिश फुटबॉल क्लब बार्सिलोना और रीयल मैड्रिड शनिवार देर रात को स्पेनिश लीग ला लीगा के सबसे बड़े मुकाबले एल क्लासिको में आमने-सामने होंगे। इस मुकाबले में सबकी नजरें लियोन मेसी और करीम बेंजेमा जैसे स्टार खिलाड़ियों पर तो होंगी ही, लेकिन इस मैच में युवाओं का भी जोर देखने को मिलेगा। दोनों ही टीमों ने हाल ही के कुछ मैचों में जीत हासिल करके अपनी लय हासिल की हैं। रीयल मैड्रिड ने अपने पिछले मैच में चैंपियंस लीग में क्वार्टर फाइल के पहले चरण में इंग्लिश क्लब लिवरपूल को 3-1 से हराया था जिसमें विनिसियस जूनियर का जलवा दिखाई दिया था। 20 साल के जूनियर की पिछले कुछ समय से खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना की जा रही थी, लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से आलोचकों का मुंह फिलहाल बंद कर दिया है। अब इस मैच में भी टीम को उनसे ऐसे ही प्रदर्शन की आस रहेगी। जूनियर ने उस मैच में दो गोल दागे थे। जूनियर के अलावा टॉनी क्रूज भी अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे क्योंकि उन्होंने चैंपियंस लीग के मैच में दो गोल करने में मदद की थी। टीम के पास लुका मौड्रिक, करीम बेंजेमा और कैसेमिरो जैसे खिलाड़ी मौजूद हैं जो मैच का नतीजा बदलने का दमखम रखते हैं। बेंजेमा शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। टीम को नियमित कप्तान सर्जियो रामोस की कमी खलेगी जो चोट के कारण इस मैच में नहीं उतर पाएंगे जबकि ईडन हैजार्ड, दानी कार्वाजल और राफेल वराने की जगह भी भरना चुनौतीपूर्ण रहेगा।



श्रीलंका दौरा : बांग्लादेश की 21 सदस्यीय टीम घोषित

एजेंसी

ढाका। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को आगामी श्रीलंका दौरे के लिए अपनी 21 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की, जिसमें तीन अनकैप्ड तेज गेंदबाजों मुकीदुल इस्लाम, शाहिदुल इस्लाम और शोर्युल इस्लाम शामिल हैं। वहीं नुरुल हसन, शुवागोटो होम और खालिद अहमद ने भी टीम में वापसी की है। घोषित संभावित टीम के मुताबिक हाल ही में वेस्ट इंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में शामिल रहे मुस्तफिजुर रहमान, सौम्य सरकार और हसन महमूद को टीम से बाहर रखा गया है, जबकि चोट के कारण विंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद से ही क्रिकेट से दूर रहे स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को आइपीएल में खेलने के लिए श्रीलंका दौरे से बाहर हैं। बीसीबी ने टीम में अतिरिक्त गेंदबाजों को शामिल किया है, क्योंकि वह टीम के अभ्यास सत्र में कोई भी नेट गेंदबाज उपलब्ध नहीं कराएगा। टेस्ट सीरीज से पहले मेहमान टीम एक अभ्यास मैच खेलेगी।

शीर्ष टीमों के खिलाफ मैच में अवसर को भुनाना होगा : मनप्रीत

भारतीय हॉकी टीम 10 और 11 अप्रैल को एफआईएच प्रो लीग के मुकाबले खेलेगी

एजेंसी

ब्यूनस आयर्स। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह का कहना है कि टीम को बेहतर टीमों के खिलाफ खेलने से मिलने वाले हर मौकों को भुनाना होगा। भारत ने अर्जेंटीना के खिलाफ इस महीने दो अभ्यास मैच खेले और अब वो ओलंपिक चैंपियन टीम के खिलाफ 10 और 11 अप्रैल को एफआईएच प्रो लीग के मुकाबले खेलेगी। मनप्रीत ने कहा,'दोनों अभ्यास मैच अच्छे थे। पिछले साल हमने कई मुकाबले मिस गए और हमें अब हर मौके को भुनाना होगा। हमारे लिए यह अच्छा है कि हमें ओलंपिक चैपिंयन टीमों के खिलाफ खुद को टेस्ट करने का मौका मिल रहा है।' उन्होंने कहा,'दोनों अभ्यास मैच में हमने कड़ी चुनौती पेश की और कई अवसर बनाए। लेकिन हमें और गोल करने की जरूरत है। हम इसके लिए मेहनत कर रहे हैं।' भारत ने अर्जेंटीना के खिलाफ पहला अभ्यास मैच 4-3 से जीता था जबकि दूसरा अभ्यास मैच 4-4 से ड्रॉ रहा था। मनप्रीत ने कहा,'ट्रेनिंग कैंप में हमने काफी मेहनत की और अंतरराष्ट्रीय मैचों में सर्वश्रेष्ठ करने की पूरी कोशिश की है। हमारे लिए आने वाले मुकाबले बेहद महत्वपूर्ण हैं।' बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के राष्ट्रीय शिविर में ध्यान मौकों को गोल में परिवर्तित करने पर केंद्रित रहा।'



पंचतत्व में विलीन हुए तरुण दा

रांची। महान फुटबॉल खिलाड़ी व कोच तरुण बोस का अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया गया। उनके निधन पर जीत कुने डो मार्शल आर्ट्स संघ ने शोक व्यक्त किया गया और श्रद्धांजली दी। भारत के महान गोलकीपर व कोच तरुण बोस जिन्हे प्यार से लोग तरुण दा कहते है उनके आकस्मिक मृत्यु से सभी खेल प्रेमी अत्यंत शोकाकुल हुए। तरुण बोस फुटबॉल के अलावा अन्य खेलो मे भी रुचि रखते थे। जीत कुने दो के प्रशिक्षक शिफु बिस्वाजीत कर्मकार को हमेशा मार्शल आर्ट्स सिखाने के लिए धुर्वा स्टेडियम मे प्रोत्साहित करते थे। आज उनकी कमी धुर्वा स्टेडियम मे खलेगी।

एक नजर में

शहाबुद्दीन के चार मामलों की हुई सुनवाई

सिवान । मंडल कारा में गठित विशेष अदालत में शुक्रवार को राजद के पूर्व सांसद मो. शहाबुद्दीन से जुड़े कुल चार मामलों की सुनवाई की गई। विशेष अदालत के विशेष सत्र न्यायाधीश एके झा की अदालत में दो मामलों की सुनवाई हुई। समाहरणालय परिसर में माले नेता एवं कार्यकताओं पर जानलेवा हमले से जुड़े मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से प्रदर्श चिह्नित करने हेतु मो. शहाबुद्दीन की कनविक्शन से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। बचाव पक्ष की ओर से इस मामले में विरोध पत्र दाखिल करना था, किंतु बचाव पक्ष की ओर से सुनवाई के दौरान अदालत में विरोध पत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका। अदालत ने बचाव को विरोध पत्र के लिए अंतिम अवसर देते हुए निर्देश दिया कि उक्त तिथि पर निश्चित रूप से विरोध पत्र दाखिल करें, अन्यथा उचित आदेश पारित कर दिया जाएगा। इसी अदालत में कमरूल हक अपहरण से जुड़े मामले में गवाही के लिए तिथि निश्चित थी, किंतु शुक्रवार को मामले में कोई गवाह प्रस्तुत नहीं हुआ।

सीतामढ़ी में युवक की चाकू गोद कर हत्या

सीतामढ़ी। मुजफ्फरपुर के लकड़ी ढाई चांदवारा के रहने वाले एक युवक की शुक्रवार को यहां चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। वह वहां टेंट पंडाल में काम करता था। मृतक सोनू सहनी (26) लकड़ी धाई चांदवारा मोहल्ले के सुरेंद्र सहनी का पुत्र बताया गया है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार सुबह उसका शव परिहार भवानीपुर पथ में तालाब के समीप बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सीतामढ़ी भेज दिया है। वहीं मृतक के स्वजन भी पहुंच चुके हैं। बताया जा रहा है कि परिहार में एक शादी समारोह में मुजफ्फरपुर का टेंट किराए पर लिया गया था। टेंट का काम करने वाला वह शख्स अन्य मजदूरों के साथ पांच अप्रैल को ही परिहार आया था। गुरुवार रात 8:00 बजे से वह लापता हो गया था। शुक्रवार सुबह उसकी हत्या की बात सामने आई। बताया जा रहा है कि परिहार की एक शादी में मुजफ्फरपुर का टेंट किराए पर लिया गया था। टेंट-पंडाल बनाने के काम के लिए वह अन्य मजदूरों के साथ चार अप्रैल को ही परिहार आया था। गुरुवार रात 8:00 बजे से वह लापता था।

शिक्षक ने छात्रा के साथ किया यौन शोषण

आरा। भोजपुर जिले में गुरु-शिष्या के रिश्ते को तार-तार कर देने वाली घटना सामने आई है। पहले तो शादी का झांसा देकर एक शिक्षक द्वारा अपनी शिष्या का यौन शोषण किया गया। बाद में उसने शादी से इंकार कर दिया। घटना तियर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। इसे लेकर पीड़ित इंटर की छात्रा ने संबंधित थाना में ट्यूशन पढ़ाने वाले एक शिक्षक अनुराग ठाकुर के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पीड़ित छात्रा का मेडिकल जांच सदर अस्पताल, आरा में कराया गया। बाद में कोर्ट में भी 164 के तहत बयान दर्ज कराया जाएगा। शुरूआती जांच में पुलिस इस घटना को प्रेम-प्रसंग से भी जोड़कर देख रही है। अभी तक आरोपित शिक्षक की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि तियर थाना के एक गांव की निवासी 18 वर्षीय इंटर की छात्रा बिहिया जाती थी। छात्रा का आरोप है कि शिक्षक ने शादी का झांसा देकर उसे विश्वास में लिया। इस दौरान करीब एक साल तक उसका यौन शोषण करता रहा। बाद में शादी से इंकार कर दिया गया। जिसके बाद उसने तियर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। इधर, पुलिस के अनुसार छात्रा के लिखित बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामला प्रेम-प्रसंग का प्रतीत हो रहा है।

मधेपुरा में फाइनेंस कंपनी के 6.80 लाख लूटे

मधेपुरा। मधेपुरा में फाइनांस कर्मी से शुक्रवार को दिनदहाड़े 6.80 लाख रुपये बदमाश लूट ले गए। घटना जिला मुख्यालय स्थित बंधन बैंक के समीप भारत फाइनांस इंक्लूजर लिमिटेड में दिन के साढ़े नौ बजे के करीब की है। पांच हथियार बंद बदमाशों ने धूसकर कैशियर को पिस्टल के बल पर बाथरूम में बंद कर दिया। उसके बाद रुपये वाला सेफ लूटकर फरार हो गया। सेफ में लगभग छह लाख 80 हजार रुपया था।सारा घटना सीसीटीवी में कैद है। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस अधिकारी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की धड़पकड़ में लगे हैं। साथ ही बैंक के कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

पटना में टीसी की कोरोना से मौत

पटना। शुक्रवार को पटना जंक्शन पर तैनात एक युवा टिकट कलेक्टर की मौत कोरोना संक्रमण के कारण हो गई। कोरोना संक्रमण का पता चलने के बाद संबंधित टीसी का इलाज पटना जंक्शन के पास स्थित रेलवे अस्पताल में चल रहा था। मरने वाले रेलकर्मी का नाम समीर चंद्रवंशी बताया जा रहा है। उनकी शादी कुछ ही दिनों पहले हुई थी। अपने साथी की मौत से पूर्व मध्य रेलवे के विभन्नि स्टेशनों पर काम करने वाले स्टाफ में काफी डर की स्थिति है। खासकर ट्रेनों के टिकट चेकिंग स्टाफ में चिंता देखी जा रही है। कई रेलकर्मी हो चुके हैं संक्रमित : पटना जंक्शन पर तैनात कई रेलकर्मी अब तक कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक सह मुख्य पार्सल सुपरवाइजर सुभाष सिंह, आरक्षण पर्यवेक्षक आरएस पांडेय समेत कई रेल कर्मियों के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद रेलकर्मी काफी दहशत में हैं।

Sudoku-175

आज का सवाल

8			9	1		5		
3	4		8					
			4		2	9		
	5			4	9		1	8
4	8	6						5
		1			3		2	6
6							5	2
5	1			9	8			
		2	1			8	4	

- प्रत्येक पंक्ति में एक से नौ तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी में और खड़ी पंक्ति में एवं तीन गुणा तीन वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका भी विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंक को हटा नहीं सकते।
- पहेली का एक ही हल है।

कल का जवाब

2	4	3	8	6	1	7	5	9
8	1	7	5	9	3	2	6	4
6	5	9	4	2	7	3	8	1
4	8	1	9	3	6	5	2	7
5	7	2	1	4	8	6	9	3
9	3	6	7	5	2	1	4	8
1	6	8	2	7	4	9	3	5
3	9	4	6	1	5	8	7	2
7	2	5	3	8	9	4	1	6

संजय सिंह पर से हटेगा एससी-एसटी एक्ट

प्रशासन ने पिता सुरेंद्र सिंह को दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

मधुबनी। मधुबनी के महमदपुर हत्याकांड मामले में पीड़ित परिवार के एकमात्र जीवित पुत्र संजय सिंह पर से अब एससी-एसटी एक्ट का मामला हटाया जाएगा। प्रशासन ने संजय सिंह के पिता सुरेंद्र सिंह को इसकी जानकारी दी है। सुरेंद्र सिंह ने शुक्रवार को करणी सेना के नेताओं के सामने यह बात कही। संजय सिंह को पटना हाईकोर्ट से जमानत मिली है जिसके बाद वह गुरुवार को ही अपने घर पहुंचे हैं। बीते नवंबर माह में संजय सिंह और गैबीपुर गांव के प्रवीण झा के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद गैबीपुर गांव के ही मुकेश साफी ने संजय सिंह पर एससी-एसटी एक्ट के

सरकार की चुप्पी पर परिजनों में गुस्सा

तहत केस दर्ज कराया था। इसी मामले में पुलिस ने संजय सिंह को अरेस्ट कर जेल भेज दिया था। अब जब वो वापस आए भी तो स्थितियां ऐसी हैं कि घर के हर सदस्य के आंसू पोंछने पड़ रहे हैं। आज परिवार से मिलने आए करणी सेना के नेताओं से बातचीत में संजय ने कहा कि जिस व्यक्ति ने उनपर केस किया है, उसे मैं पहचानता भी नहीं। मैंने तो प्रवीण झा के खिलाफ आवेदन दिया था। थाने पर बुलाकर थानेदार महेंद्र सिंह (अब सस्पेंड) ने कहा कि तुम अपना आवेदन वापस ले लो, नहीं तो इसके केस पर कार्रवाई कर जेल भेज देंगे। हम आवेदन वापस नहीं लिए तो हमको जेल भेज दिया। उस दिन अगर हम वहां रहते तो बात कुछ और होती। वो गोली-हथियार लेकर आए थे तो यह सब हमारे पास भी था। मुझे भी हथियार चलाना आता है। इस दौरान करणी सेना के नेताओं सहित पिता सुरेंद्र सिंह और मौजूद अन्य ग्रामीणों ने सरकारी स्तर से चुप्पी पर सवाल किए। आरोप लगाया कि अभी तक सत्ता पक्ष की ओर से कोई हमसे मिलने नहीं आया है। सत्ताधारी पार्टियों की ओर से भी कोई प्रतिनिधिमंडल हमसे मिलने नहीं आया है। करणी सेना ने शुरू से हमारा साथ दिया है। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और अन्य नेता मिलने आए। लेकिन सरकार ने कुछ नहीं किया।



करणी सेना के नेताओं के साथ संजय सिंह और उनके पिता सुरेंद्र सिंह।

सात बजे तक ही खुलेंगी दुकानें

यह पाबंदी राज्य में 30 अप्रैल तक लागू रहेगी

खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। कोरोना के तीव्र गति से बढ़ रहे मामले को ध्यान में रख सरकार ने सभी स्कूल, कॉलेज व कोचिंग संस्थानों को अठारह अप्रैल तक बंद रखने का फैसला लिया है। पहले बंदी ग्यारह अप्रैल तक थी। पूर्व से तय परीक्षाएं अपने तय समय पर होंगी। वहीं सभी तरह के व्यावसायिक प्रतिष्ठान अगले तीस अप्रैल तक शाम सात बजे तक ही खुले रहेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में यह फैसला लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की बैठक में यह तय हुआ था कि ग्यारह से चौदह अप्रैल तक टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जाएगा। बिहार में भी यह अभियान चलेगा। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद कक्ष में आयोजित मुख्यमंत्री के संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी गयी।

कोरोना से जंग

- राज्य में 18 तक स्कूल-कॉलेज बंद
- शादी में दो सौ और श्राद्ध में पचास लोग ही शामिल हो सकेंगे



मामले और बढ़े तो रात्रि कर्फ्यू : मुख्यमंत्री ने कहा कि बैठक में रात्रि कर्फ्यू पर भी चर्चा हुई पर तय यह हुआ कि चार-पांच दिन पूरी स्थिति नजर रखी जाएगी। अगर मामले और बढ़े तो इस बारे में सोचा जाएगा।

मुख्यमंत्री के संवाददाता सम्मेलन में मौजूद स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव प्रत्यय अमृत ने कोरोना की वजह से लगी रोक के बारे में विस्तार से बताया। स्कूल, कॉलेज व कोचिंग संस्थानों की ग्यारह अप्रैल तक की बंदी को सात दिन और बढ़ाकर अठारह अप्रैल तक कर दिया गया है। सभी दुकान व अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान अगले तीस अप्रैल तक शाम सात बजे तक ही खुलेंगे। दिन में खुलने वाले इन प्रतिष्ठानों में मास्क के बगैर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सभी दुकानदारों को अनिवार्य रूप से सैनिटाइजर रखना होगा। वैसे रेस्टोरेंट, भोजनालय और ढाबों को थोड़ी राहत दी गयी है। इनके प्रतिष्ठान अपनी क्षमता के पच्चीस प्रतिशत ग्राहकों के साथ शाम सात बजे के बाद भी खुले रहेंगे। होम डिलेवरी व टेक अवे सर्विस को बंदिशों से मुक्त रखा गया है। सभी तरह के धार्मिक स्थल अगले तीस अप्रैल तक आम लोगों के लिए बंद रहेंगे। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के वाहन अपनी क्षमता का पचास प्रतिशत ही उपयोग कर सकेंगे।

सिनेमा हॉल पचास प्रतिशत क्षमता के साथ ही चलेंगे। निजी कार्यालय का संचालन पैंतीस प्रतिशत उपस्थिति के साथ ही होगा। औद्योगिक प्रतिष्ठानों को छूट दी गयी है। सरकारी दफ्तरों में उप सचिव के ऊपर स्तर तक के अधिकारी नियमित रूप से आएंगे और उनके नीचे के कर्मी की उपस्थिति रोटेशन के आधार पर पैंतीस प्रतिशत तक रहेगी। श्राद्ध व शादी-ब्याह में दो सौ तथा अंतिम संस्कार में पचास लोग ही शामिल हो सकेंगे।

कई महत्वपूर्ण निर्णय

- सभी धार्मिक स्थल आमजनों के लिए तीस अप्रैल तक बंद
- निजी दफ्तर 35 फीसदी उपस्थिति के साथ ही चलेंगे, औद्योगिक प्रतिष्ठानों को छूट
- सरकारी दफ्तरों में उप सचिव से ऊपर के अधिकारी की शत प्रतिशत उपस्थिति, नीचे के कर्मी 35 प्रतिशत ही आएंगे
- पब्लिक ट्रांसपोर्ट अपनी क्षमता का पचास फीसदी ही उपयोग करेंगे
- पार्क व उद्यान में मास्क का प्रयोग अनिवार्य होगा
- रेस्टोरेंट व भोजनालय अपनी क्षमता के केवल 25 फीसदी ग्राहकों को ही सेवा देंगे

रावण व भोला सिंह के घर लगाई आग

मधुबनी। बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में होली के दिन हुए सामूहिक हत्याकांड के मुख्य आरोपित गैबीपुर गांव के प्रवीण झा उर्फ रावण एवं एक अन्य आरोपित पौआम गांव के भोला सिंह के घर शुक्रवार को उपद्रवी तत्वों ने आगजनी कर दी।

स्थानीय लोगों के अनुसार शुक्रवार की शाम सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर गैबीपुर स्थित मुख्य आरोपित प्रवीण झा के घर में आग लगा दी। उसके दादा कामेश्वर साह के साथ मारपीट भी की गई। उसके बाद उपद्रवी नारेबाजी करते हुए वहां से चले गए। दूसरी ओर, इसी हत्याकांड के आरोपित पौआम गांव के भोला सिंह के घर में भी आगजनी की घटना हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सैंकड़ों की संख्या में आए लोगों ने अचानक घर के कमरे में आग लगा दी जिससे घर में रखे सामान जल गए। आनन-फानन में लोगों ने आग पर काबू पाकर पुलिस को खबर की। अग्निशामक वाहन के द्वारा आग को बुझाया गया है।

बिहार में जल्द ही दिव्यांग फ्रेंडली बस खरीदी जायेगी

खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। बिहार राज्य परिवहन निगम की बसों में दिव्यांगजनों के लिए 50 किमी तक की यात्रा मुफ्त है। इससे अधिक दूरी की यात्रा पर 50 फीसदी की छूट दी जा रही है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने बताया कि दिव्यांग जनों को यात्रा में छूट का प्रावधान वर्ष 2017 से ही है।

यह सुविधा जेपी सेनानियों को भी उपलब्ध कराई गई है। परिवहन निगम ने बताया कि दिव्यांगों के लिए 20 विशेष बसें भी खरीदी जाएंगी। पांच बार निविदा निकाले जाने के बावजूद मात्र एक कंपनी ने इसमें रुचि दिखाई है। जल्द ही दिव्यांग फ्रेंडली बसों की खरीद की जाएगी।

- 50 किमी तक की यात्रा मुफ्त और इससे अधिक दूरी की यात्रा पर 50 फीसदी की छूट
- जेपी सेनानियों को भी यात्रा में छूट की सुविधा

40 फीसदी दिव्यांगता अनिवार्य : बसों में मुफ्त यात्रा के लिए न्यूनतम 40 फीसद दिव्यांगता अनिवार्य है। दिव्यांगजनों को इसके लिए पास बनवाना होगा। इसके लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति के साथ जन्मतिथि का प्रमाण पत्र और दो स्टाम्प आकार की रंगीन तस्वीर जमा करनी होगी। 15 बस होंगे पड़ाव : राज्य के 15 बस पड़ावों को दिव्यांग फ्रेंडली बनाया जा रहा है। तीन माह के अंदर दिव्यांगों के लिए रैंप और विशेष शौचालय आदि की व्यवस्था होगी। मुजफ्फरपुर बस पड़ाव में ब्रीक सोलिंग के कारण व्हील चेयर चलाने में हो रही परेशानी को देखते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक को इसे समतल एवं सुगम बनाने का निर्देश दिया गया है। निगम की बसों में दिव्यांगों के लिए अभी ऑडियो सिस्टम और डिस्प्ले पैनल अभी पूर्ण रूप से कार्यरत नहीं है। ऐसे में निगम बस के ड्राइवरों और कंडक्टरों को दिव्यांगजनों को बस में चढ़ने और बैठने में सहयोग करने को कहा गया है। ऑडियो सिस्टम और डिस्प्ले पैनल को भी ठीक करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा ठहराव नहीं रहने पर दिव्यांगों के लिए बिना पड़ाव के भी बीच रास्ते में बस रोकने का निर्देश दिया गया है।

दारोगा हत्याकांड का आरोपित टुकटुक सिंह गुजरात से गिरफ्तार

सीतामढ़ी। मेजरगंज थाने के दरोगा दिनेश राम हत्याकांड में सीतामढ़ी पुलिस की स्पेशल टीम ने फरार शिवम सिंह उर्फ टुकटुक सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। गुजरात के कच्छ से गुरुवार को इस शातिर की गिरफ्तारी हुई है। एसपी अनिल कुमार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। उसको वहां से सीतामढ़ी लाया जा रहा है। मेजरगंज थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शिवम सहियारा थाना क्षेत्र के महादेव गांव का रहने वाला है। सूत्रों की माने तो शिवम बसबिट्टी गांव निवासी और इस हत्याकांड में पूर्व में गिरफ्तार हो चुके अपराधी अभिषेक सिंह का साथी है। उसके पिता सत्येंद्र प्रसाद सिंह डायन छपरा पंचायत के पूर्व मुखिया हैं। शिवम की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही उसके पिता की तबियत बिगड़ गई। उनको पटना एम्स में भर्ती कराया गया है। उसकी मां दस साल पूर्व गुजर चुकी हैं।

नियोजित शिक्षक जून से करा सकेंगे तबादला

पटना। प्रदेश के उन नियोजित शिक्षकों के लिए अच्छी खबर है, जो स्थानातंरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। शिक्षा विभाग ने एनआइसी के सहयोग से सॉफ्टवेयर को तैयार कर लिया है। अगर सब कुछ सही दिशा में रहा तो अगले माह तबादले के इच्छुक शिक्षकों को सॉफ्टवेयर पर आवेदन मांगे जाएंगे, इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर से दिशा-निर्देश भी जारी किया जाएगा। शिक्षा विभाग की माने तो स्थानातंरण प्रक्रिया में सबसे पहले महिला शिक्षकों एवं दिव्यांग शिक्षकों को आवेदन करने का मौका दिया जाएगा।

ऐसे शिक्षक मई से आवेदन करेंगे और जून में स्थानातंरण के साथ पदस्थापन होगा। प्रदेश भर में महिला शिक्षकों व दिव्यांग शिक्षकों की संख्या 1.48 लाख है। नियमावली की दी जा चुकी है स्वीकृति : शिक्षा विभाग की ओर से नियोजित शिक्षकों के स्थानातंरण एवं पदस्थान से संबंधित नियमावली की स्वीकृति दी जा चुकी है। बिहार विधानसभा का बजट सत्र में शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने इसकी घोषणा करते हुए कहा था कि नियोजित शिक्षकों का स्थानातंरण एवं पदस्थापन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इस घोषणा पर शिक्षा विभाग अब तेजी से अमल करने में जुटा है। शिक्षकों से आवेदन लेने की प्रक्रिया क्या होगी और सॉफ्टवेयर पर किस तरह से लिया जाएगा, इससे संबंधित गाइडलाइन तैयार किया गया है। कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए शिक्षकों के स्थानांतरण एवं पदस्थापन में काफी सावधानी से प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

- सबसे पहले महिला और दिव्यांग को आवेदन करने के लिए मिलेगा मौका

शहद निर्यात बढ़ाने में जुटी केंद्र सरकार

नयी दिल्ली। भूमिहीन किसानों के लिए मधुमक्खी पालन वरदान साबित हो सकता है। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए खेती से जुड़े उद्यमों को सरकार प्रोत्साहन दे रही है। शहद की घरेलू व निर्यात मांग होने से इस क्षेत्र में पर्याप्त संभावनाएं हैं। शहद उत्पादन की आधुनिक टेक्नोलॉजी के उपयोग के साथ किसानों को इसमें काफी सहूलियत होगी। मधुमक्खी पालन एक ऐसा साधन साबित होगा, जिससे गरीबी उन्मूलन में मदद मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। गांवों में मछली पालन, पशु पालन, डेयरी और मधुमक्खी पालन के माध्यम से भूमिहीन किसानों और खेतिहर मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार लाने में मदद मिल सकती है। केंद्र सरकार के इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का दायित्व सहकारी एजेंसी नैफेड को सौंपा गया है।

बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 155 अंक लुढ़का

निफ्टी 38 अंक गिरकर 14,834 पर बंद

एजेंसी

मुंबई। बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी दिग्गज कंपनियों के दबाव में घरेलू शेयर बाजार आज गिरावट में रहे।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 154.89 अंक यानी 0.31 फीसदी टूटकर 49,591.32 अंक पर तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 38.95 अंक यानी 0.26 प्रतिशत लुढ़ककर 14,834.85 अंक पर बंद हुआ। लगातार तीन दिन चढ़ने के बाद बाजार में गिरावट देखी गई है।

मझौली कंपनियों में भी बिकवाली का जोर रहा जबकि छोटी कंपनियों में निवेशकों ने लिवाली की। बीएसई का मिडकैप



0.08 फीसदी फिसलकर 20,762.17 अंक पर आ गया। वहीं, स्मॉलकैप 0.69 प्रतिशत की बढ़त में 21,596.85 अंक पर पहुँच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर तीन प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट का दो प्रतिशत से अधिक टूट गया। ऊर्जा क्षेत्र पर दबाव के बीच एनटीपीसी के शेयरों में करीब दो प्रतिशत की गिरावट रही। सनफार्मा का शेयर साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक चढ़ा।

विदेशों में मिला-जुला रुख रहा। एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 1.07 फीसदी, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.92 फीसदी और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.36 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि जापान का निक्केई 0.20 प्रतिशत की बढ़त में रहा। यूरोप में शुरूआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.12 प्रतिशत टूट जबकि जर्मनी का

सोने में 97 रुपये तेजी और चांदी फीकी

नयी दिल्ली। रुपये के मूल्य में गिरावट आने कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 97 रुपये मजबूत होकर 46,257 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। । पिछले कारोबारी सत्र में सोना 46,160 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके विपरीत, चांदी का भाव 275 रुपये की गिरावट के साथ 66,253 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया।

पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 66,528 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार के आरंभिक कारोबार में डॉलर के मुकाले रुपया 17 पैसे टूटकर 74.75 रुपये पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव गिरावट के साथ 1,745 डॉलर प्रति औंस रह गया जबकि चांदी 25.15 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रही।

देश में लगातार दूसरे दिन कोरोना के नये केस सवा लाख के पार

24 घंटे में 1,31,968 नये मामले

- सक्रिय मामले 69,289 बढ़कर 9,79,608 हो गये हैं 780 मरीजों की मौत के साथ इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 1,67,642 हो गयी है

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में कोरोना वायरस महामारी का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है और लगातार दूसरे दिन भी नए मामलों की संख्या सवा लाख के पार रही और पिछले 24 घंटों के दौरान 69,289 सक्रिय मामले बढ़कर 9,79,608 पहुंच गए।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार इस बीच देश में 1,31,968 नये मामले दर्ज किए गए। इसके साथ ही संक्रमितों की संख्या एक करोड़ 30 लाख 60 हजार 542 हो गयी है। वहीं इस दौरान 61,899 मरीज स्वस्थ हुए हैं, जिसे मिलाकर अब तक 1,19,13,292 मरीज कोरोनामुक्त भी हो चुके हैं। सक्रिय मामले 69,289 बढ़कर 9,79,608 हो गये हैं। इसी अवधि में 780 और मरीजों की मौत के साथ इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 1,67,642 हो गयी है। देश में रिकवरी दर आंशिक घटकर 91.22 फीसदी और सक्रिय मामलों की दर बढ़कर 7.50 प्रतिशत हो गया है, जबकि मृत्युदर घटकर 1.28 फीसदी रह गयी है। महाराष्ट्र कोरोना के सक्रिय मामलों में शीर्ष पर है और राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 19,780 बढ़कर 5,22,762 हो गयी है।

इस दौरान राज्य में 36,130 और मरीज स्वस्थ हुए, जिसे मिलाकर कोरोना को मात देने वालों की तादाद 2649757 पहुंच गयी है जबकि 376 और मरीजों की मौत से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 57028 हो गया है।



दिल्ली, यूपी, बिहार एमपी समेत 13 राज्यों में स्कूल-कॉलेज बंद

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना के बढ़ते मामलों के बाद सरकार ने एक अहम फैसला लिया है। एहतियात के तौर पर दिल्ली में सभी स्कूल (सरकारी, प्राइवेट सहित), सभी क्लासेज के लिए को अगले आदेश तक बंद किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है। दरअसल देश भर में कोरोना के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। कोरोना के बढ़ते संक्रमण के कारण 13 राज्यों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। वहीं कई राज्यों में बोर्ड परीक्षाओं की तिथियों में भी बदलाव कर दिया गया है।

वैक्सीन की कमी पर बढ़ा रार

>> बीजेपी बोली- राहुल गांधी ने क्यों नहीं लगवाया टीका, क्या विदेश में ले लिया डोज

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से देश में कोरोना वैक्सीन की कमी का आरोप लगाए जाने पर बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने ट्वीट कर कहा है कि देश में वैक्सीन की कमी नहीं है बल्कि राहुल गांधी अटेंशन की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने लिखा कि आखिर राहुल गांधी ने अब तक वैक्सीन क्यों नहीं लगवाई हैं या फिर वह लगवाना नहीं चाहते हैं। ऐसा तो नहीं कि वह अपनी किसी विदेश यात्रा पर वैक्सीन लगवा आए हैं और उसके बारे में जानकारी नहीं देना चाहते? एक के बाद एक कई ट्वीट करते हुए रविशंकर प्रसाद ने लिखा कि राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि कांग्रेस शासित राज्यों में वैक्सीन की कमी नहीं है, बल्कि हेल्थकेयर के प्रति कमिटमेंट का अभाव है। यही नहीं रविशंकर प्रसाद ने इशारों में ही महाराष्ट्र सरकार की राजनीतिक हलचल का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा कि राहुल गांधी को अपनी पार्टी की सरकारों को लेटर लिखना चाहिए कि वे वसूली के काम को बंद करें और लाखों लोगों को वैक्सीन लगाएं, जिन्हें वे दबाए बैठे हैं। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि महामारी से लड़ना किसी एक ट्रिक का गेम नहीं है। वैक्सीनेशन के अलावा टेस्टिंग, ट्रीटींग और ट्रेसिंग पर भी फोकस करने की जरूरत है। राहुल गांधी की समस्या यह है कि वह इन चीजों को नहीं समझते हैं। उनके इन चीजों को नजरअंदाज करने की वजह उनका अहंकार है।

किसान आंदोलन के बीच सुप्रीम कोर्ट ने फिर कहा

सड़क ब्लॉक नहीं होनी चाहिए

एजेंसी



नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने फिर कहा है कि पब्लिक रोड ब्लॉक नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने नोएडा नोएडा बेस्ड एक महिला की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी कही। महिला ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर कहा है कि नोएडा से दिल्ली जाने में 20 मिनट के बजाय दो घंटे लगते हैं। इस मामले में कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कहा कि हमने पहले भी कहा है कि पब्लिक स्ट्रीट ब्लॉक नहीं होना चाहए। सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल ने पेश होते हुए कहा कि इस मामले में हरियाणा और यूपी को भी दखल देने की इजाजत होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इसकी इजाजत देते हुए दोनों राज्यों को नोटिस जारी कर दिया है। कोर्ट के जस्टिस एसके कौल की अगुवाई वाली बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि पब्लिक स्ट्रीट ब्लॉक नहीं होना चाहिए। अदालत ने कहा कि यह बात हम पहले भी कई बार कह चुके हैं। अदालत ने कहा कि हमें नहीं पता कि आप कैसे इस समस्या का निदान करेंगे चाहे राजनीतिक तौर पर या फिर प्रशासनिक तौर पर या फिर न्यायिक तौर पर। लेकिन सड़क ब्लॉक नहीं होना चाहिए। नोएडा बेस्ड सिंगल मदर इस तरह से सड़क ब्लॉक होने से परेशान हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 19 अप्रैल की तारीख तय कर दी है। मार्च के आखिरी हफ्ते में नोएडा की रहने वाली एक महिला ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर कहा था कि नोएडा से दिल्ली जाने में 20 मिनट के बजाय दो घंटे लगते हैं और ये बुरे सपने की तरह है। कोर्ट ने उस याचिका पर केंद्र और दिल्ली पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा था। महिला ने अर्जी में कहा है कि सड़क क्लियर रखने को सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को आने-जाने में परेशानी न हो।

स्पीड न्यूज

आर्म्स लाइसेंस मामले में मुख्तार को राहत



मऊ। मऊ की अदालत से मुख्तार अंसारी को राहत मिली है। दरअसल मुख्तार अंसारी को शस्त्र लाइसेंस मामले में कोर्ट से जमानत मिल गई। मऊ सेशन कोर्ट ने शुक्रवार को यह आदेश दिया। जनपद के दक्षिण टोला थाने में साल 2020 में अंसारी और उसके सहयोगियों पर दर्ज मुकदमें में मुख्तार को जमानत मिली है। इस मामले में सह-अभियुक्तों को पहले ही जमानत मिल चुकी है।

सहारा के सुब्रत रॉय हुए कोरोना पॉजिटिव

नयी दिल्ली। सहारा समूह के अध्यक्ष सुब्रत रॉय सहारा कोविड-19 वायरस से संक्रमित हो गए हैं। एक विज्ञप्ति के अनुसार कोविड-19 मामलों की बढ़ती संख्या के बीच रॉय ने सभी से सुरक्षित रहने और अपने आसपास के लोगों का ध्यान रखने की अपील की है।

आप विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी दोषी करार

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 2013 के एक दंगे से जुड़े मामले में आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी को दो अपराधों के लिए दोषी करार दिया है। अदालत ने एक महिला को भी अपराधी माना है।

ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर किया पलटवार

मोदी के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का कोई मामला नहीं बनता

एजेंसी

जमालपुर। ममता बनर्जी ने शुक्रवार को चुनाव आयोग पर हमला करते हुए कहा कि वह केंद्रीय बलों के हस्तक्षेप पर तब तक बोलना जारी रखेंगी जब तक कि यह (केंद्रीय बल) बीजेपी के लिए काम करना नहीं बंद कर देता। बनर्जी ने पूर्व वर्द्धमान जिले में एक जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मतदान के दिनों में चुनाव अभियान चलाते हैं, फिर भी उनके खिलाफ चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का कोई मामला नहीं बनता है। इससे पूर्व चुनाव आयोग ने पश्चिम



ममता बनर्जी को केंद्रीय बलों के बारे में की गयी टिप्पणी को लेकर नोटिस जारी किया है और उनसे 10 अप्रैल तक इसका जवाब मांगा है। चुनाव आयोग की ओर से बनर्जी को भेजी गयी यह दूसरी नोटिस है। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को यह नोटिस जारी करते हुए कहा कि केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों के खिलाफ की गयी टिप्पणी झूठी और उकसाने वाली है।

वैक्सीन की कमी होना बहुत ही गंभीर मुद्दा है, कोई उत्सव नहीं: राहुल गांधी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 से 14 अप्रैल तक टीका उत्सव मनाने की बात कही थी। इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि कोरोना वायरस के खिलाफ वैक्सीन की कमी गंभीर मुद्दा है। यह कोई उत्सव नहीं है। दरअसल, पीएम मोदी ने इस उत्सव के जरिए राज्यों ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को टीका लगाए जाने की बात कही थी। सांसद गांधी ने पीएम मोदी पर टीका उत्सव को लेकर निशाना साधा है। साथ ही उन्होंने दूसरे देशों को निर्यात किए जा रहे वैक्सीन डोज पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते कोरोना संकट के बीच, वैक्सीन की कमी होना एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है, कोई उत्सव नहीं है। उन्होंने कहा कि क्या अपने देशवासियों की जान को जोखिम में डालकर वैक्सीन निर्यात करना सही है? राहुल ने कहा कि केंद्र सरकार को बगैर किसी भेदभाव के सभी राज्यों की मदद करनी होगी।

तीन चरणों में 63 से 68 सीट जीतेगी भाजपा : अमित शाह

एजेंसी



कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी के नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में बीते तीन चरणों के हुए चुनाव में भाजपा कम से कम 63-68 सीटें जीतेगी। एक प्रेस वार्ता में शाह ने कहा कि तीन चरणों में, बंगाल की जनता से भाजपा को अभूतपूर्व समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि हमारे अनुमान के अनुसार भाजपा तीन चरणों में 63 से 68 सीटों के बीच जीतेगी। शाह ने दावा किया कि जिस तरह से टीएमसी ने अल्पसंख्यक मतदाताओं से एक साथ आने और टीएमसी को वोट देने की अपील की है, उनका अल्पसंख्यक वोट बैंक भी खिसक रहा है। शाह ने कहा कि बंगाल की जनता आपके खिलाफ इसलिए है कि जो लाखों-करोड़ों शरणार्थी आए हैं, उनको नागरिकता देने का कानून सीएए मोदी लेकर आएं, और आप सीएए का विरोध कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दीदी बार-बार आरोप लगा रही हैं कि गृह मंत्रालय के इशारे पर सीएपीएफ चुनाव को डिस्टर्ब कर रहा है। दीदी को मैं एक कॉमनसेंस की बात बताना चाहता हूं कि सीएपीएफ जब चुनाव के काम में लगते हैं, तो गृह मंत्रालय का उन पर कंट्रोल नहीं होता है। गृह मंत्री ने कहा कि पैरा मिलिट्री फोर्सेज पर चुनाव के समय कंट्रोल चुनाव आयोग का होता है। इतनी सीधी-सीधी बात भी अगर दीदी को मालूम नहीं है, तो मैं मानता हूं कि उनकी बौखलाहट बहुत बड़ी हो गई है। भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा के कार्यकताओं पर लगातार हमला होना, हमारे प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष पर विगत दो-तीन दिनों में हमला हुआ। इन हमलों के खिलाफ टीएमसी के एक भी नेता की टिप्पणी नहीं आई, ये लोग मौन इशारा कर रहे हैं कि आप हिंसा करिए।

महाराष्ट्र में फिर मिले 59 हजार केस, 301 लोगों की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र में कोरोना का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को एक बार फिर राज्य में करीब 59 हजार लोग करोना संक्रमित मिले तो 301 मरीजों की मौतो हो गई। राज्य में अब तक 32 लाख 88 हजार 540 लोग संक्रमित हो चुके हैं, जबकि कुल 57,329 लोगों की जान इस वायरस ने ली है। मुंबई में फिर 9 हजार से अधिक केस मिले हैं। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटे में 45,391 लोग रिकवर हुए। अब तक यहां 26 लाख 95 हजार 148 लोग कोरोना को मात दे चुके हैं तो एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 5 लाख 34 हजार 603 हो गई है। देश की आर्थिक राजधानी में शुक्रवार को 9 हजार से अधिक लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। 24 घंटे में 9,200 नए केस मिले तो 35 लोगों की जान चली गई। इसके साथ ही मुंबई में कुल संक्रमितों की संख्या 5 लाख के पार चली गई है तो यहां एक्टिव केसों की संख्या भी 90 हजार से अधिक है।

राफेल में 21 हजार करोड़ की लूट का खुलासा: कांग्रेस

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि राफेल लड़ाकू विमान सौदे में घोटाले की परते उठा रहे फ्रांस के मीडिया की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सौदे में 21 हजार 75 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भुगतान किया गया है। कांग्रेस के रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि राफेल में पैसे का आदान-प्रदान हुआ है और सरकारी खजाने को 21 हजार 75 करोड़ रुपए का चूना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि फ्रांस के मीडिया में हुए खुलासे में कहा गया है कि राफेल के लिए 2016 में 21 हजार 75 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान हुआ है। यह राशि आज के हिसाब से 39 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। उनका कहना था कि यह बहुत बड़ी अतिरिक्त रकम का भुगतान हुआ है कोई छोटा-मोटा घोटाला नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि इस घोटाले में यह ताजा साक्ष्य एक फ्रेंच वेबसाइट के न्यूज पॉर्टल के हवाले से सामने आया है। इस वेब साइट का कहना है कि राफेल खरीद में बहुत भ्रष्टाचार हुआ है। उन्हीने इस भ्रष्टाचार को देशद्रोह करार दिया और कहा कि इस सौदे में देश के हितों से खिलवाड़ हुआ है।

कजाकिस्तान के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमति

नयी दिल्ली। भारत और कजाकिस्तान रक्षा क्षेत्र और इससे संबद्ध औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुये हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कजाकिस्तान के रक्षा मंत्री नुर्लान यर्मेकबएव के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। दोनों मंत्रियों ने प्रशिक्षण, रक्षा अभ्यासों तथा क्षमता निर्माण के जरिये द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और सुदृढ़ बनाने के बारे में चर्चा की। उन्होंने इस बात पर सहमति जताई कि दोनों पक्षों को परस्पर हितों के रक्षा औद्योगिक सहयोग की संभावना पर विचार करना चाहिये। कजाकिस्तान के रक्षामंत्री ने लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल में भारतीय बटालियन के एक हिस्से के रूप में तैनाती के लिए कजाकिस्तान की सैन्य टुकड़ी को अवसर देने के लिए सिंह को धन्यवाद दिया।

अमेरिका ने बिना अनुमति लक्षद्वीप के पास अभ्यास कर भारतीय दावे को दी चुनौती



वॉशिंगटन। अमेरिका की नौसेना ने भारत सरकार के लक्षद्वीप के पास समुद्र में विशेष आर्थिक क्षेत्र को लेकर दावे को बड़ी चुनौती दी है। अमेरिकी नौसेना के सातवें बेड़े ने कहा है कि उसने भारत से अनुमति लिए बिना ही लक्षद्वीप के पास भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंदर फ्रीडम ऑफ नेविगेशन ऑपरेशन को अंजाम दिया है। अमेरिकी नौसेना का यह बयान भारत की समुद्री नौवहन सुरक्षा नीति का सीधे-सीधे उल्लंघन है जिसके तहत ऐसे अभ्यास के लिए अनुमति लेना जरूरी है।

भारत-नीदरलैंड्स समिट मोदी ने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर दिया जोर

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री मार्क के साथ वर्चुअल शिखर बैठक की। इस दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि हमारे रिश्ते लोकतंत्र के साझा मूल्यों पर आधारित हैं। पीएम मार्क ने कोरोना महामारी के दौर में भारत के 'वैक्सीन मैत्री' कार्यक्रम की तारीफ की। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बातचीत में पीएम रट से कहा कि हमारी साझेदारी कानून के शासन और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है। जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी को लेकर हमारी चुनौती समान है। हम सहयोग के नए क्षेत्रों में रिश्तों को मजबूत कर रहे हैं।

तापसी ने कंगना को कहा - थैंक्यू



बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू और कंगना रनौत के बीच का मतभेद किसी से भी छिपा नहीं है। सोशल मीडिया पर कई बार दोनों को आमने सामने देखा जा चुका है। हालांकि उस वक्त कंगना और तापसी के फैन्स हैरान रह गए, जब तापसी ने अवॉर्ड लेते हुए कंगना को भी थैंक्यू कह दिया।

तापसी ने कहा कंगना को धन्यवाद

दरअसल हाल ही में तापसी को फिल्म थप्पड़ के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड दिया गया था। अवॉर्ड जीतने के बाद तापसी ने अपने सभी को नॉमिनीज को धन्यवाद कहा। तापसी ने दीपिका पादुकोण, जाह्नवी कपूर, कंगना रनौत और विद्या बालन को धन्यवाद कहा।

कंगना रनौत ने दिया जवाब

तापसी पन्नू का ये वीडियो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। तापसी के साथ ही साथ कंगना के फैन्स भी इस वीडियो को खूब तेजी से शेयर करने लगे। इस बीच एक सोशल मीडिया यूजर ने इस वीडियो को शेयर करते हुए कंगना रनौत को भी टैग किया। वीडियो पर कंगना रनौत ने लिखा- 'शुक्रिया तापसी, विमल इलाइची फिल्मफेयर अवॉर्ड की तुम हकदार हो। तुमसे अधिक इसे कोई डिजर्व नहीं करता।'

दिशा ने दिखाया दिलकश मूव्स

'आइसक्रीम' गाने पर डांस कर जीत रही है दिल

अपने जबरदस्त ग्लैमरस अवतार के लिए अक्सर चर्चा में रहने वाली ऐक्ट्रेस दिशा पाटनी का एक नया वीडियो इस वक्त सुर्खियां बटोर रहा है। इस वीडियो में दिशा सेलेना गोमेज के फेमस सॉन्ग 'आइसक्रीम' पर दिलकश अदाएं दिखाती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में सॉन्ग के साथ उनका ग्लमरस लुक बिल्कुल फिट दिख रहा है। इस वीडियो को फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं। दिशा का यह वीडियो उसी ड्रेस में हैं जिसमें उन्होंने हाल में ढेर सारी तस्वीरें शेयर की हैं। प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो दिशा पाटनी के हाथ में इस वक्त कई फिल्में हैं। इनमें से सलमान खान के साथ 'राधे : यॉर मोस्ट वॉन्टेड भाई' है, जो जल्द ही रिलीज होनेवाली है। इसके अलावा शाहिद कपूर के साथ 'योद्धा', 'मलंग 2', 'के टीना' और 'एक विलन रिटर्न्स' (जॉन अब्राहम व अर्जुन कपूर) में दिखने वाली हैं।



बच्चे को लग गयी काटने की लत, तो सुधारने के लिए अपनायें ये नुस्खे!

बच्चों को अक्सर काटने की आदत लग जाती है। कभी वो अपने साथ के बच्चों को काट लेते हैं तो कभी दूध पीते समय मां की ब्रेस्ट पर ही काट लेते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि बच्चों को ये काटने की आदत क्यों लगती है और इस बुरी आदत को आप कैसे छुड़ा सकती हैं।

क्यों काटते हैं बच्चे : बच्चे बोलकर तो अपनी बात कह नहीं पाते हैं और ऐसे में अपनी बात समझाते-समझाते, वो फ्रस्ट्रेट हो जाते हैं। इस फ्रस्टेशन को जाहिर करने के लिए बच्चे काटते हैं। भाई या बहन से अपनी पसंद का खिलौना न मिलने पर भी बच्चे खीझ में काटने लग जाते हैं। भूख लगने और थकान होने पर भी बच्चा काट सकता है। मां या अपने आसपास के व्यक्ति का ध्यान खींचने के लिए भी बच्चे काट लेते हैं। दांत निकलने पर भी बच्चे काटते हैं। इस समय बच्चों के मसूड़ों में दर्द होता है और काटने से थोड़ा आराम महसूस होता है।

क्या नॉर्मल है बच्चों का काटना

बच्चे दूसरों को ही नहीं, बल्कि खुद को भी काट लेते हैं। दांत निकलने पर या गुस्सा आने पर बच्चा खुद को काट सकता है। बच्चों में काटने की आदत होना नॉर्मल बात है और इसका आगे चलकर बच्चे के स्वभाव पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता है। हालांकि, बच्चों में इस बुरी आदत को छुड़ाना भी जरूरी होता है।



काटने की आदत कैसे छुड़ाये

बच्चे ने जिस इंसान को काटा है, उसके पास से उसे प्यार से दूर ले जाएं। बच्चे पर चिल्लाएं नहीं और न ही उसे डांटें। बच्चे को दूसरों के सामने डांटे नहीं। इससे वह रोने लग सकता है और न खुद शर्मिंदगी महसूस करें क्योंकि बच्चों का ऐसा करना तो नॉर्मल बात होती है। कई बार बच्चे एक ही चीज के ट्रिगर करने पर काटते हैं। आप उस ट्रिगर प्वाइंट का पता लगाएं और जितना हो सके उसे उस प्वाइंट से दूर रखें। बच्चे भूख लगने या थकान होने पर भी काटते हैं। ऐसे में सबसे पहले खाना खिलाएं या सुला दें।

बच्चे को कैसे समझायें

आप बच्चे को प्यार से समझाएं कि काटना या दूसरों को चोट पहुंचाना बुरी बात है। गुस्से में उन्हें अपने किसी दोस्त को काटना नहीं चाहिए। बच्चों को सही और गलत के बीच पहचान करना नहीं आता है और ये आप ही उसे समझा सकते हैं। जब बच्चा बोलने लग जाता है, तो वह अपनी बात आसानी से कह पाता है और अब उसे अपनी बात समझाने के लिए काटने की जरूरत नहीं पड़ती है। आप बच्चे में लैंग्वेज स्किल्स डेवलप करने की कोशिश करें। जैसा कि हमने पहले भी बताया कि कई बार बच्चे दांत आने पर काटना शुरू कर देते हैं क्योंकि इससे उन्हें आराम मिलता है। ऐसे में आप बच्चे के लिए टीथिंग टॉय रखें। बच्चा इसे दांतों से चबाकर दांत निकलने पर होने वाले दर्द को कम कर सकता है और फिर उसे काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी।